CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 16°C

देहरादून, बुधवार 15 अक्टूबर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 68 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com कार्तिक कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 22 रबी उल सानी 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



आजम खां ने ठुकराई वाई श्रेणी की सुरक्षा पेज 2




केएल राहुल का अर्धशतक, भारत ने पूरी की जीत की औपचारिकता खेल टाइम्स



बिहार विधानसभा चुनाव: पीके को नजरअंदाज करना भूल होगी सम्पादकीय



गाजा में इजरायल ने मचाई 13 परमाणु बमों जितनी तबाही: यूएन पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### सितम्बर में थोक महंगाई दर घटकर 0.13 प्रतिशत हुई

**नई दिल्ली।** सितम्बर महीने में थोक महंगाई दर में मामूली गिरावट देखी गई। इस दौरान खाने-पीने की चीजों, ईंधन और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में नरमी दिखी। इसके असर से थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) घटकर 0.13 प्रतिशत पर पहुंच गई। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों में इसकी पुष्टि हुई। थोक महंगाई दर अगस्त में 0.52 प्रतिशत तथा पिछले वर्ष सितम्बर में 1.91 प्रतिशत थी। उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सितम्बर 2025 में थोक महंगाई के सकारात्मक रहने का कारण खाद्य उत्पादों, गैर-खाद्य वस्तुओं, परिवहन उपकरणों और कपड़ों के विनिर्माण कीमतों में वृद्धि है। थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में सितम्बर में 5.22 प्रतिशत की गिरावट दिखी। अगस्त में इसकी कीमतें 3.06 कम हुई थी। इस दौरान सब्जियों की कीमतों में गिरावट देखी गई। सब्जियों की कीमतों में सितम्बर में 24.41 प्रतिशत की नरमी आई।

### कर्नाटक में मालूर विस का चुनाव रद्द पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के मालूर विधानसभा का चुनाव रद्द करने वाले कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश पर मंगलवार को रोक लगाते हुए पुनर्मतगणना का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाले कांग्रेस विधायक नानजेगौड़ा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंघवी की दलीलें सुनने के बाद यह निर्देश दिया। पीठ के समक्ष उन्होंने दलील दी कि उच्च न्यायालय ने चुनाव याचिका में सात मुद्दे तय किए थे, लेकिन एक पर भी फैसला नहीं सुनाया। इस दलील पर शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के उक्त आदेश पर रोक लगाई।

### वरिष्ठ पुलिस अफसरों के घर गिफ्ट ले जाने पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस मुख्यालय ने अपने सभी अधिकारियों और कर्मियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि दीपावली के अवसर पर कोई भी पुलिसकर्मी या अधिकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों के आवास पर उपहार, मिठाई या फूल लेकर न जाए। पुलिस कमिश्नर कार्यालय से जारी इस सर्कुलर में कहा गया है कि इस निर्देश का उल्लंघन अनुशासनहीनता मानी जाएगी और इसे प्रतिकूल दृष्टि से देखा जाएगा। यह आदेश जिला पुलिस उपाधीक्षक (डीसीपी) मुख्यालय-द्वितीय बी. भारत रेड्डी द्वारा जारी किया गया है।

### नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा बलों ने किया दो आतंकियों को ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सेना ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए दो आतंकियों को मार गिराया। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा व्यवस्था की कड़ी सतर्कता के बीच सेना ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। अधिकारियों को भारी बर्फबारी के कारण पहाड़ी दर्रे बंद होने से पहले ऐसी कोशिशों में बढ़ोतरी की आशंका है।


# भारत एक महान देश, मोदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त: ट्रम्प

**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सामने की प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ**

शर्म अल शेख, वार्ता

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि भारत एक महान देश है और मेरे एक बहुत अच्छे दोस्त वहीं शीर्ष पर हैं।

उन्होंने शानदार काम किया है। ट्रम्प ने यह बयान मिस्र के शहर शर्म अल-शेख में हुए विश्व नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान दिया, जो गाजा में युद्धविराम समझौते के बाद आयोजित किया गया था। गाजा में युद्धविराम समझौते के बाद मिस्र में आयोजित वैश्विक नेताओं के शिखर सम्मेलन में ट्रम्प ने पीएम मोदी को अपना बहुत अच्छा मित्र करार दिया और भारत की तारीफ की। ट्रम्प ने कहा कि भारत एक महान देश है और उसके शीर्ष पर मेरा एक बहुत अच्छा मित्र है, जिसने शानदार काम किया है। मुझे लगता है कि भारत और पाकिस्तान अब बहुत अच्छे से साथ रहेंगे। बता दें कि इस दौरान खास बात यह रही कि जब ट्रम्प पीएम मोदी की तारीफ कर रहे थे तब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ उनके पीछे ही खड़े थे। मोदी की तारीफ करते समय ट्रम्प ने शहबाज की ओर



भी देखा। इस पर शरीफ ने मुस्कुराते हुए ट्रम्प की बात का स्वागत किया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वर्षों की पीड़ा और रक्तपात के बाद, गाजा में युद्ध समाप्त हो गया है। अब मानवीय सहायता पहुंच रही है, जिसमें सैकड़ों ट्रक भरकर भोजन, चिकित्सा उपकरण और अन्य सामग्री शामिल है, जिसका अधिकांश भुगतान इस कमरे में बैठे लोगों द्वारा किया जा रहा है। नागरिक अपने घरों को लौट रहे हैं। बंधकों का पुनर्मिलन हो रहा है... एक नए और खूबसूरत दिन को उगते देखना बहुत ही सुंदर है और अब पुनर्निर्माण शुरू हो रहा है। इस दौरान ट्रम्प ने गाजा शांति शिखर सम्मेलन में कहा कि यह मध्य पूर्व से परे दुनिया के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण है। हम सभी इस बात पर सहमत हैं कि गाजा का समर्थन लोगों के उत्थान के लिए ही किया जाना चाहिए। लेकिन हम अतीत में हुए रक्तपात, घृणा या आतंक से जुड़ी किसी भी चीज को वित्तपोषित नहीं करना चाहते। हम इस बात पर भी सहमत हैं कि गाजा के पुनर्निर्माण के लिए यह आवश्यक है कि इसे विसैन्यीकृत किया जाए और गाजा में लोगों के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए एक नए ईमानदार नागरिक पुलिस बल की स्थापना की जाए।

# दिल्ली-NCR में ग्रैप-1 लागू

- बढ़ते प्रदूषण को लेकर उठाया गया कदम
- 211 दर्ज किया गया एक्यूआई, लगेंगी पाबंदियां

**नई दिल्ली।** राजधानी में वायु प्रदूषण बढ़ने के साथ ही ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का पहला चरण मंगलवार से लागू कर दिया गया है।

मंगलवार को दिल्ली का एक्यूआई 211 (खराब श्रेणी) में दर्ज किया गया। इसके अलावा, आईएमडी के पूर्वानुमान में भी आने वाले दिनों में एक्यूआई के खराब श्रेणी में बने रहने की भविष्यवाणी की गई है। आमतौर पर ग्रैप-1 तब लागू किया जाता है, जब शहर का एक्यूआई 200 के पार पहुंच जाता है। ग्रैप-1 लागू होने के बाद होटलों और रेस्तरां में कोयले और लकड़ी के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा पेट्रोल के पुराने और डीजल वाहनों के संचालन पर सख्त निगरानी रखी जाएगी। साथ ही निर्माण और विध्वंस गतिविधियों में धूल शमन उपायों और सीएंडडी कचरे के ठोस पर्यावरण प्रबंधन पर निर्देशों का उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

# यूपी के 14.82 लाख राज्य कर्मियों को दिवाली गिफ्ट

## योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बोनस देने का किया ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के शुभ अवसर पर राज्य कर्मचारियों को बड़ा उपहार देते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बोनस देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय कर्मचारियों के परिश्रम और निष्ठा के प्रति राज्य सरकार की सराहना का प्रतीक है।



यह निर्णय कर्मचारियों के परिश्रम और निष्ठा के प्रति राज्य सरकार की सराहना का प्रतीक है: सीएम योगी

प्रदेश की प्रगति में सरकारी कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और सरकार हर स्तर पर उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, राज्य सरकार के कर्मचारियों को उत्पादकता असम्बद्ध बोनस अनुमन्य किया गया है। यह बोनस मासिक परिलब्धियों की अधिकतम सीमा 7,000 के आधार पर 30 दिनों की परिलब्धियों का आगणन करते हुए दिया जाएगा, जिससे प्रत्येक पात्र कर्मचारी को 6,908 रुपये का लाभ मिलेगा। दीपावली से पहले यह आर्थिक लाभ कर्मचारियों के परिवारों के लिए आनंद और उत्साह लेकर आएगा तथा शासन- प्रशासन में नई ऊर्जा का संचार करेगा। इस निर्णय से राज्य सरकार के लगभग 14 लाख 82 हजार कर्मचारी लाभान्वित होंगे, जिस पर कुल व्ययभार लगभग 1,022 करोड़ आएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि पात्र कर्मचारियों को बोनस का भुगतान समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए ताकि सभी परिवार इस पर्व को उल्लासपूर्वक मना सकें।

### सीएम योगी महिलाओं को देंगे निःशुल्क सिलेंडर का उपहार

- आज लोकभवन सभागार में योजना का करेंगे शुभारंभ

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और वंचित परिवारों को राहत देते हुए दो निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर रिफिल देने का निर्णय लिया है।

सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार को लोकभवन सभागार में इस योजना का शुभारंभ करेंगे और पात्र महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर रिफिल का उपहार सौंपेंगे। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरुआत मई 2016 में की गई थी, ताकि वे ग्रामीण और वंचित परिवार जो अब तक लकड़ी, कोयला, गोबर के उपले जैसे पारंपरिक ईंधन का उपयोग कर रहे थे, उन्हें एलपीजी जैसे स्वच्छ ईंधन की सुविधा मिल सके। इस योजना ने ग्रामीण भारत की रसोई को न केवल धुएं से मुक्त किया, बल्कि महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को भी कम किया।

# भारत से युद्ध लड़ने की स्थिति में नहीं पाक

## पहलगाम जैसी हरकत दोहराई, तो अंजाम होंगे भयावह

**जम्मू/नई दिल्ली।** पश्चिमी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर 2.0 पहले से अधिक घातक और शक्तिशाली होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान भारत से युद्ध लड़ने की स्थिति में नहीं है, लेकिन वह पहलगाम जैसी कायराना हरकतों की फिर कोशिश कर सकता है।

पत्रकारों से बात करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने कहा कि इस बार जो कार्रवाई होगी वह पहले से कहीं ज्यादा घातक होगी। इसमें कोई संदेह नहीं है। पाकिस्तान की हजार घावों से भारत को कमजोर करने की नीति अब भी जारी है, और भारतीय सेना इसके खिलाफ पूरी तरह तैयार है। जनरल कटियार के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने पाकिस्तान के कई पोस्ट और एयरबेस तबाह कर दिए थे। लेकिन वह फिर से कोई साजिश कर सकता है। हमें सतर्क रहना होगा और हम पूरी तरह तैयार हैं। पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान फिर से पहले जैसी हरकत करने की कोशिश कर सकता है, लेकिन उसमें हमारे सामने खुलकर लड़ने की हिम्मत नहीं है। भारतीय सेना पूरी तरह सतर्क है और किसी भी हमले को नाकाम करने के लिए तैयार है। इसके -शेष पृष्ठ दो पर

**पाकिस्तान को चेतावनी**




- पश्चिमी सेना के कमांडर का ऐलान
- ऑपरेशन सिंदूर 2.0 होगा ज्यादा घातक,
- कैसे ध्वस्त किए थे पाक में आतंकी ठिकाने डीजीएमओ ने दिखाए सबूत

### कुछ देश खुलेआम अंतर्राष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन कर रहे: राजनाथ

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में आयोजित संयुक्त राष्ट्र सैन्य योगदान देने वाले देशों के प्रमुखों के सम्मेलन को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संबोधित किया। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत के लिए, शांति स्थापना कभी भी एक विकल्प नहीं रही, बल्कि एक आस्था का विषय रही है। हमारी आजादी के आरंभ से ही, भारत अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के संयुक्त राष्ट्र के मिशन में उसके साथ मजबूती से खड़ा रहा है। हम सभी जानते हैं कि शांति स्थापना एक सैन्य मिशन से कहीं बढ़कर है, यह एक साझा जिम्मेदारी है। यह हमें याद दिलाता है कि संघर्षों और हिंसा से ऊपर मानवता है, जिसे बनाए रखने की जरूरत है और इसीलिए जब युद्ध और अभाव से त्रस्त लोग ब्लू हेल्मेट्स को देखते हैं, तो उन्हें यह एहसास होता है कि दुनिया ने उन्हें त्यागा नहीं है।

# देश में इस बार 110 साल की तीसरी सबसे तेज ठंड पड़ेगी

## हिमालय का 86 फीसदी हिस्सा बर्फ से ढका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में इस बार तेज ठंड पड़ेगी, क्योंकि ऊपरी हिमालय का 86 फीसदी हिस्सा समय से दो महीने पहले ही बर्फ से ढक गया है। पिछले दिनों आए वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण पूरे हिमालय पर तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस कम बना हुआ है। इस वजह से ताजा बर्फ फिलहाल पिघल नहीं रही। यह अच्छा संकेत है।

दिसम्बर में ला नीना सक्रिय हो रहा है, जो प्रशांत महासागर के तापमान के सामान्य से ठंडा होने की एक मौसमी घटना है। इसके कारण भारत में अच्छी बारिश और ज्यादा ठंड पड़ती है। ऊपरी हिमालय यानी 4 हजार फीट से ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में औसत तापमान माइनस 15डिग्री सेल्सियस या उससे भी कम रहता है। ला नीना के कारण उत्तर, मध्य और पूर्वी भागों में औसत तापमान 3-4 डिग्री सेल्सियस तक और गिर सकता है। मध्य प्रदेश में ठंड ने समय से पहले दस्तक दे दी है। भोपाल में मिनिमम टेम्परेचर 15.8डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ, जो सामान्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस कम है। भोपाल में यह तापमान पिछले 26 साल में अक्टूबर के पहले पखवाड़े में तीसरी बार इतना कम रिकॉर्ड हुआ है। इधर,




- मप्र-राजस्थान में रात का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा

राजस्थान में दिन और रात के तापमान में अंतर नजर आने लगा है। सीकर में रात का मिनिमम टेम्परेचर 15डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। उत्तराखंड में केदारनाथ धाम के ऊपरी हिस्सों पर पहाड़ों पर बर्फ जमने लगी है। डा. मेहता के मुताबिक ताजा बर्फबारी ने ग्लेशियरों की सेहत दुरुस्त होने के भी संकेत दिए हैं। हिमालय पर तापमान कम होने के चलते इस बार बर्फ पिघल नहीं रही। इससे ग्लेशियर 5 साल के लिए रिचार्ज हो जाएंगे। पूरे उत्तर भारत की नदियों के स्रोत नहीं सूखेंगे। सिक्किम, कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल से लेकर नेपाल तक पूरे उच्च हिमालय पर सफेद बर्फ की चादर बिछी हुई है।

# चलती बस में लगी भीषण आग

## 10 से 12 लोगों के जिंदा जलने की आशंका

**जैसलमेर।** जैसलमेर से जोधपुर जा रही एक निजी बस मंगलवार दोपहर अचानक भीषण आग की चपेट में आ गई। हादसे में तीन बच्चों और चार महिलाओं समेत करीब 15 यात्री झुलस गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि गंभीर रूप से झुलसे यात्रियों को जोधपुर रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक, इस हादसे में प्रथम दृष्ट्या करीब 10 से 12 लोगों के जिंदा जल जाने की आशंका है। जैसलमेर हादसे पर सीएम भजनलाल ने दुख जताया है।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

।।शुभ मुहूर्त आया- होण्डा साथ लाया।।
धनतेरस व दीपावली की बुकिंग करने पर पायें निश्चित उपहार
पहले आओ......पहले पाओ.........
पहली बार ऐसे बम्पर ऑफर का लाभ उठायें
धनतेरस व दीपावली की शुरूआत की 200 बुकिंग पर पायें आकर्षक उपहार और Honda की Shine100 बाईक जीतन का सुनहरा मौका
जल्दी करें कहीं यह बम्पर ऑफर का मौका हाथ से छूट ना जाये।
HONDA
धनतेरस बुकिंग पर स्क्रैच कूपन द्वारा निश्चित उपहार



अंश होण्डा
जानसठ रोड, निकट एस.डी. इंजिनियरिंग कॉलेज मुजफ्फरनगर-251001 (उ.प्र.)
9634444261, 7060922671

## संक्षिप्त समाचार

### न्याय पाने को भटक रहा है पूरन कुमार का परिवार: प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि आत्महत्या करने वाले हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार के परिवार के सदस्य न्याय पाने के लिए दर दर भटक रहे हैं, लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। श्रीमती वाड्रा ने मंगलवार को यहां सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आईपीएस अधिकारी की आत्महत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित किया जाना चाहिए, लेकिन परिवार के लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है। वे दर दर की ठोकरें खा रहे हैं, मगर उनकी बात को नहीं सुना जा रहा है। उन्होंने लिखा- हरियाणा के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार ने हाल ही में जातिगत उत्पीड़न से तंग आकर आत्महत्या कर ली थी। उनका परिवार न्याय के लिए भटक रहा है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### दीपावली के मद्देनजर नेपाल सीमा पर अलर्ट

**बस्ती।** दीपावली के पर्व एवं अयोध्या दीपोत्सव के मद्देनजर भारत-नेपाल सीमा पर अलर्ट जारी किया गया है। बस्ती परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) संजीव त्यागी ने मंगलवार को कहा कि बस्ती परिक्षेत्र का सिद्धार्थनगर जिला नेपाल सीमा से सटा हुआ है। सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवान निरन्तर चौकसी बरत रहे हैं। 20 अक्टूबर को अयोध्या में दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। इस दौरान बस्ती जिले में भी सुरक्षा के लिए अलर्ट जारी किया गया है। सीमा से सटे सभी थाने, चौकियां सतर्क रहेंगी और हर आने-जाने पर पैनी निगाह रखेंगी।

## नगरों में तीव्र गति से बदल रहा विकास का स्वरूप

# यूपी में बनेगी व्यापक शहरी पुनर्विकास नीति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ हमारे नगर केवल इमारतों का समूह नहीं, बल्कि जीवंत सामाजिक संरचनाएं हैं: सीएम योगी

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के नगरों के तीव्र गति से बदलते विकास स्वरूप को देखते हुए अब एक व्यापक शहरी पुनर्विकास नीति की आवश्यकता है। यह नीति केवल भवनों के पुनर्निर्माण तक सीमित न रहकर शहरों के समग्र पुनर्जागरण का मार्ग प्रशस्त करेगी।

हमारे नगर केवल इमारतों का समूह नहीं, बल्कि जीवंत सामाजिक संरचनाएं हैं। इनके पुनर्जीवन के लिए ऐसी नीति आवश्यक है, जो आधुनिकता, परंपरा और मानवता तीनों का संतुलित समन्वय करे। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को आवास विभाग की बैठक में कहा, नई नीति का उद्देश्य पुराने, जर्जर और अनुपयोगी क्षेत्रों को आधुनिक शहरी बुनियादी ढांचे, पर्याप्त सार्वजनिक सुविधाओं और पर्यावरणीय संतुलन के साथ विकसित करना है। नीति में ऐसे प्रावधान किए जाएं, जिनसे निवास योग्य, सुरक्षित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित नगरों का निर्माण सुनिश्चित हो। उन्होंने निर्देश दिए कि नीति में भूमि पुनर्गठन, निजी निवेश को प्रोत्साहन, पारदर्शी पुनर्वास व्यवस्था और प्रभावित परिवारों की आजीविका की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। हर परियोजना में 'जनहित सर्वोपरि' की भावना हो तथा किसी की संपत्ति या जीविका पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। इसके लिए न्यायसंगत और मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाए। सीएम योगी ने कहा, नई नीति में राज्य स्तरीय पुनर्विकास प्राधिकरण, परियोजनाओं की सिंगल विंडो अप्रूवल प्रणाली व पीपीपी मॉडल को प्राथमिकता दी जाए। निवेशकों को स्पष्ट दिशा-निर्देश, प्रोत्साहन और सुरक्षा दी जाए, ताकि निजी क्षेत्र पुनर्विकास में सक्रिय भागीदारी कर सके। साथ ही हर परियोजना में हरित भवन मानक, ऊर्जा दक्षता और सतत विकास के प्रावधान अनिवार्य किए जाएं। नगरों की ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। पुराने बाजारों, सरकारी आवास परिसरों, औद्योगिक क्षेत्रों और अनधिकृत बस्तियों के लिए क्षेत्रवार अलग रणनीति तैयार की जाए।

### ग्राम पंचायतों की समृद्धि आत्मनिर्भर भारत की नींव: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि ग्राम पंचायतों की समृद्धि ही आत्मनिर्भर भारत की नींव है। सरकार का लक्ष्य है कि हर ग्राम पंचायत सेवा, स्वच्छता और स्वावलंबन की प्रतीक बने। उन्होंने कहा कि पंचायतें केवल प्रशासनिक इकाइयां नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास की आत्मा हैं। इन इकाइयों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पारदर्शिता, तकनीक और स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पारदर्शिता और तकनीकी उपयोग के माध्यम से ग्राम पंचायतों की राजस्व प्राप्ति और जनसेवा की गुणवत्ता दोनों में सुधार सुनिश्चित किया जाए। विकास प्राधिकरणों के अतिरिक्त जिला पंचायतों के अधीन क्षेत्रों में भवन मानचित्र स्वीकृति के लिए जिला पंचायतों के पास दक्ष मानव संसाधन की उपलब्धता होनी चाहिए। इसके लिए प्रत्एक जिला पंचायत में सिविल इंजीनियर अथवा आर्किटेक्ट की तैनाती की व्यवस्था की जाए, जिससे स्थानीय निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने के लिए ग्राम सचिवालयों में आधार केंद्र खोलने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड निर्माण, संशोधन, बायोमेट्रिक अपग्रेडेशन आदि कार्यों के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराई जाए, जिससे नागरिकों को सुविधा मिले।

# आजम खां ने ठुकराई वाई श्रेणी सुरक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ पूर्व कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ सपा नेता ने कहा: लिखित आदेश न मिलने तक नहीं लूंगा सुविधा

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां ने वाई श्रेणी की सुरक्षा लेने से इन्कार कर दिया है। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार की ओर से लिखित आदेश नहीं मिलता, तब तक वह सुरक्षा स्वीकार नहीं करेंगे।

जेल से रिहा होने के बाद आजम ने कहा कि उन्हें सुरक्षा दिए जाने की कोई आधिकारिक जानकारी या दस्तावेज नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों से उन्होंने कहा है कि पहले वह सरकार का आदेश लेकर आएं, तभी वह इस व्यवस्था को मानेंगे। सपा नेता ने कहा कि जब एक बार के विधायक को केंद्र सरकार के कमांडो मिल सकते हैं, तो मुझे केवल वाई श्रेणी की सुरक्षा क्यों दी गई है। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि वाई श्रेणी की सुरक्षा में गाड़ी और अन्य खर्च का प्रावधान होता है, जिसका खर्च वह देने की स्थिति में नहीं हैं। जेल से बाहर आने के बाद से आजम लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं।

अब सुरक्षा को लेकर दिया गया यह बयान एक बार फिर राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया है। सपा नेता पूर्व में 27 माह तक सीतापुर जेल में रहे थे। उस वक्त जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद उनको सुरक्षा वापस दे दी थी,लेकिन उस वक्त सपा नेता ने सुरक्षा वापस कर दी थी। 23 माह बाद जेल से रिहा होने के सपा नेता आजम खां को पूर्व में दी गई वाई श्रेणी की सुरक्षा को वापस कर दिया गया है। वह छह पुलिस कर्मियों की निगरानी में चौबीस घंटे रहेंगे। सपा नेता आजम खां दस बार के विधायक, एक बार के लोकसभा सदस्य व राज्यसभा के सदस्य के साथ ही पांच बार प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। 2012-2017 तक कैबिनेट मंत्री रहे आजम खां की मुश्किलें भाजपा सरकार आने के बाद 2019 से बढ़नी शुरू हुई थीं। उन पर कानूनी शिकंजा कसता चला गया। एक के बाद एक सौ से ज्यादा मुकदमे दर्ज हुए। डूंगरपुर, यतीमखाना बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी व डकैती के साथ ही मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हुए। 23 माह पहले उन्हें बेटे के जन्म प्रमाणपत्र के मामले में कोर्ट से सजा हुई थी, जिसके बाद बेटे अब्दुल्ला आजम खां व पत्नी डॉ. तजीन फात्मा के साथ जेल चले गए थे।

हालांकि अब सभी जमानत पर रिहा हो चुके हैं। उनको डूंगरपुर केस में भी सजा हो चुकी है। फिलहाल 23 माह बाद 23 सितम्बर को सीतापुर जेल से रिहा हो गए थे। जेल जाने से पहले उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी, जिसे अब वापस कर दिया गया है। पुलिस अफसरों के मुताबिक वाई श्रेणी की सुरक्षा के तहत पांच पुलिस कर्मियों की एक गारद आवास पर तैनात होगी, जबकि तीन सुरक्षा कर्मी सपा नेता के साथ रहेंगे। वहीं एसपी विद्या सागर मिश्र ने कहा कि सपा नेता को पहले से ही वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी। इसे खत्म नहीं किया गया था। अब फिर से सुरक्षा दे दी गई है।

# सूचना का अधिकार सिर्फ कागजों पर जिंदा: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने जनता के शासन प्रशासन के कामकाज की जानकारी लेने वाले सूचना के अधिकार कानून को सिर्फ काग. जों पर जिंदा रखा है, लेकिन इसे व्यावहारिक रूप से खत्म कर दिया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने इसको लेकर एक अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र में विस्तार से लेख लिखकर कहा है कि यह कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार का क्रांतिकारी विचार था, लेकिन जनता के इस अधिकार को मोदी सरकार ने किस तरह से ध्वस्त कर दिया है, उसका विवरण इस लेख में है। खेड़ा ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने लेख के बारे में जानकारी देते हुए मंगलवार को बताया, कागजों पर तो आरटीआइ जिंदा है, लेकिन व्यवहारिक तौर से मोदी सरकार ने इस क्रांतिकारी विचार की मशीनरी को ध्वस्त कर दिया है, जिसने कानून के जरिए ताकतवर लोगों को कमजोर लोगों के प्रति जवाबदेह बनाया था। मैं मोदी सरकार द्वारा आरटीआइ कानून को कुचले जाने पर लिख रहा हूं।

# उप्र में आठ सालों के दौरान 256 दुर्दांत अपराधी ढेर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ राज्य के 18 पुलिसकर्मी भी इस अवधि में मुठभेड़ों में वीरगति को प्राप्त हुए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने पिछले आठ सालों में 256 दुर्दांत अपराधियों को पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया है। इस दौरान 18 पुलिसकर्मी भी वीरगति को प्राप्त हुए हैं।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि पुलिस ने मिशन शक्ति 5-0 के तहत पिछले बीस दिनों में एक दर्जन से अधिक मुठभेड़ों में कई अपराधियों को मार गिराया, जबकि कई को हॉफ एनकाउंटर में दबोचा। पुलिस ने बीते सोमवार को मेरठ में एक बच्ची के साथ दरिंदगी के मामले में 25 हजार के इनामी बदमाश शहजाद उर्फ निक्की को ढेर किया, जबकि कुछ दिन पहले बरेली में अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग करने वाले बदमाशों को करारा जवाब दिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश पुलिस ने पिछले साढ़े आठ वर्षों में अपराध और अपराधियों के खिलाफ ताबड़तोड कार्रवाई करते हुए एनकाउंटर में 256 दुर्दांत अपरधियों को मुठभेड़ में ढेर कर यमलोक पहुंचाया है। इस दौरान पुलिस ने कुल 15,726 मुठभेड़ की कार्रवाइयां कीं, जिनमें 31,960 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। एनकाउंटर की कार्रवाई में 10,324 अपराधी घायल हुए। वहीं अपराधियों से लोहा लेते हुए 18 पुलिसकर्मी शहीद हो गए जबकि 1,754 पुलिसकर्मी घायल हुए। सूत्रों के अनुसार प्रदेश में सबसे अधिक मुठभेड़ मेरठ ज़ोन में दर्ज की गई, जहां पुलिस ने 4,453 कार्रवाई की। इस कार्रवाई में 8,312 अपराधी दबोचे गए जबकि 3,131 अपराधी घायल हुए। वहीं 85 कुख्यात अपराधियों को मौके पर ही मार गिराया गया। इस दौरान 461 पुलिसकर्मी घायल हुए जबकि अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए दो पुलिसकर्मी शहीद हो गए। एनकाउंटर कार्रवाई ने पूरे प्रदेश में मेरठ जोन पहले स्थान पर रहा है। इसी तरह, वाराणसी ज़ोन में 1,108 मुठभेड़ हुईं, जिनमें 2,128 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 27 अपराधियों को मुठभेड़ में ढेर किया गया। इस दौरान 688 अपराधी और 99 पुलिसकर्मी घायल हुए।

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 82029.98
निफ्टी 25145.50



सोना रु. 120845
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 184100
प्रति किलो



# वैश्विक तनाव से लगातार दूसरे दिन लुढ़के शेयर

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका और चीन के बीच व्यापार तनाव के मद्देनजर मंगलवार को भारत समेत दुनिया के सभी देशों में शेयर बाजारों में गिरावट रही। सुबह लगभग 250 अंक की तेजी के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स अंत में 297.07 अंक (0.36 प्रतिशत) लुढ़ककर 82,029. 98 अंक पर बंद हुआ।

सूचकांक में लगभग 800 अंकों का उतार-चढ़ाव देखा गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचक. ांक भी पिछले कारोबारी दिवस के मुकाबले 81.85 अंक यानी 0.32 प्रतिशत नीचे 25,145.50 अंक पर बंद हुआ। सोमवार को भी बाजार में गिरावट रही थी। कारोबारियों के मुताबिक अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते व्यापारिक तनाव को देखते हुए निवेशकों ने शेयरों से पैसे निकालकर सोना और डेट में निवेश किया। इससे शेयर बाजार दबाव में रहे। बाजार में बिकवाली चौतरफा रही और एनएसई के सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। बैंकिंग, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, रियलिटी, फार्मा, धातु, एफएमसीजी, सार्वजनिक बैंक और स्वास्थ्य सेक्टरों पर अधिक दबाव रहा।

एनएसई में जिन 3,197 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 2,266 के शेयर लुढ़क गए। वहीं 836 कंपनियों के शेयर हरे निशान में बंद हुए जबकि 95 के अपरिवर्तित रहे। मझौली और छोटी कंपनियों पर अधिक दबाव देखा गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.92 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 में 0.89 प्रतिशत की गिरावट रही। सेंसेक्स की 30 में से 23 कंपनियों के शेयर लाल निशान में और अन्य सात के हरे निशान में बंद हुए। बजाज फाइनेंस में सबसे अधिक 1.80 प्रतिशत, बीईएल में 1.76, टाटा स्टील में 1. 71 और टीसीएस में 1.56 प्रतिशत की गिरावट रही। एनटीपीसी का शेयर 1.40 फीसदी, ट्रेंट का 1.38, एशियन पेंट्स का 1. 22 और एक्सिस बैंक का 1.08 फीसदी गिरकर बंद हुआ। सनफार्मा, टाटा मोटर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एलएंडटी, भारतीय स्टेट बेंक, अडानी पोर्ट्स आईटीसी और मारुति सुजुकी के शेयर भी लाल निशान में रहे। टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 1.25 प्रतिशत की तेजी रही।

आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी हरे निशान में रहे। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 2.58 फीसदी, हांगकांग का हैंगसेंग 1.73 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.62 प्रतिशत टूट गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.98 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.26 प्रतिशत नीचे था।

## स्वास्थ्य और सावधि जीवन बीमा की खरीद में जबरदस्त वृद्धि

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा को कर मुक्त करने के बाद इनकी मांग तेजी से बढ़ी है। ऑनलाइन बीमा कंपनी पॉलिसीबाजार ने मंगलवार को बताया कि सितम्बर 2025 की तुलना में अक्टबूर में मांग में औसत वृद्धि ने कोरोना महामारी के दौरान देखी गई वृद्धि को पीछे छोड़ दिया है। उसके प्लेटफॉर्म पर स्वास्थ्य बीमा की मांग में 1.7 गुना और सावधि (निश्चित समय के लिए) जीवन बीमा की मांग में 1.8 गुना वृद्धि हुई है। पीबी फिनटेक समूह के ज्वाइंट ग्रुप सीईओ सरबवीर सिंह ने कहा जीएसटी कटौती की घोषणा ने छिपी हुई मांग को सक्रिय कर दिया है। उन्होंने स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर कर शून्य करने के सरकार के फैसले को एक प्रगतिशील सुधार बताया, जो अनगिनत परिवारों को आश्वस्त करता है और उद्योग को पूरे आत्मविश्वास के साथ देश के हर कोने तक तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करता है।

# चावल, चीनी मजबूत, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेहूं की कीमत में लगभग टिकाव रहा। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया जबकि चीनी महंगी हुई।विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 39 रिंगिट घटकर 4,460 रिंगिट प्रति टन रह गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत तीन रुपए बढ़कर 3,855.64 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं का भाव 2,853 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग अपरिवर्तित रही। आटे की कीमत आठ रुपए बढ़ी और यह 3,303.82 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 13 रुपए और सोया तेल की 31 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल 25 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वहीं सूरजमुखी तेल के दाम कमोबेश स्थिर रहे। वनस्पति 30 रुपए और मूंगफली तेल 87 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत 33 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। मसूर दाल भी 23 रुपए महंगी हुई। तुअर दाल 193 रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुई। मूंग दाल की औसत कीमत तीन रुपए प्रति क्विंटल घट गई, जबकि उड़द दाल के भाव में टिकाव रहा। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत दो रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी सात रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**भारत से युद्ध...** लिए हमें खासकर पूर्व सैनिकों और जनता के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने दोहराया कि जब तक पाकिस्तान की सोच नहीं बदलती, तब तक इस तरह की हरकतें होती रहेंगी, लेकिन भारतीय सेना हर मोर्चे पर मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तत्पर है। वहींभारतीय सेना के डायरेक्टर जनरल मिलिट्री ऑपरेशंस (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि अगर हम मुरीदके की बात करें, तो यह लश्कर-ए-तैयबा का मुख्य आतंकी ठिकाना है। स्क्रीन पर जो भारतीय वायुसेना की स्ट्राइक दिख रही है, वह वहीं की है। इसमें पहले और बाद की तस्वीरें हैं, जिनमें कुछ अहम आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर तबाह किया गया है। उन्होंने बताया कि ये हमले सात मई की सुबह के शुरुआती घंटों में किए गए थे। इन स्ट्राइक में 100 से ज्यादा आतंकवादियों को मार गिराया गया। इसके अलावा, बहावलपुर में भी ऐसे ही हमले किए गए। उन्होंने वहां की पहले और बाद की सैटेलाइट तस्वीरें दिखाईं, जिनमें साफ देखा जा सकता है कि रॉकेट और मिसाइलें कहां जाकर लगीं। लेफ्टिन जनरल राजीव घई ने कहा कि इन इलाकों में आतंकियों और पाकिस्तानी सेना के बीच का खुला गठजोड़ साफ दिखाई दिया। यह इतनी स्पष्टता से दिखा कि हमें भी हैरानी हुई कि उन्होंने कोई एहतियात नहीं बरती। तस्वीरें खुद सारी कहानी बयान कर रही हैं। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित एक आतंकी को मारे गए आतंकियों की जनाजे की नमाज पढ़ाते हुए देखा गया। इतना ही नहीं, पाकिस्तान सेना की चार कोर के जीओसी (जनरल ऑफिसर कमांडिंग) और कई अन्य बड़े अधिकारी भी इस जनाजे में शामिल हुए थे। डीजीएमओ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की समस्या 1980 के दशक के अंत में शुरू हुई थी। तबसे अब तक 28 हजार से ज्यादा आतंकी घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि 1990 के दशक से अब तक अल्पसंख्यक समुदाय के एक लाख से अधिक लोगों को घाटी छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिनमें करीब 60 हजार परिवार शामिल हैं। इस पूरे दौर में 15,000 से अधिक निर्दोष नागरिकों और 3,000 से ज्यादा सुरक्षा बलों के जवानों की जान जा चुकी है।

## आत्महत्या करने वाले केरल के युवक के मुद्दे पर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने केरल में आरएसएस के लोगों के कथित दुर्व्यहार के बाद एक युवक के आत्महत्या करने की घटना के विरोध में मंगलवार को यहां प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि संघ की शाखाएं अब शोषण का अड्डा बन गई हैं। युवा कांग्रेस के प्रवक्ता वरुण पांडे ने बताया कि प्रदर्शन के लिए सगठन के सदस्य बड़ी संख्या में सुबह से उनके कार्यालय पर पहुंच गए थे। प्रदर्शन शुरु होने से पहले ही वहां युवकों का जमवाड़ा हो गया था और जैसे ही युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब ने यात्रा शुरु करने की इजाजत दी बड़ी संख्या में युवक हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर सरकार के विरोध में नारे लगाते हुए संगठन के मुख्यालय के बाहर एकत्रित हो गए।

# उप्र: कफ सिरप बनाने में हो रही अनदेखी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ कई फर्म जुगाड़ से चल रही हैं, तो कुछ ने अपने आवश्यक दस्तावेज भी पूरे नहीं किए

**लखनऊ।** प्रदेश में कफ सिरप बनाने के मानकों की अनदेखी हो रही है। कई फर्म जुगाड़ से चल रही हैं, तो कुछ ने आवश्यक दस्तावेज भी पूरे नहीं किए हैं। यह खुलासा हुआ है विभिन्न फर्मों की जांच में। अब केंद्रीय टीम भी उत्तर प्रदेश में निगाह गड़ा दी है। सोमवार को इस टीम ने हापुड़ में पांच नमूने लिए। यह टीम अन्य जिलों में भी रैंडम जांच करेगी। राजस्थान एवं मध्य प्रदेश में कफ सिरप से बच्चों की मौत के बाद उत्तर प्रदेश में भी जांच अभियान चलाया गया है। प्रदेश में मौजूद कफ सिरप बनाने वाली 37 कंपनियों में 17 सिरप निर्माण में लगी हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने इनकी जांच की। निर्मित सिरप के साथ ही कच्चे माल के भी नमूने लिए गए हैं। अब तक विभिन्न कंपनियों करीब 780 नमूने लैब में भेजे गए हैं। इनकी जांच शुरू हो गई है। इस बीच विभिन्न जिलों से आई जांच रिपोर्ट का आकलन किया गया, तो नतीजे चौकाने वाले मिले हैं। कंपनियों में स्वच्छता के मानकों की अनदेखी पाई गई है। निर्धारित उपकरणों का अभाव, कई जरूरी दस्तावेज भी नहीं मिले हैं। ऐसे में लखनऊ, सहारनपुर, मथुरा और अलीगढ़ की एक-एक कंपनी में सिरप निर्माण कार्य रोक दिया गया है। अन्य को नोटिस जारी किया गया है। सिरप और कच्चे माल के नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित फर्म के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दवाओं की गुणवत्ता जांचने के लिए एफएसडीए की केंद्रीय टीम सोमवार से उत्तर प्रदेश में पहुंच गई है। हापुड़ में सिरप निर्माण में लगी फर्म की जांच की गई। मौके से पांच नमूने लिए गए हैं। आयुक्त और उप आयुक्त स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में गठित यह टीम स्थानीय औषधि निरीक्षक के साथ अलग-अलग जिलों में जाएगी। निर्माण में लगी कंपनी के साथ ही मेडिकल स्टोर से भी कफ सिरप के नमूने लेगी। इन नमूनों की जांच के बाद संबंधित निर्माता फर्म के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लखनऊ में बरामद कोडिन कफ सिरप का बाजार पूरे प्रदेश में फैला है। पकड़े गए आरोपियों ने स्वीकार किया था कि उनके कारोबार के केंद्र में दवा से ज्यादा नशे में प्रयोग करने वाले हैं। ऐसे में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने लखनऊ के मेडिकल स्टोरों से मिले दस्तावेजों की पड़ताल की, तो कई जिलों में यहां से बड़ी खेप पहुंची है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए सीएम ने दिए 196 करोड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिटकुल द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु राज्य सरकार की वार्षिक योजना के अन्तर्गत ए०डी०बी० वित्त पोषित बाह्य सहायतित योजना में संचालित परियोजनाओं हेतु प्रावधानित बजट के सापेक्ष 105.09 करोड की धनरा. शि अवमुक्त किये जाने का अनुमा. `दन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा उरेडा की सप्तेश्वर लघु जल विद्युत परियोजना (300 कि० वा०) के सिविल इलेक्ट्रोमैकेनिकल एवं विद्युत पारेषण लाईन के कार्यों हेतु 119.97 लाख की योजना की स्वीकृति का भी अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने माध्यमिक शिक्षा विभागान्तर्गत शैक्षिक सत्र 2025-26 से गेम चेंजर योजनान्तर्गत राज्य के राजकीय एवं राजकीय सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों (प्रारम्भिक एवं माध्यमिक) में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं को प्रत्येक शैक्षिक सत्र में निःशुल्क नोटबुक उपलब्ध कराये जाने हेतु 52.84 करोड़ स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा जनपद हरिद्वार के रूड़की में निर्माणाधीन ऑटोमेटेड ड्राईविंग टेस्ट ट्रैक के ऑटोमेशन कार्य हेतु 4.47 करोड़, मसूरी पुनर्गठन पम्पिंग पेयजल योजना के पुनरीक्षित प्राक्कलन पर व्यय वित्त (नियोजन विभाग) द्वारा संस्तुत/परीक्षित लागत के तहत अवशेष धनरशि 19.69 करोड़, जनपद टिहरी गढ़वाल में भिलंगना विकासखण्ड के अन्तर्गत घनसाली शहर की भिलंगना नदी से बाढ़ सुरक्षा कार्य हेतु 3.18 करोड़, जनपद बागेश्वर के विकासखण्ड कपकोट में सरयू नदी से बाढ़ सुरक्षा योजना हेतु 4.85 करोड़ के साथ जनपद उत्तरकाशी में आयी भीषण आपदा को दृष्टिगत रखते हुए 5 करोड़ की धनराशि की स्वीकृति का अनुमोदन प्रदान किया गया है।



## भव्य होगा पोषण माह अभियान का समापन : रेखा आर्या

**देहरादून।** राष्ट्रीय पोषण माह-2025 का समापन समारोह आगामी 17 अक्टूबर को होगा और इसमें सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस अवसर पर प्रदेश भर से आंगनबाड़ी कार्यकत्री और विभिन्न महिला प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में बच्चों और महिलाओं के उचित पोषण को बढ़ावा देने के लिए श्री अन्न योजना, सुनहरे 1000 दिन योजना, अन्नप्राशन और गोद भराई जैसे विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे। इसके साथ ही पोषण किट और महालक्ष्मी किट का वितरण भी किया जाएगा ताकि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ किया जा सके। बैठक में विभागीय सचिव चंद्रेश कुमार, निदेशक बंशी लाल राणा, उपनिदेशक विक्रम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# नौकरियां मिलीं: 1456 अभ्यर्थियों को सीएम ने प्रदान किये नियुक्ति पत्र

## 1347 सहायक अध्यापक, 109 समीक्षा व सहायक समीक्षा अधिकारियों की नियुक्ति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड की धामी सरकार युवाओं को सरकारी नौकरी देने को लेकर गंभीरता दिखा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को दून मेडिकल कॉलेज, पटेल नगर में 1456 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इसमें लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित 109 समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी और उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चयनित 1347 सहायक अध्यापक (एल.टी. ) शामिल हैं। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, विधायक विनोद चमोली, सचिव रविनाथ रमन, दीपेन्द्र चौधरी एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह अवसर नियुक्ति अभ्यर्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, साथ ही राज्य के उज्ज्वल भविष्य की नींव निर्धारण के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने नवनियुक्त युवाओं से अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण की भावना के साथ करने की अपेक्षा करते हुए कहा कि अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी राज्य की शासन व्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण आधार उसका प्रशासनिक तंत्र होता है। सचिवालय को राज्य की शासन व्यवस्था का मस्तिष्क कह सकते हैं, क्योंकि यहीं पर नीतियां बनती हैं, निर्णय लिए जाते हैं और विकास परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का खाका तैयार किया जाता है। इस पूरी व्यवस्था को प्रभावी बनाने में समीक्षा अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब एक बच्चे को अच्छी शिक्षा मिलती है, तो वह अपने जीवन को बेहतर बनाने के साथ समाज और देश के लिए भी अमूल्य योगदान देता है। शिक्षक के कर्तव्य है कि वे बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ ही उनके भीतर समाज और देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना का भी संचार करें, जिससे वे अच्छे नागरिक बन सकें।

### बीआरपी व सीआरपी की भी होगी नियुक्तिः डॉ. रावत

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा शिक्षा विभाग में नियुक्तियों का सिलसिला लगातार जारी रहेगा जल्द ही बीआरपी, सीआरपी, बेसिक अध्यापकों और चतुर्थ श्रेणी में नियुक्तियां प्रदान की जायेगी। उन्होंने नियुक्ति प्राप्त करने वाले सभी अध्यापकों से कहा कि सबको दुर्गम क्षेत्रों में नियुक्ति प्रदान की जा रही है। कुछ साल सभी को अनिवार्य रूप से दुर्गम क्षेत्रों में सेवाएं देनी है।

### पारदर्शी व्यवस्था व मेरिट पर नौकरियों के अवसर: सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले चार सालों में राज्य में 26 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी में सेवायोजित किया जा चुका है। यह संख्या राज्य के गठन के पश्चात् से पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल में मिली कुल नौकरियों से दो गुना से भी अधिक हैं। आज हमारे युवा पारदर्शी व्यवस्था और मेरिट के आधार पर सरकारी नौकरियों में अवसर पा रहे हैं। हाल ही में हरिद्वार के एक परीक्षा सेंटर पर एक व्यक्ति द्वारा नकल का एक प्रकरण सामने आया था। सरकार ने तुरंत एक्शन लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया और मामले की जांच के एसआईटी का गठन किया। युवाओं के हितों की रक्षा के लिए और युवाओं की मांग पर सीबीआई जांच की संस्तुति प्रदान कर पेपर को निरस्त करने का भी निर्णय लिया।

# सड़कों के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री ने दिए 161 करोड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र मसूरी के अनारवाला मालसी मोटर मार्ग पर अतिक्रमण हटाने के पश्चात् उपलब्ध भूमि पर मार्ग पुर्ननिर्माण कार्य हेतु 3.19 करोड़, जनपद बागेश्वर के विधानसभा क्षेत्र बागेश्वर के गरखेत से तल्ला मेजु. लिया तक मोटर मार्ग के निर्माण मार्ग निर्माण हेतु 1.01 करोड़, जनपद पौड़ी के विधानसभा क्षेत्र लैंसडाउन नैनीडांडा के अन्तर्गत कोटा से पिन्जोली तक मोटर मार्ग निर्माण हेतु 83.34 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री द्वारा इस वित्तीय वर्ष के लिए लोक निर्माण विभाग हेतु चालू निर्माण कार्य वृहद निर्माण मद में 155 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा एस.सी.एस.पी. के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र काशीपुर में ग्राम दोहरी वकील में आईआईएम के सामने नमो रेस्टोरेंट से बूटा सिंह आदि के घरों तक मार्ग निर्माण कार्य हेतु 50.16 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। शासन द्वारा इन योजनाओं से सम्बन्धित शासनादेश भी निर्गत कर दिए गये हैं।

# श्रमिकों के कल्याण के लिए 11.50 करोड़ डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** श्रम विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सख्त निर्देश दिए कि राज्य के सभी मनरेगा श्रमिकों को शीघ्रता पूर्वक भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत आच्छादित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और इसमें किसी प्रकार की शिथिलता या विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। बैठक में सचिव श्रीधर बाबू अदाकी, अपर सचिव विनीत कुमार व श्रम विभाग एवं भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अगले तीन महीनों के भीतर कम से कम 5 से 6 लाख श्रमिकों को बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत किया जाए। उन्होंने कहा कि श्रमवीरों के कल्याण के लिए संचालित योजनाएं तभी प्रभावी सिद्ध होंगी जब अधिकतम श्रमिक इन योजनाओं से सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि श्रम विभाग एवं बोर्ड के अधिकारियों का यह दायित्व है कि वे प्रत्येक श्रमिक तक पहुँच बनाएं और उन्हें सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं एवं सुविधाओं की पूरी जानकारी प्रदान करें। कई बार जानकारी के अभाव में पात्र श्रमिक योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं, जो किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि श्रमिकों के कल्याण से जुड़ी किसी भी योजना में लापरवाही या ढिलाई नहीं की जानी चाहिए। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं की जानकारी पंचायत स्तर तक पहुँचाई जाए और श्रमिकों के पंजीकरण की प्रक्रिया को अभियान रूप में चलाया जाए। राज्य सरकार श्रमवीरों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए संकल्पबद्ध है। श्रमिकों की मेहनत और समर्पण ही राज्य की प्रगति की वास्तविक नींव है, और ऐसे में सरकार का दायित्व है कि उन्हें हर संभव सुरक्षा, सुविधा और सम्मान प्रदान किया जाए।

### मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा

" राज्य का विकास हमारे श्रमिक भाइयों-बहनों के परिश्रम पर आधारित है। उनके कल्याण में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। सभी मनरेगा श्रमिकों को कल्याण बोर्ड के अंतर्गत लाना हमारा लक्ष्य ही नहीं, यह सरकार की जिम्मेदारी है। मेहनत हमारी ताकत है, एकता हमारी पहचान है। राज्य सरकार हमारे परिश्रमी श्रमवीरों के हर सुख-दुःख की सहभागी है। उनका कल्याण ही हमारी सरकार का सर्वोच्च लक्ष्य है। बोर्ड से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वे श्रमिकों के उत्थान हेतु हर संभव प्रयास करें और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए समर्पण के साथ कार्य करें।"

# 'भाजपा नेताओं से बेटी बचाओ' का नारा देने की जरूरतः माहरा

## भाजपा नेता के दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार होने पर कांग्रेस ने पार्टी को घेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि एक और भाजपा का नेता दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार हुआ है। माहरा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले दिनों भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री हिमांशु चमोली के कारण हमारे प्रदेश के युवा जितेंद्र कुमार ने आत्महत्या कर ली थी।



माहरा ने कहा कि भाजपा ने देशभर में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा दिया, मगर देवभूमि उत्तराखंड में हालात ऐसे हैं कि अब जनता खुद पूछ रही है कि आखिर बेटी को किससे बचाना है? क्योंकि एक-एक करके भाजपा नेताओं और पदाधिकारियों के नाम उन जघन्य अपराधों में सामने आ रहे हैं, जिनसे समाज का सिर शर्म से झुक जाता है। अंकिता भंडारी की हत्या को कौन भूल सकता है? उस निर्दोष बेटी की हत्या में भाजपा के पूर्व राज्यमंत्री का बेटा शामिल था। वह मामला आज भी न्याय की राह देख रहा है, लेकिन सत्ता ने अपने लोगों को बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। ये वही बेटी थी जो अपने परिवार का सहारा बनना चाहती थी, लेकिन उसे सत्ता के संरक्षण में पल रहे दरिंदों ने छीन लिया। इसके बाद भी घटनाओं की श्रृंखला थमी नहीं। संतरेसा में एक मासूम बच्ची के साथ बलात्कार और हत्या हुई और आरोपी कौन निकला? भाजपा के ओबीसी मोर्चा का पदाधिकारी।

एक ऐसी पार्टी जो मंचों से संस्कारी भारत का सपना दिखाती है, उसी के भीतर ऐसे अपराधी बेखौफ बैठे हैं। माहरा ने कहा कि चंपावत में भाजपा का मंडल अध्यक्ष नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में जमानत पर बाहर है। सल्ट में भी यही कहानी। वहां भी भाजपा का मंडल अध्यक्ष एक किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में जमानत पर है। इन सब मामलों में सरकार की चुप्पी किसी मौन स्वीकृति जैसी लगती है। लालकुआँ के दुग्ध संघ के चेयरमैन की करतूतें भी कम नहीं थीं। नौकरी का झांसा देकर महिला का शोषण करता रहा, और पार्टी ने तब तक आंखें मूंदे रखीं जब तक मामला सुर्खियों में नहीं आया। हरिद्वार में तो भाजपा की एक पदाधिकारी ने अपनी ही बच्ची के साथ हैवानियत की हदें पार कर दीं। अब सवाल यह है कि जब सत्ता के भीतर बैठे लोग ही अपराध के प्रतीक बन जाएं, तब आम बेटियों की सुरक्षा किससे होगी? उन्होने कहा कि उत्तराखंड की जनता अब समझ चुकी है कि भाजपा का 'बेटी बचाओ' नारा दरअसल 'भाजपा नेताओं से बेटी बचाओ' की हकीकत में बदल चुका है। ये देवभूमि है, यहां की मिट्टी में आस्था है, मगर सत्ता के गलियारों में अब शर्म और जवाबदेही दोनों गायब हैं। सरकार का मौन ही उसकी सबसे बड़ी स्वीकारोक्ति बन चुका है।

## उत्तराखंड में पहली बार सफल ड्यूल ट्रांसकैथेटर वाल्व रिप्लेसमेंट

**देहरादून।** श्री महन्त इन्दिरेश अस्पताल में कार्डियोलॉजी विभाग में प्रोफेसर एवं हेड यूनिट 1 डॉ साहिल महाजन ने एक ऐसी चिकित्सा उपलब्धि हासिल की है, जिसने हृदय रोग उपचार के नए आयाम खोल दिए हैं। अस्पताल में पहली बार ड्यूल ट्रांसकैथेटर वाल्व रिप्लेसमेंट ;(ट्रांसकैथेटर वाल्व इन वाल्व एओर्टिक इम्प्लांटेशन विद सेल्फ एक्सपेंडिंग वाल्व और ट्रांसकैथेटर मिट्रल वैल्व इम्प्लांटेशन विद बलून एक्सपैंडेबल वाल्व ) की जटिल और दुर्लभ प्रक्रिया को बिना चीरा लगाए प्रोफेसर डॉ साहिल महाजन एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मयंक अग्रवाल द्वारा पूरी तरह सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया। श्री महन्त इन्दिरेश अस्पताल के चेयरमैन श्रीमहन्त देवेन्द्र दास महाराज ने इस उपलब्धि पर कार्डियोलॉजी विभाग को बधाई दी। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के डॉक्टरों की यह उपलब्धि उत्तराखंड ही नहीं बल्कि पूरे उत्तरी भारत के लिए मील का पत्थर साबित हुई है। यह प्रक्रिया उन मरीजों के लिए जीवनदान साबित हो रही है। जिन्हें पहले सर्जिकल ड्यूल वाल्व रिप्लेसमेंट हो चुका है।

# बाल आयोग की बैठक में कई ज्वलंत मुद्दों पर मथन

## बाल आयोग अध्यक्ष डॉ गीता की अध्यक्षता में हुई सीडब्लयूसी, जेजेबी, व चाइल्ड हेल्पलाइन के साथ समीक्षा बैठक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ गीता खन्ना की अध्यक्षता में मंगलवार को आईसीडीएस, सभागार, नन्दा की चौकी में बाल कल्याण के अंतर्गत संचालित संस्थाओं की बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी), किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी), एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के साथ एक समन्वय व समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य राज्य में बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा, बाल अपराधों की रोकथाम तथा संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा।

बैठक में आयोग के सचिव डॉ. शिव कुमार बरनवाल, अनुसचिव डॉ. सतीश कुमार सिंह, मुख्य परिवीक्षा अधिकारी अंजना गुप्ता, डब्लूसीडी उत्तराखण्ड, अध्यक्ष/सदस्य, बाल कल्याण समिति हरिद्वार, सभी जनपदों की बाल कल्याण समिति ने आन-लाईन/आफ-लाईन प्रतिभाग किया गया, जिसमें निम्न पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा- बाल कल्याण समिति के नवगठित सदस्यों को कार्यों के निर्वहन के लिए प्रशिक्षण की स्थिति की जानकारी ली गई। सीप. ीओ महिला कल्याण अंजना गुप्ता ने बताया कि राज्य के सभी जनपदों में प्रशिक्षण कार्य पूर्ण करा लिया गया है। पोक्सो मामलों में वृद्धि-विभिन्न जनपदों से रिपोर्ट प्राप्त हुई कि 12 से 17 वर्ष के किशोरों के घर से भागने की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिनका प्रमुख कारण सोशल मीडिया और ऑनलाइन गेमिंग की लत है। पोक्सो अधिनियम के अंतर्गत दर्ज मामलों की संख्या में भी तेजी से वृद्धि होना बताया गया है। स्पॉन्सरशिप योजना की स्थिति-अनाथ बच्चों को छः माह बाद भी योजनाओं का लाभ न मिलने की समस्या उठाई गई। सीपीओ द्वारा बताया गया कि मिशन वात्सल्य के पोर्टल पर पंजीकरण के बाद ही लाभ दिया जा रहा है और जल्द ही सभी पात्र बच्चों के खातों में राशि पहुंचाई जाएगी। पोक्सो से पीडित बालिकाओं को आर्थिक सहायता या अन्य कोई लाभ दिये जाने के सम्बन्ध में सीपीओ ने बताया कि पोक्सो से पीड़ित बालिकाओं को एफआईआर व मेडिकल रिपोर्ट की प्रति संलग्न कर प्रति माह 6000 की आर्थिक सहायता वर्ष 18 की होने तक प्रदान की जा रही है।



### बाल आयोग अध्यक्ष ने दिए कई अहम निर्देश

बाल आयोग अध्यक्ष डॉ गीता खन्ना द्वारा सभी जनपदों को दिये गये कि प्रत्येक माह की 10 तारीख तक फॉर्म 46 (पृष्ठ संख्या 272, जेजेबी पुस्तक) के अनुसार रिपोर्ट तैयार कर डीपीओ के माध्यम से आयोग को प्रेषित की जाए, सभी रिपोर्ट को बाक्स फाइल में संग्रहित करते हुये आयोग को भी प्रेषित की जाये, महिला कल्याण विभाग व सीडब्ल्यूसी की संयुक्त मासिक बैठक सुनिश्चित की जाए, जनपद में मेलों में बाल कल्याण समिति का स्टॉल लगाकर योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए, सभी डीपीओ द्वारा बाल कल्याण समिति को 6 सीयूजी नंबर उपलब्ध कराए जाएं, अनाथ व पीड़ित बच्चों को कौशल विकास योजना से जोड़ा जाए तथा एकल माता को भी राज्य योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाए, पोक्सो पीड़ितों को समय पर सहायता राशि मिले और मामलों के निस्तारण के उपरांत भी काउंसलिंग जारी रखी जाए, चाइल्ड केयर संस्थानों से जुड़े मामलों में डीपीओ द्वारा जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ त्रैमासिक बैठक की जाए तथा कार्यवाही रिपोर्ट आयोग को भेजी जाए। आयोग अध्यक्ष डा गीता खन्ना द्वारा समीक्षा बैठक में बाल अधिकारों की सुरक्षा, बच्चों का हित, तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में एक सार्थक कदम उठाने पर जोर दिया गया तथा बाल कल्याण समिति को बच्चों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए सभी कार्य शीघ्रता से पूरे किए जाने के लिए निर्देशित किया गया।

# मकानों पर नंबर प्लेट लगाने के टिहरी व उत्तरकाशी के आदेश रद्द

## सरकारी कार्यों में स्थानीय लोगों को सर्वोच्च प्राथमिकता का निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मकानों पर नंबर प्लेट लगाने के संबंध में जिला पंचायतराज अधिकारी, टिहरी गढ़वाल एवं उत्तरकाशी द्वारा जारी आदेशों को तत्काल प्रभाव से रद्द करने के साथ ही मामले की पूरी जांच कराने और दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि टिहरी गढ़वाल एवं उत्तरकाशी जिले के जिला पंचायतराज अधिकारियों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन आदि कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार करने हेतु मकानों पर नम्बर प्लेट लगाने का कार्य एक बाहरी व्यक्ति को देने से संबंधित पत्र सोशल मीडिया में वायरल हुए थे। मुख्यमंत्री ने उक्त प्रकरणों का संज्ञान लेते हुए इस संबंध में अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि सरकार के संकल्प के अनुरूप सभी योजनाएँ और कार्यक्रम जनहित, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ लागू होने आवश्यक हैं। सभी कार्यों में स्थानीय लोगों के रोजगार और हितों का पूरा ध्यान रखने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने दोहराया कि रू. 10 करोड़ तक के सरकारी अधिप्राप्तियों में स्थानीय लोगों को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने हेतु सरकार के द्वारा जारी आदेशों का हर स्तर पर सख्ती से अनुपालन किया जाए।

- **वायरल पत्र का सीएम धामी ने लिया संज्ञान : दिए जांच के निर्देश**
- **सीएम धामी के निर्देश पर डीपीआरओ के आदेश किये गए निरस्त**

# पर्यटन की सभी विधाओं पर तेज गति से हो रहा कामः महाराज

## उदयपुर में राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के पर्यटन मंत्रियों के दो दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून/उदयपुर।** पर्यटन क्षेत्र भारत के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान देता है, क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देता है और देश के सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान देने की क्षमता रखता है। हमारा प्रयास है कि देवभूमि उत्तराखंड को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान मिले तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और आजीविका के अवसर बढ़ें।



यह बात उत्तराखण्ड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने उदयपुर में पर्यटन व संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की और से मंगलवार से शुरू हुए दो दिवसीय 'राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के पर्यटन मंत्रियों के सम्मेलन' में सहभागिता करते हुए कही। उन्होंने उत्तराखंड की समृद्ध आध्यात्मिक और प्राकृतिक धरोहर को राष्ट्रीय मंच पर साझा करने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश के पर्यटन क्षेत्र को और गति देने के लिए जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार नए-नए पर्यटन गंतव्यों को विकसित करने में लगे हैं वहीं दूसरी ओर उत्तराखंड में भी प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पर्यटन की सभी विधाओं पर निरंतर तेज गति से काम हो रहा है। महाराज ने कहा कि उत्तराखण्ड पर्यटन अब जल, थल और आकाश तीनों क्षेत्रों में नये-नये कार्यक्रम लेकर आगे बढ़ रहा है। उत्तराखण्ड में भूमि साहसिक के क्रम में हाई अल्टीट्यूड मैराथन का आयोजन किया जा रहा है, जो पवित्र आदि कैलाश (4700 मी.) की ऊँचाई पर होगा। इसके अलावा जल साहसिक के तहत वॉटर फेस्टिवल, एको फेस्टिवल जैसे आयोजन और पर्यटकों के लिए नई गतिविधियाँ प्रारम्भ की जा रही हैं। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत सहित विभिन्न राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों से आए पर्यटन मंत्रियों के साथ देश में सांस्कृतिक विरासत संरक्षण और पर्यटन विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

# गांव में अनियमित विद्युत आपूर्ति, सांकरी में लो वोल्टेज

**▪ –सीजीआरएफ के सांकरी शिविर में बिल, नए कनेक्शन, लाइन शिफ्टिंग समेत अन्य से जुड़ी 21 शिकायतें दर्ज,– लाइन न बनने से ग्रामीणों में रोष –सांकरी और सौड़ में लो वोल्टेज से पर्यटन को नुकसान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच उत्तरकाशी के सांकरी बाजार में आयोजित शि. विर में हरकीदून घाटी के अधिकांश गांव में अनियमित विद्युत आपूर्ति की शिकायतें दर्ज हुई। इस दौरान सांकरी और सौड़ पर्यटन गांव में लो वोल्टेज में सुधार की मांग की गई। शिविर में बिल, नए कनेक्शन, मीटर चेंज, लाइन शिफ्टिंग समेत अन्य से जुड़ी 21 शिकायतें दर्ज हुई। इधर, शिविर में पँचगाई क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं ने करोड़ों खर्च करने के बाद बंद पड़े सब स्टेशन शुरू करने की मांग उठाई।

यूपीसीएल बड़कोट डिविजन के मोरी क्षेत्र के दुर्गम गांव की विद्युत आपूर्ति, गुणवत्ता और सेवा से जुड़ी समस्याओ के निराकरण को सीजीआरएफ उत्तरकाशी ने सांकरी बाजार में शिविर आयोजित किया। शिविर में तकनीकी सदस्य भूपेंद्र कनेरी और संतोष भट्ट ने उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी। कहा कि सतत, सुचारू और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपभोक्ताओं को देना विभाग की जिम्मेदारी है। इस दौरान सांकरी सौड़ की प्रधान अंजना रावत, चौन सिंह रावत, अर्जुन सिंह ने क्षेत्र में घण्टों विद्युत कटौती और लो वोल्टेज की शिकायत दर्ज कराई। कहा कि पर्यटन क्षेत्र में उक्त समस्या से नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके अलावा गंगाड निवासी राजपाल सिंह, मयाल सिंह आदि ने बड़ासु पट्टी के पांच गांव तालुका, डाटमीर, गंगाड, ओसला, पवाणी में पिछले एक साल से अनियमित विद्युत आपूर्ति बनी हुई है। जबकि ग्रामीण से भारी भड़कम फिक्सड चार्ज वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरकीदून घाटी पर्यटन के लिहाज से महत्वपूर्ण है, लेकिन यहां विद्युत आपूर्ति ठप पड़ी है। इसी तरह सिरगा के पूर्व प्रधान दर्शन सिंह ने सिरगा और पूर्ति गांव में विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त होने से आपूर्ति जल्द शुरू करने की शिकायत दर्ज कराई। जबकि जयेंद्र सिंह, चन्द्र सिंह ने नए कनेक्शन को छह माह पूर्व आवेदन करने पर भी कनेक्शन नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई। अमित सिंह, जगपाल सिंह आनन्द रावत ने सर्विस केबिल तय मानक से दूर देने, खतरा बन रही झूलती तार को ठीक करने की मांग की। साथ ही फीताड़ी निवासी अजित पाल सिंह रावत अधिक बिल देने की शिकायत दर्ज कराई है। इस दौरान ज्ञानपुर लाल, वीरेंद्र रावत, जसपाल आर्य, रजन सिंह, श्रवण सिंह, विजेंद्र सिंह रावत, आदि मौजूद रहे।

**छह माह से नहीं उतरा चेक मीटर**

शिविर में बिजली उपभोक्ताओं ने खराब मीटर समय पर न बदलने, कनेक्शन देने के बाद मीटर न लगने तथा चेक मीटर छह माह से न हटाने पर विभाग के प्रति गहरी नाराजगी जाहिर की। मंच ने जेई और एई मीटर मीटर को समस्या का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही उपभोक्ताओं को समय पर मीटर लगाने के निर्देश दिए।

**बंद पड़े सब स्टेशन का मामला फिर उठा**

शिविर में उपभोक्ताओं ने पंचंगाई क्षेत्र के 65 गांव के लिए करोड़ों रुपये से बने गैच्वान गांव सब स्टेशन की जगह नए सब स्टेशन की मांग उठाई। उपभोक्ता ने कहा कि सब स्टेशन शुरू न होने के कारण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। साथ ही फीडर लम्बा होने के कारण लाइन लॉस के साथ ही बड़े फॉल्ट से विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहती है। ऐसे में जल्द नया सब स्टेशन सांकरी क्षेत्र में बनाया जाए। ताकि हरकीदून घाटी, पर्वत क्षेत्र और आसपास के इलाकों में सुचारू विद्युत आपूर्ति रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने सरस मेले की सांस्कृतिक संध्या में की शिरकत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने सरस मेले के आठवें दिन आयोजित सांस्कृतिक संध्या में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मेले में लगी विभिन्न प्रदर्शनियों और स्टालों का निरीक्षण किया।

उत्पादों की गुणवत्ता, बिक्री व्यवस्था और स्थानीय कारीगरों के कार्यों की जानकारी ली। मंत्री रावत ने कहा कि सरस मेला न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाता है बल्कि स्थानीय उत्पादों को व्यापक पहचान दिलाने का उत्कृष्ट मंच भी प्रदान करता है।

उन्होंने मेले में उपस्थित कारीगरों और स्वयं सहायता समूहों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण महिला उद्यमिता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हैं।



मंत्री ने सांस्कृतिक संध्या के दौरान प्रस्तुति देने वाले कलाकारों से मुलाकात की और उनके साथ समूह चित्र भी खिंचवाए।

रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल, पीडी डीआरडीए पी.एस. चौहान, डीडीओ मो. असलम, ईई लघु सिंचाई बृजेश गुप्ता, बीडीओ नरेंद्रनगर श्रुति वत्स सहित अनेक अधिकारी, जनप्रति. निधि, मीडिया प्रतिनिधि, स्कूली बच्चे और बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महेश गुसाईं ने किया।

# तहसील में गरजे निगम कर्मचारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** राज्य निगम कर्मचारी अधिकारी महासंघ ने मंगलवार को सार्वजनिक निगम, निकाय, संस्थान एवं उपक्रमों में कार्यरत संविदा, उपनल, आउटसोर्स विशेष श्रेणी, दैनिक वेतन, पीटीसी कार्मिकों को नियमित करने सहित अन्य मांगों को लेकर तहसील श्रीनगर में धरना प्रदर्शन किया। निगम कर्मचारियों ने कहा कि यदि जल्द से मांगों पर सकारात्मक कार्यवाहीं नहीं होती है तो वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। कहा कि लम्बे समय से निगमों में संविदा, उपनल, आउटसोर्स में लगे कर्मचारियों को नियमतिकरण किए जाने की मांग की जा रही है, लेकिन सरकार के ओर से इस पर कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई है। उन्होने सार्वजनिक निगम, निकाय, संस्थानों, उपक्रमों में संरचनात्मक ढाँचों का पुर्नगठन करते हुए रिक्त पदों को शीघ्र भरे जाने, सार्वजनिक निगमों में जॉब वर्क के नाम पर ठेकेदारी प्रथा को शीघ्र समाप्त किया जाने, मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक के अनुसारराज्य कर्मचारियों के हित में होने वाले सभी शासनादेशों को सार्वजनिक निगमों निकायों संस्थानों में यथावत लागू किया जाने, वेतन विसंगति समिति की रिपोर्ट कार्मिकों के हित में शीघ्र सार्वजनिक किया जाने, एसीपी 10, 16, 26 पूर्व की भाँति सभी निगमों में शीघ्र अनुमन्य कराया जाने, न्यायालय द्वारा समय-समय पर पारित आदेशों को शीघ्र लागू किए जाने, सार्वजनिक निकायों, निगमों, संस्थानों में वर्ष 2014 के पश्चात कार्यरत सभी कार्मिकों को पेंशन लागू किए जाने, एमएसीपी में 1900 रूपये ग्रेड पे को समाप्त कर 2000 रूपये किया जाने सहित अन्य मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही की मांग की। इस बाबत को लेकर महासंघ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।

# डीएम संदीप तिवारी के स्थानांतरण पर दी भावपूर्ण विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** जिलाधिकारी संदीप तिवारी का निदेशक समाज कल्याण के पद पर स्थानांतरण होने के बाद मंगलवार को जिला कार्यालय में राजस्व विभाग सहित तमाम जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कार्मिकों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने सीमांत जनपद चमोली में 13 माह तक अपनी बहुमूल्य सेवाएं दी। उन्होंने 7 सितम्बर 2024 को जनपद चमोली के जिलाधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था।



विदाई समारोह में मौजूद अधिकारियों ने जिलाधिकारी के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें एक कुशल प्रशासक और सीमांत जनपद चमोली में उनके कार्यकाल को स्वर्णिम बताया। अधिकारियों ने उनकी की सादगी और उनकी कार्यकुशलता को अविस्मरणीय बताया। कहा कि जिलाधिकारी के मार्ग निर्देशन में सीमांत जनपद में अनेक नवाचार विकास कार्यों को धरातल पर उतारने में सफलता मिली है। स्वास्थ्य एवं शिक्षा सहित अनेक क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय कार्य हुए। अधिकारियों ने कहा कि जिलाधिकारी की कार्यशैली हम सबके लिए प्रेरणादायक है। इस दौरान सभी अधिकारियों ने उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दी। दूसरी ओर से बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों, जन प्रतिनिधियों और पत्रकारों ने भी जिलाधिकारी को स्थानांतरण होने पर भावपूर्ण विदाई दी।

विदाई समारोह में जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने अपने सेवाकाल में अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मियों से मिले सहयोग और आम जनता के प्यार को सराहा और सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कार्यकाल के दौरान जिस तरह सभी का सहयोग मिला, वह हमेशा याद रहेगा। इस दौरान अपने सेवाकाल के अनुभवों को साझा करते हुए जिलाधिकारी ने पूरी टीम को अपनी शुभकामनाएं दी।

## एक नजर .......

### गूगल जेमिनी पर एक दिवसीय एक कार्यशाला का आयोजन

**कोटद्वार।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के बायोटेक वीडियो कांफ्रेंस हॉल में प्राचार्य प्रोफेसर डीएस नेगी की अध्यक्षता में महाविद्यालय के करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा पिक्सल और प्रॉन्प्ट गूगल जैमिनि विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गूगल स्टूडेंट एम्बेसडर, महाविद्यालय की बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा आरोही सिलमाना द्वारा गूगल जैमिनि की यूजर फ्रेंडली सुविधाओं का जीवंत प्रदर्शन किया गया। प्राचार्य द्वारा गूगल स्टूडेंट एम्बेसडर को ज्ञानवर्धक प्रस्तुति हेतु बधाइ दी गयी एवं भविष्य के लिए उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ ऋचा जैन ने कार्यक्रम के महत्व को समझाते हुए करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के आगामी कार्यक्रमों के विषय में जानकारी दी। इस अवसर पर करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के डॉ सुरेश कुमार, डॉ संजय मदान, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ प्रियम अग्रवाल, डॉ सोमेश ढौंडियाल एवं महाविद्यालय की डॉ रोशनी असवाल, डॉ रंजना सिंह और हेमराज उपस्थित रहे। महाविद्यालय के वर्तमान छात्र संघ पदाधिकारी विकास कुमार के साथ लगभग 70 से अधिक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर प्रियंका अग्रवाल द्वारा किया गया।

### सेवानिवृत्त वन अधिकारी कर्मचारी कल्याण समिति की मासिक बैठक में रखी गई विभिन्न समस्याएं

**कोटद्वार।** पनियाली स्थित अरण्य सभागार में सेवानिवृत्त वन अधिकारी कर्मचारी कल्याण समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के बाद प्रभागीय वनाधिकारी से मुलाकात कर मुद्दों को सुलझाने का आग्रह किया गया। समिति संरक्षक धीरज धर बछवाण की अध्यक्षता और अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पंत के संचालन में आयोजित बैठक में चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि घराट वन निगम डिपो के समीप स्थित पार्क बदहाल स्थिति में है, इसका जीर्णोद्धार किया जाना चाहिए। वहीं कण्वाश्रम के समीप स्थित चौकीघाटा नर्सरी वर्तमान में बंद है, उसे फिर से तैयार किया जाना चाहिए। कहा कि समिति पदाधिकारी विभाग का सहयोग करने हेतु हर समय तत्पर हैं। मौके पर कोरोना काल के दौरान रोकी गई कर्मचारियों की महंगाई भत्ते की किस्त को अवमुक्त करने की मांग भी की गई। चर्चा के बाद प्रभागीय वनाधिकारी को मांग संबधी ज्ञापन सौंपा गया। बैठक में पूर्व एसडीओ अनिल कुकरेती, एआर खान, सुरेश मधवाल, राजेंद्र बिष्ट, चंद्र किशोर असवाल, पूर्व रेंजर कैलाश चंद्र काला और पूर्व वन दरोगा विलोचन राणा सहित अन्य सेवा निवृत्त कर्मचारी, अधिकारी उपस्थित रहे।

### शिविर में 22 छात्रों को विकलांग प्रमाणपत्र निर्गत किए



**श्रीनगर।** समावेशित शिक्षा के अन्तर्गत विकासखण्ड खिर्सू और पाबौ के दिव्यांग बच्चों का उपकरण परीक्षण सहायता शिविर लगाया गया। इस मौके पर कानपूर से पहुंची एल्मिको कम्पनी ने बच्चों का उपकरण सहायता से परीक्षण कर चिह्नांकन किया गया। साथ ही डॉक्टर की टीम ने शिविर में 22 छात्र-छात्राओं को विकलांग प्रमाणपत्र निर्गत किये गये। 11 छात्र छात्राओं की यूआईडी भी बनाई गई। मंगलवार को विकासखंड खिर्सू के सभागार में शुरू हुए शिविर का शुभारंभ खिर्सू ब्लॉक प्रमुख अनिल भण्डारी ने किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख अनिल भण्डारी ने इस तरह के शिविर को लगाकर जरूरतमंद लोगों को सहायता प्रदान होती है। समय-समय पर इस तरह के शिविरों का आयोजन किया जाना आवश्यक है। बताया कि एल्मिको कम्पनी कानपुर में स्थित भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम है, जो भारत सरकार का एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। यह दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंग और अन्य सहायक उपकरणों के निर्माण और वितरण का काम करता है। शि. विर में सहायक समाज कल्याण अधिकारी पंकज द्वारा 11 बच्चों की यूआईडी बनाई गई। मौके पर कार्यक्रम के सहायक नोडल मुकेश काला, नवीन धारीवाल, संजय नौडियाल, जयदयाल चौहान, मुकेश बहुगुणा, सोनाली घरिया हिमानी, प्रियंका, रोहित देवराडी सहित आदि मौजूद थे।

# आवास योजना की किस्त नहीं मिलने पर पार्षदों ने किया रोष व्यक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत कई लोगों को आवास योजना की किस्त नहीं मिलने पर पार्षदों ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि नगर निगम व प्रशासन को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। कई परिवारों ने अपने परिचितों से पैसे उधार लेकर निर्माण कार्य को पूर्ण करवाया है। ऐसे में जल्द से जल्द लाभार्थियों को किस्त उपलब्ध करवाई जानी चाहिए। इस संबध में मंगलवार को वार्ड नंबर 37 झंडीचौड़ के पार्षद सुखपाल शाह के नेतृत्व में पार्षद भीम सिंह नेगी, मनोज शाह, श्रीधर प्रसाद बेलवाल व जगदीश प्रसाद ने नगर निगम



कार्यालय में पहुंचकर नगर आयुक्त पीएल शाह से मुलाकात कर उनको ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि गरीब को छत दिलवाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई गई है। नगर निगम के माध्यम से किस्तों में लाभार्थियों को दो लाख रुपये घर निर्माण के लिए दिए जाते हैं। लेकिन, भाबर क्षेत्र में अधिकांश लाभार्थियों को अंतिम किस्त उपलब्ध नहीं हुई है। लाभार्थी लगातार नगर निगम व प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं।

मजबूरी में कई लोगों ने ऋण लेकर अपने आवास का कार्य पूर्ण करवाया है। कहा कि प्रदेश सरकार ने भी पीएम आवास योजना पूर्ण करने वालों को किचन किट के लिए पांच हजार रुपये देने का वादा किया था। लेकिन अब तक यह धनराशि भी उपलब्ध नहीं हो पाई है। कहा कि लाभार्थियों के हित को देखते हुए धनराशि शीघ्र उपलब्ध करवाई जानी चाहिए।

# जान पर खेलकर मालिक ने बचाई कुत्ते की जान

**रुद्रप्रयाग।** रुद्रप्रयाग शहरवा. सियों को सांय ढलते ही गुलदार के आतंक का सामना करना पड़ रहा है। आये दिन गुलदार शहर के अलग-अलग इलाकों में दिखाई दे रहा है, जिसकी तस्वीरें सीसीटीवी कैमरों में कैद होने के बाद सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। बीती सांय को गुलदार ने शहर के भाणाधार-पुनाड़ में एक घर से कुत्ते को निवाला बनाने की कोशिश की तो मालिक ने गुलदार के मुंह से अपने पालतू जानवर को बचाया। घटना में कुत्ते के गले से लेकर शरीर के अन्य हिस्सों में 35 टांके लगे हैं।

# टॉपर छात्र 8 नवम्बर को कीर्तिनगर से रवाना होंगे गुजरातःकंडारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** देवप्रयाग विधानसभा के मेधावी छात्रों का प्रस्तावित भारत दर्शन भ्रमण कार्यक्रम छात्रों की परीक्षा के चलते स्थगित हो गया है। अब विधानसभा के टापर छात्र आगामी आठ नंवबर को भारत भ्रमण के लिए रवाना होंगे। देवप्रयाग विधानसभा के 100 टॉपर छात्र-छात्राएं आठ नवम्बर को कीर्तिनगर से गुजरात के लिए रवाना होगी। मंगलवार को मलेथा स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए देवप्रयाग विधानसभा के विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस साल भी देवप्रयाग विधानसभा के टॉपर छात्रों का भारत दर्शन भ्रमण कार्यक्रम 25 अक्टूबर से प्रस्तावित था। अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं के चलते छात्रों का प्रस्तावित भारत दर्शन भ्रमण कार्यक्रम को स्थगित करना पड़ा। बताया कि अब आठ नवंबर से छात्र भारत भ्रमण के लिए रवाना होंगे। वहीं उन्होंने कहा कि अगले साल से विधानसभा के अंतर्गत संचालित विभिन्न महिला समूहों की महिलाओं को औद्योगिक संस्थानों का भ्रमण कराया जायेगा, जिससे की स्वयं सहायता समूह के तहत तैयार किए जा रहे उत्पादों के ब्रांडिंग, लैबलिंग से लेकर अन्य गुर महिलाएं सीख सके।

# एसएचओ ने ली व्यापार मण्डल सीएलजी मेम्बर्स की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशीः** थाना धरासू के नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक मनोज असवाल ने बुधवार को कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात स्थानीय व्यापार मण्ड्ल, सीएलजी मेम्बर्स एवं स्थानीय नागरिकों के साथ परिचायक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्टी में अपराध नियन्त्र्ण पुलिस तथा यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में चर्चा-परिचर्चा की गयी। इस दौरान उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारों को सभी को दीपावली के दौरान पटाखों को बेचने के लिये लाईसेंस प्राप्त करने, आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय करने एवं चिन्यालीसौड बाजार में अनावश्यक अतिक्रमण हटाने आदि की हिदायत दी गयी। गोष्ठी में व्यापार मण्ड्ल चिन्यालीसौड, पीपलमण्डी, सुलीठांग, नागणी, बड़ेथी के पदाधिकारियों आदि लोग मौजूद रहे।

# मेले में छात्रों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशीः** जिला मुख्यालय में सात दिवसीय पूर्व सैनिक दिपावली मेला में रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों के साथ खेल प्रतियोगिताएं का भी आयोजन हो रहा है। पूर्व सैनिक कल्याण समिति की बोर्ड से वॉलीबॉल एल का फाइनल मैच खेला गया जिसमें उत्तरकाशी की टीम बी धनारी नागि. नी के बीच फाइनल मैच खेला गया। इसमें विजेता टीम उत्तरकाशी एक उपविजेता धनारी नागिनी के बीच खेला गया।

उत्तरकाशी विजेता और धनारी उपविजेता रही। इन टीमों को प्रथम पुरस्कार 1100.वा दूतीय पुरस्कार 800.तृतीय प् पुरस्कार5000दिया



गया।

वालीबाल टीम को अहम् भूमिका गंगोत्री फिजिकल एकेडमी के संस्थापक वा विश्वनाथ समिति के सह सचिव चन्द्र मोहन सिंह पंवार, वॉलीबॉल टीम को के साथ अहम् भूमिका निभाई घ। सायं की शुभ सन्ध्या में रामचन्द्र उनियाल राजकीय महाविद्यालय के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें एनसीसी प्रथम रही द्वितीय स्थान नमामि गंगे तृतीय स्थान पर कला संकाय रही। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जी आर आर सी लैंसडाउन से सेवा निवृत्त तपन लाल शाह मौजूद रहे।

बता दें कि मेले में मुख्य आकर्षक लक्की ड्रॉ के माध्यम से मिलने वाली कार और बाइक मेला परिसर में विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं की ओर से लगाए गए ही रन फॉर आर्मी क्रॉस कंट्री दौड़ में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

विश्वनाथ पूर्व सैनिक कल्याण समिति के संरक्षक मेजर आरएस जमनाल और अध्यक्ष सूबेदार बिरेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि सैनिक दीपावली मेला सात दिनों तक चलेगा और आगामी बुधवार को संपन्न है जायेगा।

# बदरीनाथ धाम से गांव माणा तक चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** बदरीनाथ धाम के दर्शन कर टुवड्र्स ह्यूमैनिटी के हिमालयन वॉरियर्स ने बदरीनाथ धाम से पर्यटन गांव माणा तक चलाया वृहद स्वच्छता अभियान। छह कुंतल से अधिक कूड़े को एकत्रित कर नगर पंचायत को निस्तारण के लिए सौंपा।

टुवड्र्स ह्यूमैनिटी के युवाओं द्वारा पिछले छह माह से जिला मुख्यालय गोपेश्वर के साथ ही गोपीनाथ मंदिर, चतुर्थ केदार रूद्रनाथ पैदल ट्रैक पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। अपनी प्रकृति अभियान के तहत हिमालयन वॉरियर्स की टीम ने बदरीनाथ धाम पहुंचकर भू-बैकुंठ बदरीनाथ धाम से पर्यटन गांव माणा



तक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान बदरीनाथ धाम में 30 बोरे याने 6 कुंतल से अधिक कूड़ा एकत्रित कर नगर पंचायत बदरीनाथ को निस्तारण के लिए सौंपा गया। हिमालयन वॉरियर्स के इस अभियान को सफल बनाने में भंग्यूल ग्राम प्रधान मिथलेश फर्स्वाण द्वारा सहयोग किया गया।

टुवड्र्स ह्यूमैनिटी के संस्थापक डॉ दीपक सिंह ने कहा कि भू-बैकुंठ बदरीनाथ धाम में शराब की बोतलों का मिलना बड़ा दुखदाई व चिंतनीय है। एक होटल व्यवसाई की दुकान के पास इतनी शराब की बोतलें फेंकी गई हैं कि उस दुकान स्वामी पर कार्रवाई की जानी चाहिए। यह कतई बर्दाश्त योग्य नहीं है कि धाम में शराब परोसी जाए। इससे देश - दुनिया से आने वाले तीर्थयात्रियों में धाम को लेकर सकारात्मक संदेश नहीं जा रहा है। लोगों ने वर्तमान में अपनी मानसिकता सिर्फ पैसे कमाने तक बनाई है। उनके लिए शायद जीवन का पर्याय ही पैसा कमाना है। लोगों को स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी निभानी होगी, इसे अपनी ड्यूटी समझना होगा और धाम की पवित्रता बनाई रखनी होगी तभी देश - दुनिया में धाम की सकारात्मक संदेश जाएगा।

# राशन कार्ड धारकों से ई-केवाईसी कराने की अपील

**रुद्रप्रयाग।** पूर्ति विभाग द्वारा जनपद के अंतर्गत समस्त राशनकार्ड धारकों से 20 नवम्बर तक अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी पूर्ण करने की अपील की गई है।जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में कार्डधारकों का निर्धारित तिथि तक ई-केवाईसी किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने जनपद के सभी कार्ड धारकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने सम्बन्धित अथवा नजदीकी सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता की दुकान पर जाकर अपने एवं अपने परिवार के सभी सदस्यों का दिनांक 20 नवम्बर तक बायोमेट्रिक (फिंगर लगाकर) सत्यापन कर ई-केवाईसी कराना सुनिश्चित करें।

# जिला उद्योग केंद्र कोटद्वार ने रोजगारोन्मुख ई-कॉमर्स डिजिटल मार्केटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** डिजिटल युग में युवाओं के लिए नए अवसरों का सृजन करते हुए जिला उद्योग केंद्र, कोटद्वार द्वारा ई-कॉमर्स डिजिटल मार्केटिंग पर आधारित एक रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उन युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है जो डिजिटल मार्केटिंग, ऑनलाइन व्यापार और ई-कॉमर्स के क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ते हुए स्वरोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में सक्षम बनाना है। महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र सोमनाथ गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के कौशल विकास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को आधुनिक तकनीकी ज्ञान एवं डिजिटल विपणन कौशल प्रदान कर उन्हें रोजगारोन्मुख बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को स्नातक और बेसिक आईटी कौशल की योग्यता आवश्यक है। कार्यक्रम में कुल 25 सीटें निर्धारित की गयी हैं, जिनका चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर 2025 है। प्रशिक्षण 24 अक्टूबर से 17 नवम्बर 2025 तक आयोजित किया जाएगा, जिसकी अवधि 21 दिन होगी और प्रतिदिन 8 घंटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण का संचालन ग्राफिका इंस्टीट्यूट द्वारा किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए 9997957510 एवं 7409485510 पर संपर्क कर सकते हैं।

एक नजर .......

### नगर आयुक्त ने किया टाउन हॉल में जीर्णोधार कार्य का निरीक्षण

**देहरादून।** नगर आयुक्त नमामी बंसल ने टाउन हॉल(जुगमंदर हॉल) में कराये जा रहे जीर्णोधार कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त नमामि बंसल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि समस्त कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय पूर्ण किया जाये। राज्य की रजत जयंती के अवसर पर जुगमंदर हॉल तैयार किये जाने का प्रयास किया जा रहा हैं।

### देहरादून में दो नई सुविधाओं का शुभारंभ

**देहरादून।** ऑडी इंडिया ने देहरादून उत्तराखंड में अपनी उपस्थिति को और सशक्त बनाते हुए दो नई सुविधाओं का उद्घाटन किया। कंपनी ने यहां एक नया ऑडी अप्रूव्डरू प्लस प्री-ओन्ड कार शोरूम और एक आधुनिक सर्विस वर्कशॉप शुरू की है। ये दोनों केंद्र एडवेंचर ऑटो कार इंडिया लिमिटेड के सहयोग से स्थापित किए गए हैं, जो ऑडी दिल्ली वेस्ट और ऑडी कोलकाता का संचालन भी करती है। ऑडी इंडिया के प्रमुख, बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा, "देहरादून में दो नई सुविधाओं हमारे 27वें ऑडी अप्रूव्ड प्लस प्री-ओन्ड कार शोरूम और एक नई सर्विस वर्कशॉप का उद्घाटन हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि इसके साथ ही हम उत्तराखंड में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं।

### ध्नतेरस और दिवाली पर रेंज को बढ़ाया

**देहरादून।** इस त्योहारी सीजन में, अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 धनतेरस और दिवाली ऑफर्स लेकर आया है, जिसमें स्मार्टफोन्स, लैपटॉप्स, टीवी, फैशन और ब्यूटी, होम डेकोर, उपकरण, फर्नीचर और ग्रोसरी जैसी कैटेगरी शामिल हैं। जो ग्राहक समृद्धि का स्वागत नए वाहन के साथ करना चाहते हैं, वे 14 अक्टूबर मध्यरात्रि तक बजाज और हीरो के टू-व्हीलर्स ऑर्डर कर सकते हैं, जिन्हें दिवाली से पहले मुंबई, दिल्ली एनसीआर, हैदराबाद, बैंगलोर और अन्य शहरों में डिलीवर किया जाएगा। ग्राहक शुभ खरीदारी के रूप में सोना, चांदी और डायमंड ज्वेलरी भी एक्सप्लोर कर सकते हैं। ज्वेलरी प्रेमियों के लिए, अमेजन.इन ने पारंपरिक धनतेरस खरीदारी की बढ़ती मांग को देखते हुए अपनी रेंज को और बढ़ाया है। ग्राहक 5 लाख से अधिक ज्वेलरी डिजाइनों का चयन कर सकते हैं।

# सात अवैध तमंचों के साथ अन्तर्राज्यीय तस्कर दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखण्ड पुलिस महा. निदेशक दीपम सेठ के निर्देश पर चलाए जा रहे अवैध हथियारों के विरुद्ध सघन अभियान के तहत स्पेशल टास्क फोर्स उत्तराखण्ड को बड़ी सफलता मिली है। कुमायूँ युनिट ने थाना गदरपुर पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक अन्तर्राज्यीय हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार तस्कर की पहचान आजाद अली पुत्र अख्तर अली निवासी ग्राम कनकता, थाना गदरपुर, जिला उधम सिंह नगर के रूप में हुई है। एसटीएफ ने इसे गदरपुर थाना क्षेत्र से 5 तमंचे 315 बोर और 2 तमंचे 12 बोर के साथ एक मोटरसाइकिल बजाज प्लैटिना (बिना नंबर) समेत पकड़ा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त काफी समय से उत्तर प्रदेश से हथियारों की सप्लाई कर रहा था और पूर्व में भी दो बार इसी मामले में जेल जा चुका है। एसटीएफ की इस कार्रवाई से अवैध हथियारों का अन्तर्राज्यीय



नेटवर्क ध्वस्त हुआ है। एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना गदरपुर में आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस कार्रवाई को अपर पुलिस अधीक्षक स्वप्न किशोर सिंह और पुलिस उपाधीक्षक आरबी चमोला के निकट पर्यवेक्षण में अंजाम दिया गया।

## शादी का झांसा देकर रेप करने वाला आरोपी बिजनौर से गिरफ्तार

**देहरादून।** महिला एवं बाल अपराधों के प्रति अपनी संवेदनशीलता दिखाते हुए दून पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। शादी का झांसा देकर एक युवती के साथ बलात्कार करने के आरोपी को रायपुर थाना पुलिस ने उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले से गिरफ्तार कर लिया है। रायपुर क्षेत्राअधिकारी विवेक कुटियाल ने बताया कि रायपुर निवासी एक महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि रोहित ठाकुर नामक युवक ने उनकी बेटी को शादी का झांसा दिया और फिर उसके साथ



दुष्कर्म किया। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए, थाना रायपुर में तत्काल संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून के निर्देश पर, थाना रायपुर की एक विशेष टीम ने तुरंत मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए आरोपी की तलाश की। मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी रोहित ठाकुर को जनपद बिजनौर (उत्तर प्रदेश) से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त रोहित ठाकुर पुत्र दीपक ठाकुर, ग्राम नारायणपुर रामजी उर्फ तेलीपुरा, थाना नगीना, जिला बिजनौर, उ0प्र0 का निवासी है।

# मानक विश्वास, पारदर्शिता और गुणवत्ता के प्रतीकः राज्यपाल

## विश्व मानक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून। राज्यपाल** लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को देहरादून में आयोजित "विश्व मानक दिवस 2025" के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मानक केवल तकनीकी दस्तावेज नहीं, बल्कि विश्वास, पारदर्शिता और गुणवत्ता के प्रतीक हैं, जो विकास और प्रगति की दिशा निर्धारित करते हैं।



राज्यपाल ने कहा कि मानक किसी राष्ट्र की गुणवत्ता संस्कृति के द्योतक होते हैं। जब उद्योग मानकों को अपनाते हैं, तो उनके उत्पादों को वैश्विक बाजार में पहचान और विश्वसनीयता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि जब नीतिगत ढांचे में मानकों को शामिल किया जाता है, तो योजनाएँ अधिक प्रभावी बनती हैं, और जब समाज मानकीकरण को अपनाता है, तो नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता का स्तर ऊँचा उठता है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड में प्रकृति, नदियाँ, शुद्ध वायु, हरित वन और जीवंत संस्कृति स्वयं एक आदर्श मानक प्रस्तुत करती है। यहां की भौगोलिक संरचना हमें यह सिखाती है कि विकास के प्रत्येक कदम पर संत.ुलन, अनुशासन और जिम्मेदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि हमारी योजनाएँ और निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप हों, तो हम पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सतत विकास के आदर्श भी स्थापित कर सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि मानक ब्यूरो द्वारा उत्तराखण्ड में गुणवत्ता और मानक.ीकरण के क्षेत्र में कई सकारात्मक पहलें की जा रही हैं। इन प्रयासों को गाँव-गाँव, छोटे उद्योगों और सहक.ारी समितियों तक पहुँचाना आवश्यक है, जिससे वह जागरूक हो सकें। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मानक गैलरी एवं प्रदर्शनी स्टॉलों का अवलोकन किया, जिनमें बीआईएस प्रमाणित उत्पादों के साथ-साथ गुणवत्ता मॉडल भी प्रदर्शित किए गए थे। उन्होंने बीआईएस देहरादून की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के प्रयास जनता में गुणवत्ता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक होंगे। राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने बीआईएस को विश्व मानक दिवस पर बधाई दी और कहा कि गुणवत्ता और मानक देश के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## राजभवन में लगा आयुष्मान शिविर, 250 की बनी आभा आईडी



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण उत्तराखंड के अंतर्गत संचालित आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की ओर से राजभवन में आयुष्मान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 250 से अधिक लाभार्थियों की आभा आईडी बनाई गई। साथ ही उन्हें एबीडीएम के महत्व के बारे में भी जानकारियां दी गई।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की राज्य मिशन निदेशक रीना जोशी के निर्देशों के अनुक्रम में प्राधिकरण की ओर से आयुष्मान प आभा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। सोमवार को राजभवन में शि.विर का आयोजन किया गया। इसमें राजभवन के स्टाफ व उनके परि.जनों की आभा आईडी बनाई गई। शिविर में एबीडीएम के अमृत पोखरियाल व प्रणव शर्मा ने आभा आई बनाने के साथ साथ एबीडीएम से संबंधित जानकारियों से भी वहां लोगों के अवगत कराया।

शिविर में बताया गया कि आभा आईडी के जरिए लाभार्थी अपने स्वास्थ्य रिकार्ड को डिजिटली सुरक्षित रख सकता है। वहीं क्यू आर कोड स्कैन कर अस्पताल में ओपीडी पर्चा बनाने से लेकर डाक्टरी परामर्श हेतु समय लेकर अस्पतालों में लगने वाली कतारों से बचा जा सकता है। इस मौके पर एबीडीएम से संबंधित विभिन्न जानकारियों पर बनी शॉट फिल्म को भी एलईडी के जरिए दिखाया गया।

# लोकल से ग्लोबल की यात्रा में प्रत्येक व्यक्ति का योगदान सुनिश्चित करेगी भाजपा

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के दूसरा चरण में पहुंची पार्टीः चौहान



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** भाजपा लोकल से ग्लोबल बनने की यात्रा में प्रत्येक व्यक्ति का योगदान सुनिश्चित करने के लिए आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के दूसरा चरण में पहुंच गई है। जिसमें आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ और पदयात्रा, घर-घर संपर्क, महिला युवा उद्यमी सम्मेलन, स्वदेशी मेला, सेमिनार एवं विभिन्न प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम जनसहभागिता के व्यापक स्वरूप मंडल स्तर तक संपन्न किए जाएंगे।

प्रदेश मीडिया प्रमुख मनवीर सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 सितंबर से 25 दिसंबर तक होने वाले इस अभियान के क्रम में 15 अक्टूबर तक सभी विधानसभा स्तर पर सम्मेलन संपन्न कराए जाएंगे। जिसमें जीएसटी बचत महोत्सव, आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन के साथ मोदी सरकार की उपलब्धियां योजनाओं पर विस्तार चर्चा की जाएगी। इन तमाम कार्यक्रमों में समाज के प्रोफेशनल्स और व्यापारी संगठनों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित कर, सभी से स्वदेशी संकल्प दिलवा, उसके प्रपत्र को भी भरवाया जाएगा। इसके बाद 15 अक्टूबर से 15 नवंबर तक मंडल सम्मेलन में स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को आमंत्रित कर उनके उत्पादों को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही 16 से 30 नवंबर तक महिला एवं युवा सम्मेलन जिसमें स्थानीय महिला एवं युवा समूह को जोड़कर उन्हें योजनाओं की जानकारी से सशक्त बनने को प्रेरित किया जाएगा। इसी क्रम में 1 से 15 दिसंबर तक स्ट्रीट वेंडर छोटी दुकानदार एवं स्थानीय कारीगर सम्मेलन आयोजित कर, उन्हें आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने का आग्रह किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में 1 से 30 नवंबर तक स्वदेशी आधारित रीलस, भाषण, क्विज और निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं और छात्रों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद 1 दिसंबर से 25 दिसंबर तक घर-घर संपर्क अभियान चलाकर, आत्मनिर्भर भारत का संकल्प संदेश घर-घर पहुंचा जाएगा। उन्होंने बताया इन तमाम कार्यक्रमों में आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी के साथ मोदी सरकार की उपलब्धियां और योजनाओं की चर्चा की जाएगी। प्रत्येक कार्यक्रम के अंत में स्वदेशी का संकल्प सामूहिक रूप से करवाकर, उसके प्रपत्र को भी भरवा जायेगा, ताकि लोकल से ग्लोबल की यात्रा में प्रत्येक व्यक्ति का योगदान दर्ज हो सके। इन गति.विधियों में अभियान से संबंधित ब्रांडिंग एवं स्टीकर हर घर और दुकान पर लगाए जायेंगे। अभियान के तहत होने वाली सभी गति.विधियों को सोशल मीडिया घर - घर स्वदेशी पर और आत्मनिर्भर भारत हैशटैग के साथ साझा किया जाएगा।

## भूकंप से डोली उत्तरकाशी की धरती, हिमाचल बॉर्डर था केंद्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी।** सीमांत जिले उत्तरक.ाशी में मंगलवार रात्रि करीब 7.30 मिनट पर भूंकप के झटके महसूस किए। भूकंप के झटके रिक्टर स्केल पर तीव्रता 3.6 मापी गई है । इधर जिला आपातकालीन परिच.ालन केंद्र ने भूकंप के बारे में सभी तहसीलों से जानकारी मांगी गई है ।

अभी तक किसी भी तरह की कोई नुक्सान की खबर नहीं है। भूकंप की तीव्रता और केंद्र को लेकर आपद परिचालन केंद्र उत्तरकाशी से मिली जानकारी के मुताबिक रिपोर्ट भूकंप की तीव्रताः 3.5, घटितः IST, अक्षांश, देशांतर : 31.15, 77.99 गहराईः 5 किमी एपिसेंटर उत्तराखंड-हिमाचल सीमा, मोरी ब्लॉक के निकट बताया गया है। भूकंप के झटके काफी कमजोर थे, लेकिन उत्तरकाशी के लोगों को धरती हिलती महससू हुई। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति की निरंतर निगरानी की जा रही है। अब तक किसी प्रकार की हानि की सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

## आग की घटना पर डीएम सख्तः बार लाइसेंस 15 दिन के लिए निलंबित

- बार में जंगलिंग फायर के दौरान लगी थी आग
- डीएम ने टीम गठित कर कराई संयुक्त जांच

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल ने शहर के राजपुर रोड स्थित सर्किल बार में हुई आगजनी की घटना को गंभीरता से लेते हुए बार का लाइसेंस 15 दिन के लिए निलंबित कर दिया है। इस घटना की जांच जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर/ प्रभारी अधिकारी आबकारी हरी गिरी के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित कर करवाई।

आमजन की सुरक्षा सर्वोपरि का मंत्र लिए जिला प्रशासन अपने सख्त रुख पर कायम है ताजा मामला राजपुर रोड स्थित सर्किल बार का है जहां आयोजकों की लाप.रवाही से आगजनी की घटना हो गई सुरक्षा मानकों की पूर्ण तरह अहवेलना करना प्रकाश में आया जिस पर सख्त रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने बार का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। जिलाधिकारी ने संयुक्त टीम बनाकर घटना की जांच कराई जांच में मानको का उल्लंघन एवं घोर लापरवाही सामने आई जिससे बड़ी जनहानि हो सकती थी। इसको गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा बार का लाइसेंस 15 दिन के लिए निलंबित कर दिया गया है।

संयुक्त जांच टीम ने निरीक्षण के दौरान पाया कि राजपुर रोड़ स्थित सर्किल बार एफ0एल0-7 बार में तृतीय तल के हॉल में जिसमें घटना के समय लगभग 40-50 लोगों की भीड़ मौजूद थी, दो बार मैन जग्लिंग एंड फायर शो का प्रदर्शन कर रहे थे, जिसमें आग से खेला जा रहा था तथा इस दौरान दो बार मैन झुलस गये।

इस कृत्य से वहां मौजूद सभी लोगों के आग मे झुलसने की सम्भावना थी एवं बड़ी आगजनी की घटना घटित हो सकती थी, हॉल की सीलिंग में लकड़ी और टहनियों का कार्य किया गया है, जिससे मौके पर आग का बहुत बड़ा रूप लेने की प्रबल सम्भावना थी। बार मैनों को मुख्यतः शराब परोसने के प्रयोजन हेतु नियुक्त किया जाता है, जबकि सर्किल एफएल-7 बार में नियमों का उल्लंघन कर अन्य ऐसे कार्य हेतु प्रयोजन में लाया जा रहा था जिस हेतु वे दक्ष नहीं थे।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मंगलवार को पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून की और से पीएमश्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज दूधली में एक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।



कार्यक्रम में वैज्ञानिक ई डॉ. अशिष कुमार ने विद्यार्थियों को हाथों की स्वच्छता के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी और बताया कि नियमित हाथ धोने की आदत जीवन प्रत्याशा को बढ़ाने में सहायक होती है। अपर निरीक्षक वन नीलिमा शाह ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए मानसिक एवं शारीरिक स्वच्छता पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ विचार, नियमित व्यायाम तथा खेलकूद विशेष रूप से बालिकाओं के समग्र विकास के लिए आवश्यक हैं। कार्यक्रम का समन्वयन वैज्ञानिक 'सी' डॉ. विपिन गुप्ता ने किया। इस प्रतियोगिता में विजयी 20 विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधांशु असवाल तथा उप-प्रधानाचार्य रहेन्द्र सिंह शाह ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मंत्रालय की टीम के दीपक रावत, विकास शाह, आक.ाश कृष्णेंदु बनर्जी, गुरमीत कौर, मनीष छेत्री, विजय, मंगे राम व जितेंद्र उपस्थित रहे।

## कनेक्ट एक्स देगा तकनीकी स्टैक पर पूरा नियंत्रण

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** वित्तीय संस्थानों के लिए सीमा-पार भुगतान समाधान प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी फेबल फिनटैक ने कनेक्टएक्स के लॉन्च की घोषणा की। यह एक मिडलवेयर प्लैटफॉर्म है जिसे ऐक्सचेंज हाउसों के लिए डिजाइन किया गया है ताकि पारम्परिक तकनीक से आधुनिक डिजिटल संचालन में सुगमता से जाना संभव हो सके।

कनेक्टएक्स ऐक्सचेंज हाउसों को अपने तकनीकी ढांचे को नियंत्रित करने, निर्बाध ओमनी चौनल अनुभव प्रदान करने, तेजी से इंटीग्रेट करने और मौजूदा संचालन में बाधा डाले बिना नए कॉरिडोर खोलने में मदद करेगा। इन तकनीकी बाधाओं के कारण उच्च लागत और स्केलिंग में काफी देरी होती है, और साथ ही व्यवसाय को लगातार नियामक परिवर्तनों से भी निपटना पड़ता है। ये समस्याएं मिलकर उनके तकनीकी ढांचे पर नियंत्रण को कमजोर करती हैं, नवाचार को बाधित करती हैं, और उन्हें तेजी से आगे बढ़ने वाले प्रतिस्पर्धियों के सामने कमजोर बना देती हैं।

# अग्ररत्न भूषण सम्मान से नवाजे गये डॉ. हिमांशु

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन में रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय देहरादून के कुलपति प्रो. डॉ. हिमांशु ऐरन को अग्ररत्न भूषण सम्मान से अलंकृत किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा जगत में उत्कृष्ट योगदान, संस्थागत नेतृत्व और समाजोपयोगी कार्यों के लिए प्रदान किया गया। अग्रकुल शिरोमणि महाराज अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में प्रदेश भर से प्रबुद्ध नागरिकों, शिक्षाविदों, समाजसेवियों और उद्योगपतियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद नरेश बंसल व विशिष्ठ अतिथि के रूप में उत्तराखंड सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने प्रो. डॉ. ऐरन के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में "जीवंत प्रेरणा स्रोत" बताया। सम्मान ग्रहण करते हुए प्रो. डॉ. हिमांशु ऐरन ने कहा कि यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि उन सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों और सहकर्मियों का है जिन्होंने सदैव मेरे कार्यों में सहयोग दिया। सच्ची शिक्षा वही है जो चरित्र, संस्कृति और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का बोध कराए। इस मौके पर रोशन लाल अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, राजकिशोर जैन, मोती दीवान आदि मौजूद रहे।

# जोशी ने की मसूरी विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यो की समीक्षा

## लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ सड़कों से सम्बंधित मुद्दों पर किया मंथन

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को हाथीबड़कला स्थित कैंप कार्यालय में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रति.निधियों साथ बैठक कर मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सड़कों से सम्बंधित विकास कार्यो की समीक्षा की।



बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री जोशी ने अधिकारियों से निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट ली और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने अधिकारियों को क्यारा- धनोल्टी मोटर मार्ग, मोटीधार-मरसाना, गढ़-बुरांशखंडा, चालाँग नागल हटनाला, छमरौली- सरोना, बार्लोगंज- चामासारी, सहस्त्रधारा-खैरीमान सिंह, देहराद.ून- किमाड़ी तथा छमरौली-डोमकोट मोटर मार्ग जैसे प्रमुख सड़कों के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि मोटर मार्ग निर्माण में आ रही विसंगतियों और वन स्वीकृति से संबंधित मामलों को तुरंत निपटाया जाए। साथ ही गढ़ीकैंट-डाकरा मार्ग के चौड़ीकरण तथा अनारवाला-मालसी मार्ग, संताल देवी मार्ग जैसे कार्यों को भी शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि बरसात में क्षतिग्रस्त मार्गो, आंतरिक सड़कों, सेतु, सीसीए मार्गों और पुनर्निर्माण से संबंधित कार्यों को भी प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्यों में उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए और सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि जनहित के विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है, और विभागीय अधिकारी इस दिशा में जिम्मेदारी से कार्य करें।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान, अपर सचिव विनीत कुमार, मुख्य अभियंता रंजीत सिंह, पीडब्ल्यूडी अधीक्षण अभियंता राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दीपावली पर्व को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट ने की सरकारी विभागों और व्यापारियों के साथ बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान ने मंगलवार को विद्युत, नगर निगम, अग्निशमन और पुलिस विभाग के अधिकारियों के तथा व्यापार मंडल प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में सुरक्षा और भीड़भाड़ वाले बाजारों की सफाई पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट ने अग्निशमन विभाग को आवासीय क्षेत्र और तंग गलियों में स्थित बाजारों, जहां फायर ब्रिगेड की गाड़ियां नहीं पहुंच पाती है, में आग बुझाने के लिए बाइक फायर टीमों को तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी फायर गाड़ियों को थानावार तैनात करने और जल संस्थान तथा फायर डिपार्टमेंट को संयुक्त रूप से शहर के सभी फायर हाइड्रेंट्स (आग बुझाने के लिए पानी के प्वाइंट्स) का निरीक्षण करके उन्हें दीपावली से पहले हर हाल में कार्यशील बनाने का निर्देश दिया गया है।

त्यौहारों के दौरान बाजारों में भारी भीड़ को देखते हुए सिटी मजिस्ट्रेट ने नगर निगम को सफाई कार्य रात्रि में करने के निर्देश दिए। सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि भीड़भाड़ वाले बाजारों और मुख्य मार्गों की सफाई का कार्य दिन के बजाय रात में सुनिश्चित किया जाए। इससे न केवल बाजारों में गंदगी कम होगी, बल्कि दिन के समय यातायात और ग्राहकों को भी असुविधा नहीं होगी।

सिटी मजिस्ट्रेट ने बिजली विभाग को दीपावली के दौरान अनावश्यक रूप से बिजली कटौती नहीं करने और बिजली व्यवस्था सुचारू और बिना किसी बाधा के जारी रखने के निर्देश दिए।

सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान ने पुलिस विभाग को बाजारों में लगातार गश्त और निगरानी रखने के निर्देश दिए। पटाखे की दुकानें पुलिस द्वारा पूर्व निर्धारित खुले स्थानों पर लगाने और दुकानदारों के पास आग बुझाने के पर्याप्त उपकरण मौजूद हों, ऐसी व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि संकीर्ण गलियों औ घनी आबादी वाले स्थानों में पटाखे की दुकानें लगाने की अनुमति नहीं होगी। सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन जन सुरक्षा के लिए काम कर रहा है। व्यापारी सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करें और प्रशासन द्वारा जारी किए गए निर्देशों में मदद करें।

# सौ वाहनों के काटे चालान, 15 वाहन किए सीज

## हेलमेट जागरूकता अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग की ओर से सोमवार को सिडकुल क्षेत्र में हेलमेट जागरूकता और प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी निखिल शर्मा ने किया। अभियान के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने हेलमेट न पहनने वाले दुपहिया चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। बिना हेलमेट के चलते 100 दुपहिया चालकों के चालान काटे गए, जबकि 15 से अधिक वाहनों को जब्त किया गया, जिनके चालकों के पास न तो ड्राइविंग लाइसेंस था और न ही हेलमेट।अधिकारी निखिल शर्मा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य दुपहिया चालकों को हेलमेट पहनने के महत्व के प्रति जागरूक करना है ताकि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली गंभीर चोटों और जनहानि को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन हर नागरिक का दायित्व है, और प्रशासन का उद्देश्य किसी को दंडित करना नहीं बल्कि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

अभियान के दौरान हेलमेट पहनने वाले जिम्मेदार चालकों को विभाग की टीम ने फूल और चॉकलेट देकर सम्मानित किया, ताकि अन्य लोग भी उनसे प्रेरित हों। इस जागरूकता अभियान में सहायक परिवहन अधिकारी नेहा झा, परिवहन कर अधिकारी अरुणा सैनी, सहायक परिवहन उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार और सहायक परिवहन निरीक्षक सुरवीर कंडवाल शामिल रहे।

## ठेकेदारों ने लगाया बेवजह विवाद उत्पन्न करने का आरोप

# पारदर्शिता और नियमों के अनुसार लिया ठेका : धर्मपाल सिंह

## बैरागी कैंप पार्किंग ठेका विवाद

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** बैरागी कैंप पार्किंग ठेके को लेकर उठे विवाद के बीच पार्किंग ठेकेदार धर्मपाल सिंह, महेंद्र सिंह व भूपेंद्र सिंह ने प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि उत्तराखंड सिंचाई विभाग ने पारदर्शिता और नियमानुसार पार्किंग का ठेका जारी किया है। धर्मपाल सिंह ठेकेदार ने बताया कि ठेका प्रक्रिया में चार पार्टियों ने प्रतिभाग किया था। ठेके की नीलामी के दौरान जिलाधिकारी द्वारा नामित कमेटी के मेंबर मौजूद थे। धर्मपाल सिंह ने बताया कि उनकी बोली उच्चतम बोली थी। उच्चतम बोली लगाने पर विभाग ने पार्किंग का टेंडर उन्हें दिया। जिसके लिए विभाग को 8,25,000 रूपए, 18 प्रतिशत जीएसटी, दो प्रतिशत स्टैंप एवं दो प्रतिशत इनकम टैक्स सभी तय सीमा में जमा किए गए हैं। कब्जा प्रमाण पत्र के बाद ही पार्किंग का संचालन शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि स्थानीय ट्रैवल्स कारोबारी पार्किंग को लेकर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। पार्किंग को अवैध बताया जा रहा है। रिश्वत देने के बेबुनियाद आरोप भी लगाए जा रहे हैं। जबकि उत्तराखंड सिंचाई विभाग ने पूरी प्रक्रिया के बाद ही उन्हें पार्किंग का ठेका दिया है। लेकिन कुछ लोग उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग की जगह बताकर विवाद उत्पन्न कर रहे हैं। धर्मपाल सिंह ने कहा कि विरोध कर रहे लोगों को यदि वार्ता ही करनी है तो विभाग के साथ करें या न्यायालय का आदेश दिखाएं। केवल पार्किंग में वाहन खड़े करने पर ही शुल्क लागू होता है। उन्होंने अपील की कि अनर्गल बयानबाजी ना की जाए। नियमों के अनुसार ही पार्किंग का ठेका लिया गया है। बातचीत के माध्यम से हर समस्या का समाधान हो सकता है।

# दोस्ती के रिश्ते को कंलकित करने वाले हत्यारे को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार पुलिस ने एक बार फिर अपनी त्वरित कार्रवाई और दक्षता का परिचय देते हुए दोस्ती के रिश्ते को कलंकित करने वाली घटना का खुलासा कर दिया। मामूली पैसों के लेन-देन के विवाद में एक युवक ने अपने जिगरी दोस्त को चाकू से गोदकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना बहादराबाद क्षेत्र में घटित इस वारदात ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी। जानकारी के अनुसार, 12 अक्टूबर को सुशील कुमार निवासी ग्राम बहादराबाद ने थाना बहादराबाद में तहरीर दी कि उसके भतीजे सौरभ पुत्र राजाराम पर उसके ही दोस्त रोहित पुत्र मांगेराम ने चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल सौरभ को एम्स ऋषिकेश ले जाया गया, जहाँ उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।



घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। थाना बहादराबाद पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए घटनास्थल से भौतिक एवं वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र कर संभावित स्थानों पर दबिश दी और आरोपी रोहित को पथरी पावर हाउस के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद किया। जांच में सामने आया कि आरोपी और मृतक सौरभ दोनों पुराने मित्र थे। दोनों ने घटना के दिन साथ बैठकर शराब पी थी। इसी दौरान 1200 के लेन-देन को लेकर कहासुनी और हाथापाई हो गई। बताया गया कि सौरभ ने रोहित को थप्पड़ मार दिया, जिससे नाराज होकर रोहित ने बदला लेने की ठान ली। घर जाकर चाकू लेकर वह सौरभ के घर पहुँचा और उस पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। जिससे उसकी मौके पर ही हालत गंभीर हो गई और उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष बहादराबाद अंकुर शर्मा, व.उप.नि. नितिन बिष्ट, उप.नि. अमित नौटियाल, कां. नरविन्द्र, कां. मनमोहन, कां. मुकेश नेगी, कां. वीरेन्द्र चौहान शामिल रहे।

# हजाराग्रंट में पोषण माह कार्यक्रम का किया आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता



**बहादराबाद।** ग्राम हजारा ग्रांट बहादराबाद में पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत रजत शहरी एवं ग्राम उत्थान संस्थान द्वारा कुशल चिकित्सक एवं डाइटिशियन के मार्गदर्शन में आईसीडीएस डिपार्टमेंट विभाग के साथ पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आईसीडीएस विभाग से सीडीपीओ सुलेखा सहगल, सुपरवाइजर गौरी शर्मा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रही। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम के कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों की माता को पोषक आहार के बारे में जानकारी देना व बच्चों के स्वास्थ्य सुधार के लिए किए जा रहे कार्य से बच्चों को अब तक कितना लाभ पहुंचा है। भविष्य में किस तरह से कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों को अच्छे आहार द्वारा पोषण तत्वों की कमी को दूर किया जा सकता है। यह जानकारी देना था। रजत शहरी एवं ग्रामोत्थान संस्थान आरोग्य परियोजना के अंतर्गत जिले में 51 गांव में लगभग 500 कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों के साथ उनके स्वास्थ्य सुधार के लिए कार्य कर रहे हैं। कुशल चिकित्सकों की देखरेख में व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ बच्चों को स्वास्थ्य जानकारी के साथ-साथ पोषक आहार भी वितरित किया जा रहा है जिसके सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहे हैं।

# गुरूकुल कांगडी विवि में दिवाली मेला आज, कई रंग होंगे एकसार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्योति पर्व यानि दीपावली एकदम द्वार ही खड़ा है। सो, इस पर्व को मनाने और इसमें डूब जाने की तैयारियां भी चल रही हैं। कई जगहों पर अपने अंदाज के अलग-अलग कार्यक्रमों को आयोजित करने की तैयारी चल रही है। ऐसा ही हरिद्वार स्थित कन्या गुरूकुल के मनोविज्ञान विभाग की ओर से हो रहा है। 15 अक्टूबर को यहां भव्य व दिव्य दिवाली मेले का आयोजन हो रहा है। इस एक दिनी आयोजन में जीवन से जुड़े कई रंग एकसार होंगे तो हुनर को पंख लगाने की भी कोशिश साकार होते दिखेगी। कई ऐसी प्रतिभायें भी होंगी जो अपने आप खास होंगी। मीडिया को जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में इस कार्यक्रम की आयोजिका डां सुनीता रानी व समन्वयक डा. रिचा सक्सेना बताया है कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री व वर्तमान विधायक मदन कौशिक व हरिद्वार नगर निगम की मेयर किरण जैसल होंगी। कार्यक्रम गुरूकुल कांगड़ी विवि के सभागार में होगा। कार्यक्रम में हर रंग घोलने का प्रयास किया गया है। मंशा यह भी है कि प्रतिभावान युवाओं को प्रतिभा का अवसर दिखाने का अवसर भी दिया जाये। इसके लिये रंगोली प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता और सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा स्टॉल भी सजे होंगे जो भी बेहद खास होंगे। इसमें हैंडमेड क्राफ्ट स्टसल , बुक मार्क स्टाल युम्मी फूड स्टाल, मेहंदी व गेम्स स्टाल शामिल होंगे। गर्बा का खास आकर्षण दिल को मन भावन सावन कर देगा।

# मंदिर से समान चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्यामपुर थाना क्षेत्र से ग्राम कांगड़ी स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर से धातु के नाग फन और अन्य पूजन सामग्री चोरी करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।उसके कब्जे से चोरी का सामान बरामद कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है।



श्यामपुर थानाध्यक्ष मनोज शर्मा, ने बताया कि बीते शनिवार को मंदिर समिति ने लिखित शिकायत देकर बताया कि मंदिर से अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक पीली धातु का टूटा हुआ नाग फन एक पीली धातु की थाली एक तांबे का छोटा लोटा चोरी कर लिया गया है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपियों को खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बाद एक टीम का गठन किया गया गठित टीम ने घटना पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए क्षेत्र में मुखबीर मामू किए गए। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मंगलवार को दोनों आरोपियो को चुराए गए सामान के साथ चंडीघाट स्थित गौरीशंकर पार्किंग से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस पूछताछ में आरोपीयो ने अपना नाम दिनेश चौधरी, 28 वर्ष, पुत्र किशनपाल चौधरी, निवासी दौराला, मेरठ (उत्तर प्रदेश) शाहनूर, 20 वर्ष, पुत्र अशफाक, निवासी मौहल्ला चौहानान, ज्वालापुर, हरिद्वार, बताया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद करने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष श्यामपुर मनोज शर्मा, व.उ.नि. मनोज रावत, उ.नि. नवीन सिंह चौहान, कां. अनिल रावत, कां. राहुल देव, कां. तेजेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# युवक अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने सोमवार रात संदिग्ध युवक को एक तमंचा 12 बोर और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश जेल भेज दिया है। वरिष्ठ निरीक्षक नितिन चौहान ने बताया कि संदिग्धों की चैकिंग के दौरान रोड नं. 3, सुमननगर तिराहे से आरोपी अजीम पुत्र मुसर्रफ निवासी गोविन्दपुर दादूपुर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में उ.नि. अर्जुन कुमार, चौकी प्रभारी सुमननगर, कां. महेन्द्र तोमर, कां. जयदेव शामिल रहे।

# 12.40 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** पुलिस ने ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के अंतर्गत नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान में एक नशा तस्कर को 12.40 ग्राम स्मैक व पल्सर बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।



पुलिस के अनुसार सोमवार देर शाम को ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के अंतर्गत चलाए गए अभियान को सफल बनाने के लिए उपनिरीक्षक यशवीर नेगी, महेंद्र पुंडीर, कांस्टेबल अजीत तोमर,सुशील कुमार, के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया जिसमें वाहन चौकिंग के दौरान एक व्यक्ति को पथरी रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया। तलासी लेने पर व्यक्ति के पास से लगभग 12.40 ग्राम स्मैक व एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू पल्सर बाइक बरामद हुआ पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम वसीम 28वर्ष पुत्र रहीस निवासी कलियर शरीफ कस्बा बताया आरोपी स्मैक बेचने का काम करता है। और स्मैक के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया एक व्यक्ति को लगभग 12.40 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है।

# वांरटी को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल के आदेश अनुसार जनपद में इनामी, वांछित, वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस ने न्यायालय से वांछित चल रहे एक वंचित को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल के आदेश अनुसार जनपद में इनामी, वांछित, वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत गैर जमानती वारंटियों के मामले में पुलिस ने एक वंचित को गिरफ्तार किया है। आरोपी साजिद पुत्र कासिम निवासी बहादरपुर जट पिछले लंबे समय से न्यायालय से नरारद चल रहा था। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। पथरी एसओ मनोज नोटियाल ने बताया एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। जिसको न्यायालय में पेश किया है।

# पुलिस ने दबोचा चरस तस्कर

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** थाना सिडकुल पुलिस ने मोटर साइकिल से चरस की तस्करी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 133.80 ग्राम चरस बरामद की है। चरस की तस्करी में प्रयुक्त को भी पुलिस ने सीज कर दिया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज किया गया है। नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करने के एसएसपी के निर्देशों पर चेकिंग अभियान चलाते हुए थाना सिडकुल पुलिस टीम ने केविन केयर कंपनी के पास चरस तस्करी कर रहे गोविंद पुत्र मांगेराम निवासी तेलीवाला थाना कलियर को दबोच लिया। गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में एसआई शैलेंद्र ममगई, हे.कां. संजय सिंह, कां. मनीष कुमार शामिल रहे।



# 10 शातिर अपराधियों पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उपनगरी ज्वालापुर क्षेत्र में लगातार आपराधिक घटनाओं में लिप्त 10 शातिर अपराधियों के विरुद्ध पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक ज्वालापुर ने सभी अपराधियों के खिलाफ रिपोर्ट तैयार कर जिलाधिकारी हरिद्वार को भेज दी है। जानकारी के अनुसार ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि इन अपराधियों के विरुद्ध लड़ाई-झगड़ा, मारपीट, पशु क्रूरता और गौवंश संरक्षण अधिनियम से संबंधित कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इन तत्वों की गतिविधियों पर लंबे समय से निगरानी रखी जा रही थी। सभी अभियुक्त ज्वालापुर क्षेत्र निवासी हैं। पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

गुण्डा एक्ट के तहत चिन्हित अभियुक्तों में शाहरियाज पुत्र मतलूब उर्फ छोटा, मतलूब उर्फ छोटा पुत्र महमूद, सलीम पुत्र यासीन, शाहनवाज पुत्र स्व. गफ्फार, मोईन पुत्र याकूब, सबनूर उर्फ मुन्ना पुत्र गफ्फार, मेहताब पुत्र अल्ताफ हुसैन, आरिफ पुत्र इकबाल, बिलाल पुत्र अल्ताफ हुसैन, दानिश पुत्र स्व. बुन्धु को गिरफ्तार किया।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**डी. एस. वर्मा**
**प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ**
मो.: 9411100741

## डीएफओ व उप प्रभागीय वन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# बंदरों व लंगूरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** तीर्थनगरी हरिद्वार में वन क्षेत्र से आबादी वाले क्षेत्र में आकर बंदर व लंगूर क्षेत्रवासियों को काटकर घायल कर रहे हैं। बंदरों के झुंड के आतंक से क्षेत्रवासी बेहाल हैं। बंदरों व लंगूरों की रोकथाम हेतु भाजपा कार्यकर्त्ताओं व क्षेत्रवासियों ने भाजपा नेता अनिरूद्ध भाटी व पार्षद सचिन कुमार के नेतृत्व में डीएफओ व उप प्रभागीय वन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बंदरों व लंगूरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की। भाजपा नेता पूर्व पार्षद अनिरूद्ध भाटी ने कहा कि तीर्थनगरी के उत्तरी हरिद्वार में बढ़ती बंदरों व लंगूरों की संख्या से परेशान हैं। बंदर व लंगूर प्रतिदिन वन क्षेत्र से निकल कर आबादी वाले क्षेत्र में बच्चों, वृद्धों व महिलाओं पर घर में घुसकर ही हमला कर रहे हैं। बंदरों व लंगूरों के हमले में अनेकों क्षेत्रीय नागरिक घायल व चोटिल हो चुके हैं। यही नहीं स्थानीय निवासियों का छत्त पर जाना व गलियों में निकलना भी दुश्कर हो रहा है। पार्षद सचिन कुमार ने कहा कि ब्रह्मपुरी, काशीपुरा, बिल्वकेश्वर कॉलोनी, ललतारौ पुल आदि क्षेत्रों में प्रतिदिन बंदर क्षेत्रवासियों व तीर्थयात्रियों को काटकर घायल कर रहे हैं, जिसके चलते क्षेत्रवासियों व तीर्थयात्रियों में भय का माहौल व्याप्त है। स्कूली बच्चों का स्कूल जाना भी मुश्किल हो गया है। भीमगोडा



ऑटो रिक्शा यूनियन के महामंत्री राघव ठाकुर ने कहा कि बंदरों के हमले से तीर्थयात्री भी सहमे हुए हैं। पिंजरे लगाकर शीघ्र ही बंदरों को पकड़वाना होगा।

डीफएओ की अनुपस्थिति में उप प्रभागीय वन अधिकारी पूनम कैन्थोला को ज्ञापन सौंपा गया। उप प्रभागीय वन अधिकारी पूनम कैन्थोला ने कहा कि नगर निगम से समन्वय कर शीघ्र ही समस्या का समाधान करवाया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से संजय पाल, संजय संतोषी, ललित सचदेवा, महेश गुप्ता, सुरेन्द्र ठाकुर, हंसराज आहूजा, एडवोकेट रमन यादव,सुखेन्द्र तोमर, रमाकांत शर्मा, राघव ठाकुर, विनित गिरि, आदित्य यादव, भारत नन्दा, विक्की प्रजापति, दिनेश शर्मा, गंगेश, शिवम यादव, राजेन्द्र यादव, सतीश पाल, रूपेश शर्मा, मनोज पाल, आशु आहूजा, विजय पाल, गोपी सैनी, नाथीराम प्रजापति, रोबिन, अमित कश्यप, भीम आदि क्षेत्रवासी व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सट्टे की खाईबाड़ी करता एक सटोरिया गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर पुलिस ने सोमवार को मोहल्ला कड़च्छ से सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए नकुल पुत्र कलुआ निवासी मोहल्ला कड़च्छ को गिरफ्तार किया।उसके कब्जे से सट्टा पर्ची, पैन, डायरी व नगद 1,440 रुपये बरामद किए हैं।पुलिस ने उसके खिलाफ जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुन्दन सिंह राणा ने बताया कि हरिद्वार एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल के आदेश पर क्षेत्र में अलग-अलग टीमों के माध्यम से अवैध शराब, स्मैक, चरस, गांजा और जुआ, सट्टे के खिलाफ अभियान चलाया गया है। पुलिस ने एक आरोपी नकुल पुत्र कलुआ, निवासी मोहल्ला कड़च्छ, ज्वालापुर पकड़ा है।उसके खिलाफ जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस टीम में कां.महावीर सिंह, कां. कर्म सिंह चौहान शामिल रहे।

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल पी.एन.बी.एच.एफ.एल. (रोशनी), हरिद्वार के ग्राहक हर्षवर्धन पुत्र जसवंत सिंह, निवासी-56, हरिनगर कालोनी, सलेमपुर महदूद, हरिद्वार, प्लॉट नं. बी-6 व बी-27 पर निर्मित आवासीय मकान, क्षेत्रफल 1,200 वर्ग फुट, खसरा नं. 1636, स्थित-ग्राम-सलेमपुर महदूद -2, हरिद्वार को महेश चौहान पुत्र विनोद कुमार, निवासी-ग्राम-सलेमपुर महदूद, हरिद्वार से क्रय करने के लिए ऋण प्राप्त करना चाहता है। यह कि उक्त सम्पत्ति की खतौनी खाता नं. 405, फसली 1430-1435, खसरा नं. 1636, स्थित- ग्राम-सलेमपुर महदूद-2, हरिद्वार में महेश चौहान पुत्र विनोद कुमार के साथ सहखातेदार प्रमोद कुमार व सुबोध कुमार व अबोध कुमार पुत्रगण बाबूराम व विद्यावती पत्नी बाबूराम व अरूणा देवी पत्नी विनोद कुमार है। महेश चौहान ने घोषणा की है कि उक्त सभी सहखातेदारों को उक्त आवासीय मकान के हर्षवर्धन को विक्रय होने में कोई आपत्ति नहीं है। और उक्त दशा में मेरे मुवक्किल के द्वारा उक्त मकान को बन्धक रखकर उक्त हर्षवर्धन के पक्ष में ऋण देना तय किया है। यदि किसी बैंक, व्यक्ति या संस्था का उपरोक्त मकान को बन्धक रखे जाने के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति/दावा है तो मुझे नीचे दिये गये पते पर सम्बन्धित दस्तावेज के साथ प्रकाशन के 7 दिनों में मुझसे सम्पर्क करे। इसके बाद कोई दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा और पी.एन.बी.एच. एफ.एल. (रोशनी), हरिद्वार द्वारा प्रस्तावित ऋण वितरित कर दिया जायेगा।
श्री सिद्धार्थ प्रकाश एडवोकेट, चैम्बर नं. 545, जिला एवं सत्र न्यायालय रोशनाबाद, जिला-हरिद्वार।
मो. नं. 8755433933

# उत्तराखंड की संस्कृति दिशा दर्शन का काम करती है : जोशी

■ सरस मेले में ग्राम्य विकास मंत्री जोशी ने किया प्रतिभाग, स्वयं सहायता समूहों को निजी व्यवसायियों के साथ पार्टनरशिप को लेकर गुल्लक 2 का आयोजन



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**टिहरी/ देहरादून।** सरस मेले के नवें दिन मंगलवार को प्रदेश के ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने प्रतिभाग किया। कैबिनेट मंत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने विभिन्न स्टालों का निरीक्षण कर सभी का स्वागत करते हुए उत्पादों एवं बिक्री की जानकारी लेते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस मौके पर डेढ़ लाख से अधिक का निवेश करने वाले 10 उद्यमियों और निवेशकों को चेक वितरित किए गए। इसके साथ ही अच्छा बिजनेस करने वाले 10 स्वयं सहायता समूह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मंत्री जोशी ने कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति सबसे समृद्ध संस्कृति है, जो दिशा दर्शन का काम करती है। आज 04 लाख 69 हजार से अधिक बहने स्वयं सहायता समूह के माध्यम से अपनी आजीविका चला रही हैं। उत्पादों की गुणवत्ता के चलते देश विदेश में इनकी मांग बहुत अधिक बढ़ रही है। महिलाओं के विकास से ही परिवार और समाज मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाये गए। उत्तराखंड में 02 लाख के सापेक्ष 01 लाख 63 हजार बहने लखपति दीदी बन चुकी हैं और उनके जीवन में काफी परिवर्तन आया है।

मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में 11 साल में देश ने बहुत तरक्की की है। 12 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए, 10 करोड़ से अधिक लोगों को आवास देने का काम किया गया, 80 से अधिक देशों को खाद्यान्न का निर्यात किया जाता है। इसी तरह लगातार प्रगति करते हुए निश्चित ही 2047 तक भारत विकसित भारत की श्रेणी में होगा।

ग्राम्य विकास मंत्री ने जिला प्रशासन द्वारा सरस मेले के अवसर पर की गई अभिनव पहल गुल्लक का आयोजन को लेकर प्रशंशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह लघु और मध्यम उद्यमियों को जोड़ने, परामर्श, उत्पादन क्षमता और पूंजी बढ़ाने, बाजार उपलब्धता करने के साथ ही सक्षम और आत्म निर्भर बनाने में लाभदायक कार्यक्रम है। उन्होंने मेले के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन की पूरी टीम की सराहना करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह सरस मेला 6 अक्टूबर से आयोजित किया जा रहा है जिसका कल 15 अक्टूबर को समापन किया जाएगा। कल तक डेढ़ करोड़ से अधिक की बिक्री हो चुकी है।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा उदय रावत, जिलाधिकारी टिहरी नितिका खण्डेलवाल, नगर पालिका अध्यक्ष मुनि की रेती नीलम सजवाण, नगर पंचायत अध्यक्ष तपोवन विनीता बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख जाखणीधार राज. श नौटियाल, ब्लॉक प्रमुख कीर्तिनगर, ब्लॉक प्रमुख चंबा सुमन सजवाण, ब्लॉक प्रमुख प्रतापनगर मनीषा पंवार, सीडीओ वरुणा अग्रवाल, पीडी डीआरडीए पी.एस. चौहान, डीडीओ मो. असलम, बीडीओ नरेंद्रनगर श्रुति वत्स सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रतिनिधियों को कार्यप्रणाली की जानकारी जरूरी: पूनम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों का पांच दिवसीय आवासीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत सभागार में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत ने दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर अपने संबोधन में पूनम कठैत ने कहा कि पंचायत प्रति. निधियों को शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों एवं विभागीय कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे इन योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू कर सकें। उन्होंने प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और अधिक से अधिक सीखने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने सभी ट्रेनों से अपेक्षा जताई कि वे जनप्रतिनिधियों को योजनाओं की बारीकियों से अवगत कराते हुए उन्हें व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करें।

प्रशिक्षण सत्र में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों ने उपयोगी जानकारियां साझा की। अपर मुख्य अधिकारी संजय कुमार ने 73वें संविधान संशोधन एवं पंचायती राज अधिनियम 2016 के प्रावधानों की जानकारी दी। वरिष्ठ सहायक विनोद कुमार ने सीएम हेल्पलाइन 1905 के संचालन एवं लाभों के बारे में बताया। लोकपाल डॉ सीपी चमोली ने मनरेगा योजनाओं पर विस्तृत जानकारी दी, जबकि सहायक पर्यटन अधिकारी संजय मेहरा ने पर्यटन विभाग से संबंधित योजनाओं एवं अवसरों पर चर्चा की। जिला कृषि अधिकारी लोकेन्द्र बिष्ट ने कृषि विभाग की प्रमुख योजनाओं के बारे में बताया। वित्तीय परामर्शदाता जिला पंचायत साब सिंह रांगड़ ने जिला पंचायत के वित्तीय संसाधनों एवं बजट निर्माण की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों द्वारा जनप्रतिनिधियों को शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन, पारदर्शिता और प्रभावशीलता से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# सीटू के जिला अध्यक्ष राणा व थपलियाल सचिव

**नई टिहरी।** भारतीय ट्रेड यूनियन सेंटर सीटू के एक दिवसीय जिला सम्मेलन का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया, जिसमें विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर श्रमिक वर्ग की समस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। सम्मेलन में जल निगम, जल संस्थान, आंगनवाड़ी यूनियन, संविदा रेल परियोजना तथा टीएचडीसी चालक-हेल्पर यूनियन के प्रति. निधियों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को सामने रखते हुए सरकार से मजदूर हित में ठोस कदम उठाने की मांग की।

# अवैध खनन पर प्रशासन सो रहा कुंभकरण की नींद

■ खुलेआम दौड़ रहे ओवरलोड ट्रैक्टर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** पछवादून क्षेत्र में अवैध खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है। क्षेत्र में बिना नंबर प्लेट और ओवरलोड ट्रैक्टर खुलेआम सड़कों पर दौड़ते नजर आ रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। पछवादून क्षेत्र में इन दिनों अवैध खनन का धंधा जोरों पर है। क्षेत्र की नदियों से दिन-रात अवैध तरीके से खनन किया जा रहा है और खनिज से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर बेखौफ होकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इन वाहनों पर नंबर प्लेट तक नहीं लगी हुई है।

जब इस संबंध में खनन अधिकारी से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने दावा किया कि "क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध खनन नहीं हो रहा है।" लेकिन ठीक उसी समय उनकी गाड़ी के सामने से पुल नंबर एक पर दर्जनों ट्रैक्टर अवैध खनन सामग्री से भरे हुए हिमाचल की सीमा की ओर जाते देखे गए।

वहीं, तहसीलदार विकासनगर विवेक राजौरी ने बताया कि "अवैध खनन की शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है और जल्द ही इस पर सख्त अंकुश लगाया जाएगा।"

स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो नदियों के किनारे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच सकता है और सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी बढ़ जाएंगी।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि "रोजाना रात-दिन ट्रैक्टर दौड़ते हैं, पुलिस-प्रशासन सब देखता है, लेकिन कोई रोक-टोक नहीं होती।" अवैध खनन पर कार्रवाई की बातें तो कई बार हो चुकी हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन वाकई में कार्रवाई करता है या फिर यह अवैध कारोबार इसी तरह फलता-फूलता रहेगा।

## एक नजर .......

# डाकपत्थर महाविद्यालय के बीबीए विभाग में विभागीय परिषद का गठन

**विकासनगर।** वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डाकपत्थर के बीबीए विभाग में विभागीय परिषद का गठन किया गया। परिषद गठन समारोह में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। इस अवसर पर छात्रों एवं शिक्षकों ने मिलकर नई टीम को शुभकामनाएँ दीं और विभाग को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया। गठित परिषद में प्रमुख पदों के लिए निम्न चयन किए गए। अध्यक्ष पद पर ऋषभ कुमार, उपाध्यक्ष पद पर गौरव, सचिव पद पर काजल, सह सचिव के रूप में आरती तथा कोषाध्यक्ष के रूप में सिजान खान का चयन हुआ। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में प्रिया, अंशिका, सृष्टि, शिवान और आरिव को शामिल किया गया है। परिषद के गठन के पश्चात विद्यार्थियों ने टीम भावना व नेतृत्व कौशल को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।

# प्रभारी मंत्री बहुगुणा ने की शोक संवेदना व्यक्त

**रुद्रप्रयाग।** भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सतेन्द्र बर्त्वाल की माता के आकस्मिक निधन पर प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने ग्राम सभा स्यूपुरी में उनके पैतृक आवास पर पहुँचकर शोक संवेदना प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को ढांढस बंधाया। बता दें कि प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा आपदा बैठक को लेकर जनपद रुद्रप्रयाग आए हुए थे, जिस दौरान सतेन्द्र बर्त्वाल की माता के निधन का समाचार सुनने पर वह उनके आवास पर पहुंचे। इस बीच सौरभ बहुगुणा ने कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है। क्योंकि मां की छत्रछाया हमेशा बच्चों पर बनी रहती है और आज वो छत्रछाया हट गई है। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में पूरा भाजपा परिवार उनके साथ है। वहीं, केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत, जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट, दर्जाधारी चंडी प्रसाद भट्ट, राज्य मंत्री ऐश्वर्या रावत, उपाध्यक्ष जिला पंचायत रितु नेगी, पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत सुमंत तिवारी, जिला महामंत्री अरुण चमोली, राय सिंह राणा आदि पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भी उनके पैतृक आवास पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की।

# अज्ञात शव मिलने से फैली सनसनी

**रुद्रप्रयाग।** नगर क्षेत्र में अलकनंदा नदी किनारे एक शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह नगर पालिका कार्यालय के पास अलकनंदा नदी किनारे एक अज्ञात शव मिला। नगर पालिका कार्मिकों द्वारा इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई, जिसके बाद कोतवाली निरीक्षक मनोज नेगी मय फोर्स मौके पर पहुंचे। घटनास्थल से शव को बरामद करते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया। पुलिस शव की शिनाख्त करने के प्रयासों में जुटी है।

# केदारनाथ में यात्रियों की मदद में तत्पर मित्र पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने में अब कुछ दिनों का समय शेष रह गया है। कपाट बंद की डेट नजदीक आने पर तीर्थयात्रियों की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा है। अब तक 17 लाख श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं और दस से बारह हजार के करीब तीर्थयात्री हर दिन धाम पहुंच रहे हैं।

बढ़ती भीड़ के बीच तीर्थयात्रियों का सामान यहां-वहां खो रहा है, जिसे ढूंढकर मित्र पुलिस यात्रियों के चेहरों पर मुस्कान लाने का काम कर रहे हैं।

बबा केदारनाथ के कपाट 23 अक्टूबर को भैयादूज पर्व के दिन बंद हो रहे हैं। बाबा केदार के कपाट की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे भक्तों का तांता भी धाम में देखने को मिल रहा है। भक्तों की बढ़ती भीड़ से स्थानीय लोगों के चेहरों पर भी मुस्कान देखने को मिल रही है।

सोनप्रयाग से लेकर केदारनाथ धाम तक यात्रा पड़ाव भक्तों की चहलक. दमी से गुलजार बने हैं। जहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है, वहीं उनका सामान भी यहां-वहां खो रहा है। जिसे खोजने में मित्र पुलिस जुटी हुई है। जिससे तीर्थयात्रियों के चेहरों पर भी मुस्कान देखने को मिल रही है।

# सचिन के सब इंस्पेक्टर बनने पर केदारघाटी में खुशी की लहर

**रुद्रप्रयाग।** केदारघाटी के पाली (ऊखीमठ) निवासी सचिन सेमवाल ने अपनी प्रतिभा, लगन और मेहनत से उत्तराखंड लोक सेवा आयोग हरिद्वार द्वारा आयोजित अग्निशमन द्वितीय अधिकारी परीक्षा में दूसरा स्थान (रैंक-2) प्राप्त किया है। उनकी यह उपलब्धि पूरे परिवार और जिले के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। सामाजिक संगठनों ने सचिन को आगे भी निरंतर सफलता और नई ऊँचाइयां प्रदान करने के लिए बाबा केदारनाथ से प्रार्थना की है। मास्टर की परीक्षा उनकी डीबीएस पीजी कॉलेज देहरादून से पूरी हुई। अधीकारी बनने पर जिले की जनता ने खुशी जताई है।

# हार्रावाला में आदर्श रामलीला में हुआ भगवान श्रीराम का राजाभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हार्रावाला।** आदर्श रामलीला समिति की ओर से आयोजित रामलीला में मंगलवार की रात भगवान श्रीराम चन्द्र का राजाभिषेक समारोह बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण छा गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हेमा पुरोहित, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मियावाला, तथा विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता मूलचन्द शिर्षवाल, पूर्व ग्राम प्रधान हार्रावाला उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि हेमा पुरोहित ने अपने संबोधन में कहा कि हमें भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि रामायण के प्रत्येक पात्र से जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है, हमें उनके जीवन से सीख लेकर अपने आचरण को श्रेष्ठ बनाना चाहिए।

अधिवक्ता मूलचन्द शिर्षवाल ने कहा कि भगवान श्रीराम के त्याग, आज्ञाकारिता, और मर्यादा जैसे गुण हमारे जीवन का हिस्सा बनने चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हम श्रीराम के चरित्र को अपनाएं, तो समाज में प्रेम, शांति और न्याय की स्थापना संभव है।

रामलीला समिति के अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र सिंह राणा तथा सदस्यों गोपाल दत्त किमोठी, यशवंत सिंह रावत, सुनील नौटियाल, डी.पी. खाली, आचार्य चन्द्रप्रकाश मंगाई, रघुनाथ सिंह नेगी, हरीश खन्तवाल, और जगदीश दौड़ियाल ने रामलीला की सफलता के लिए दिन-रात मेहनत की।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक दृश्य का सजीव दर्शन कर भावविभोर हो उठे। रामलीला मंचन की भव्यता और कलाकारों के उत्कृष्ट अभिनय की सभी ने सराहना की।

# सेपियंस स्कूल छात्रों का आइडियाथॉन व साइंस चैम्पियनशिप 4.0 में शानदार प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सेपियंस स्कूल विकासनगर के विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

आइडियाथॉन 2025 में विद्यालय के छात्रों ने डिजास्टर मैनेजमेंट विषय पर एक अभिनव प्रोटोटाइप मॉडल तैयार किया, जिसे चयनित किया गया। इसके बाद 11 अक्टूबर को आयोजित साइंस चैम्पियनशिप 4.0 में छात्रों द्वारा प्रस्तुत पावर जेन. रेशन मॉडल को पेटेंट हेतु चयनित किया गया, जो विद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

यह प्रतियोगिता शिवालिक इंजी. नियरिंग कॉलेज में राज्य स्तर पर आयोजित की गई थी, जिसमें लगभग एक 136 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। सेपियंस विद्यालय की ओर से अनुष्का डोगरा अभिज्ञान सागर एवं देवांश राणा ने प्रतिभाग किया और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सब का ध्यान आकर्षित किया। इस प्रोजेक्ट में बच्चों का नेतृत्व अध्यापक अश्वनी और विना डोगरा मैं ने किया था।

छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय की अध्यक्षा इंद्रा रानी सपरा, प्रबंधक रविकांत सपरा, रशिता सपरा, प्रधानाचार्य नवीन तनेजा तथा निदेशक रश्मि गोयल ने विद्यार्थियों के कार्य की सराहना की।

# नशे के खिलाफ ऐसा आंदोलन खड़ा होगा, सरकार भी इस पर हो जाएगी विवश: नवप्रभात

■ उत्तराखंड में नशा कारोबारियों को नहीं किया जाएगा बर्दाश्त




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** नशा छोड़ो भारत जोड़ो आंदोलन के अंतर्गत पूर्व कैबिनेट मंत्री नवप्रभात के नेतृत्व में हरबर्टपुर में जन जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवप्रभात ने कहा कि वह विधानसभा के अंतिम व्यक्ति तक इस कार्यक्रम को पहुंचाने का कार्य करेंगे और एक ऐसा आंदोलन खड़ा करेंगे को सरकार इस पर विवश हो जाएगी।

पूर्व कैबिनेट मंत्री नवप्रभात ने कहा कि नशे के खिलाफ जो बड़े लोग हैं उनके खिलाफ कार्रवाई हो, नशा हमारे क्षेत्र में कहां से आ रहा है सरकार का इस तरफ बिल्कुल भी ध्यान नहीं है, सरकार सिर्फ छोटे भैया लोगों को पड़कर अपने कार्य को अंजाम दे रही है। कहा नशा कहां से उत्तराखंड में कहां से सप्लाई हो रहा है उन लोगों तक पहुंचकर उन्हें गिरफ्तार करें।

नवप्रभात ने कहा दिवाली के बाद इस कार्यक्रम को ग्रामीण क्षेत्रों में जन जागरण के रूप में शुरू किया जाएगा।

विकासनगर विधानसभा और उत्तराखंड में नशा कारोबारियों को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा चाहे उन्हें कुछ भी इसके लिए करना पड़े। आज के जन जागरण कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष आशीष पुंडीर, नीरज रोहिल्ला, जितेंद्र रावत, सुनीता बिष्ट, पम्मी देवी, बिना चौहान, अभिषेक चौहान, पीसीसी सदस्य संजय जैन, यामिनी रोहिल्ला, मेहंदी हसन, धीरेन्द्र तड़ियाल, विजेंद्र उपाध्याय, कादिर आदि शामिल रहे।

# भाजपा सम्मेलन में स्वदेशी को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान

**नई टिहरी।** भाजपा टिहरी विधानसभा क्षेत्र द्वारा आयोजित आत्मनिर्भर भारत अभियान सम्मेलन में कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी अपनाने और उसे घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ रहा है, और इस मिशन को सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भूमिका आवश्यक है।जिला मुख्यालय नई टिहरी में आयोजित सम्मेलन का शुभारंभ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी शैलेंद्र बिष्ट ने दीप प्रज्वलित कर किया।

# जिला जूडो चौम्पियनशिप में सेपियंस विद्यालय के विद्यार्थियों ने जीते 12 पदक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, सेक्टर-4, देहरादून में 11 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक आयोजित देहरादून जिला जूडो चौम्पियनशिप, जो कि जूडो एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड से संबद्ध थी, में सेपियंस स्कूल, विक. ासनगर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

इस प्रतियोगिता में लगभग 20 स्कूलों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। सेपियंस विद्यालय से 12 विद्यार्थियों ने सहभागिता की और सभी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 12 पदक अपने नाम किए। जिनमें 1 स्वर्ण, 4 रजत और 7 कांस्य पदक शामिल हैं।

स्वर्ण पदक विजेता रही आयुषी रावत (-48 किग्रा, अंडर-17) ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का मन जीता। रजत पदक विजेताओं में गुंजन चौधरी (-57 किग्रा), ख़ुशी चौहान (-70 किग्रा), राखी नेगी (-52 किग्रा) और अर्णव सिंह थापा (-66 किग्रा) रहे। वहीं कांस्य पदक विज. ताओं में अनिष्का भट्ट, आयशा गोंडियाल, अधिर राणा, शिवांश, सोहम ठाकुर, श्रेष्ठ थापा और रिद्धि शामिल रहीं।

इस प्रतियोगिता में इन सब बच्चों का नेतृत्व अध्यापक भगत, संजय और सतीश ने किया।

विद्यालय की अध्यक्षा इंदिरा रानी सपरा, प्रबंधक रविकांत, रशिता सपरा, निर्देशक रश्मि गोयल तथा प्रधानाचार्य नवीन तनेजा ने विद्यार्थियों को उनकी इस उपलब्धि पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# एक ही ऑपरेशन में दोनों घुटनों का सफल प्रत्यारोपण

**श्रीनगर।** वीर चंद्र सिंह गढ़वाली राजकीय मेडिकल कॉलेज के बेस अस्पताल के ऑर्थोपेडिक विभाग ने चिकित्सा क्षेत्र में नई मिसाल कायम की है। यहां पहली बार डॉक्टरों की टीम ने एक ही ऑपरेशन में 76 वर्षीय महिला मरीज के दोनों घुटनों का सफल प्रत्यारोपण किया है। इससे पहले आमतौर पर डॉक्टर एक बार में केवल एक ही घुटने का प्रत्यारोपण करते आए हैं। कुंजविहार, श्रीनगर निवासी रामेश्वरी देवी (76) पिछले कई वर्षों से घुटनों के दर्द से पीड़ित थीं। उनके दोनों घुटने घिस चुके थे और अंदर की ओर मुड़ गए थे, जिससे उठने-बैठने और चलने-फिरने में भारी परेशानी होती थी।

# रा.इ.का. का ब्लॉक स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दबदबा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** अटल उत्कृष्ट विद्यालय राजकीय इंटर कॉलेज क्वासी में आयोजित चकराता ब्लॉक स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज कांडोई भरम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। कॉलेज के खिलाड़ियों ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन कर क्षेत्र में अपनी खेल क्षमता का लोहा मनवाया।

प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान अटल उत्कृष्ट विद्यालय राजकीय इंटर कॉलेज क्वासी ने प्राप्त किया। राजकीय इंटर कॉलेज कांडोई भरम के चार छात्र-छात्राओं ने व्यक्तिगत चैंपियनशिप भी जीती। अंडर-17 बालक वर्ग में यादेश परमार ने 100 मीटर दौड़, लंबी कूद और त्रिकूद में प्रथम स्थान हासिल किया। अंडर-19 बालिका वर्ग में किरन ने 100 मीटर दौड़, लंबी कूद और त्रिकूद में पहला स्थान पाया। अंडर-19 बालिका वर्ग में सृष्टि ने 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ और ऊंची कूद में बाजी मारी।प्रतियोगिता की शुरुआत मार्चपास्ट से हुई, जिसके बाद गत वर्ष की चैंपियन बालिका और राजकीय इंटर कॉलेज कांडोई भरम की छात्रा अनीता ने शपथ लेकर खेलों का शुभारंभ किया।।34 छात्र संख्या वाले विद्यालय द्वारा ऐसा उत्कृष्ट प्रदर्शन करना सराहनीय रहा। विद्यालय के व्यायाम शिक्षक वीरेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद छात्र-छात्राओं ने निरंतर मेहनत जारी रखी, जिसका परिणाम आज वो यह ऐतिहासिक सफलता है।

# सिटी बस को सीएम ने दिखाई हरी झंडी

## नागरिकों को मिलेगी सस्ती, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल सुविधा: धामी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहरवासियों के लिए मंगलवार का दिन नई सौगात लेकर आया, जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बहुप्रतीक्षित हल्द्वानी सिटी बस सेवा का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने सर्किट हाउस परिसर से बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री धामी ने इस अवसर को शहर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि यह सेवा नागरिकों को सस्ती, सुलभ और सुरक्षित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराएगी, जिससे न केवल यातायात दबाव में कमी आएगी, बल्कि शहर में प्रदूषण भी घटेगा और ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य उत्तराखंड के सभी नगरों में आधुनिक, पर्यावरण अनुकूल और सुरक्षित परिवहन व्यवस्था विकसित करना है। इससे आम जन को बेहतर आवागमन सुविधा प्राप्त होगी, साथ ही शहरों का समग्र विकास भी सुनिश्चित होगा। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि सिटी बस सेवा को चरणबद्ध तरीके से शहर के प्रमुख मार्गों पर लागू किया जाएगा। इसका लाभ विशेष रूप से स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों और नौकरीपेशा लोगों को मिलेगा। इस मौके पर मेयर गजराज सिंह बिष्ट, कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत, आईजी रिद्धिमा अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी अनामिका सहित कई जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## दमकल विभाग ने मंडी में लगे फायर हाईड्रेंट का किया निरीक्षण

**हल्द्वानी।** दीवाली जैसे बड़े त्योहार को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दमकल विभाग पूरी तरह सतर्क है। मंगलवार को एफएसओ मिंदर पाल सिंह के नेतृत्व में दमकल अधिकारियों की टीम ने नवीन मंडी परिसर में लगे फायर हाईड्रेंट का निरीक्षण किया। विभाग को राहत की बात यह मिली कि मंडी में लगे सभी पांचों फायर हाईड्रेंट पूरी तरह सक्रिय और सही हालत में पाए गए।

# श्रद्धालुओं को गंगोत्री धाम किया रवाना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मातृ-पितृ तीर्थाटन योजना के तहत मंगलवार को काठगोदाम सर्किट हाउस से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्रद्धालुओं के दल को पवित्र गंगोत्री धाम के लिए रवाना किया। मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा की शुरुआत कराई और सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुखद एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार की यह योजना वरिष्ठ नागरिकों को धार्मिक तीर्थ स्थलों के दर्शन का अवसर देकर उनके जीवन में आध्यात्मिक शांति, आनंद और आत्मिक संतोष का भाव जागृत करने का प्रयास है। इस तीर्थ यात्रा में कुल 32 श्रद्धालु शामिल हैं, जिनमें 19 महिलाएं और 13 पुरुष हैं। यात्रा की अवधि पांच दिन की होगी, जिसमें श्रद्धालु गंगोत्री धाम सहित मार्ग में आने वाले विभिन्न पवित्र स्थलों के दर्शन करेंगे। श्रद्धालुओं के आवास, भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था गढ़वाल मंडल विकास निगम के पर्यटन आवास केंद्रों में की गई है, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो और यात्रा का अनुभव सुखद हो। इस मौके पर कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, आईजी रिद्धिमा अग्रवाल, राज्य सरकार में विभिन्न दायित्वधारी, जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रह

# पटेल चौक में ज्वैलर्स की दुकान राख

**हल्द्वानी।** मंगलवार सुबह पटेल चौक स्थित रामलीला ग्राउंड के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक प्रतिष्ठित ज्वैलर्स की दुकान में अचानक आग भड़क उठी। दीवाली की खरीदारी के बीच बाजार में अफवाहों और डर का माहौल बन गया। गनीमत रही कि दुकान में मौजूद कर्मचारी समय रहते बाहर निकल आए, जिससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

हालांकि आस-पास के दुकानदार व्यापारियों की सुझबुझ कर समय रहते आग पर काबू पा लिया। जानकारी के अनुसार पटले चौक रामलीला मैदान के पास आशु ज्वैलर्स की दुकान है। बताया जा रहा कि आज मंगलवार की सुबह दुकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया। दुकान के अंदर काम कर रहे कर्मचारी व दुकानस्वामी ने बाहर आकर अपनी जान बचाई। आग की सूचना से आस-पास में हड़कंप मच गया। आस-पास के दुकानदारों ने सुझबुझ का परिचय देते हुए बिना दमकल टीम की मदद के ही आग पर काबू पा लिया। लोगों ने तुरंत पानी डालकर आग बुझाई और एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, आग से निकले काले धुएं के गुबार ने पूरे बाजार में दहशत फैला दी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में फर्नीचर और अन्य कीमती सामान जलकर राख हो गया। दुकान स्वामी ने अनुमान जताया कि एक लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों को लेकर दो मत सामने आए हैं कुछ लोगों ने इसे शॉर्ट सर्किट बता रहे जबकि कुछ लोगों का कहना है कि दुकान में


**यूजेवीएन लिमिटेड**

मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGCO25866 | वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांक- 798 **निविदा सूचना** दिनांक- 14/10/2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद-अनुरक्षण), यमुना भवन, यमुना कालोनी, देहरादून इच्छुक निविदादाताओं से से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः

**निविदा सं0. 10/EE(C-M)/DDN/2025-26.**

**कार्य का नाम** : यमुना कालोनी स्थित यूजेवीएन लिमिटेड के तृतीय श्रेणी के आवासों में अनुरक्षण एवं मरम्मत का कार्य।

**अनुमानित लागतः** रू 22.59 लाख(जी0एस0टी0 अतिरिक्त)

**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथिः** 15.10.2025 को 14.00 बजे से।

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः** 06.11.2025 को 14.00 बजे तक।

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट **"www.ujvnl.com"** से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**अधिशासी अभियन्ता (जानपद-अनुरक्षण)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"



**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड**

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कार्यालय अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड, मोहनपुर, 56-स्पेशल विंग, प्रेमनगर, देहरादून
कारपोरेट आईडी नं०: U40109UR2001SGC025867, दूरभाषः 0135-2978072

**विद्युत बाधित सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, मोहनपुर, देहरादून के अधीनस्थ विद्युत वितरण उपखण्ड, मोहनपुर के अंतर्गत सभी सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 33/11 के०वी० उपसंस्थान मोहनपुर से पोषित निम्नांकित फीडरों पर आवश्यक अनुरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण कार्य प्रस्तावित किये जाने के कारण निम्नलिखित 11 के०वी० पोषकों पर विद्युत आपूर्ति निम्नांकित दिनांक को निम्न सारणी के अनुसार **पूर्ण अथवा आंशिक** रूप से बाधित रहेगीः-

| दिनांक | समय | 33/11 के०वी० उपसंस्थान का नाम | 11 के०वी० फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 15.10.2025 | प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, मोहनपुर | 11 के०वी० धौलास | संबंधित फीडरों से पोषित समस्त क्षेत्र। |
| 16.10.2025 | | | 11 के०वी० झाझरा | |
| 16.10.2025 | प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक | | 11 के०वी० श्यामपुर | |
| 16.10.2025 | दोपहर 01:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक | | 11 के०वी० मोतिपुर | |

अतः समस्त उपभोक्ताओं से निवेदन है कि इस कार्य हेतु अपनी वैकल्पिक व्यवस्था बनाये रखें एवं विद्युत विभाग को सहयोग करने की कृपा करेंगे।

**No.: 652/EE(CM)/UPCL/A-2**
**Dated: 14.10.2025** **अधिशासी अभियंता**

राष्ट्रहित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल०ई०डी० बल्ब का प्रयोग करें।
(टोल फ्री नं०. 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं० 1800 180 4185/फैक्स संख्या-0135-2760911 पर दें।)



**आज्ञा से**- सांची अग्रवाल, अपर सिविल जज (जू0डी0) डोईवाला, जिला देहरादून।

**न्यायालय अपर सिविल जज (जू0डी0), डोईवाला, जिला देहरादून।**

मूल वाद सं0 49 वर्ष 2024
श्री पवन शर्मा **बनाम**
श्री बिशनलाल आदि

**नोटिस बनाम प्रस्तावित्त प्रतिवादी सं0 1**

01 श्री बिशनलाल पुत्र श्री जागर नैन, निवासी ग्राम बडेरना खुर्द, पो0ओ0 हल्द्वाडी, तहसील डोईवाला, जिला देहरादून, पिन सं0 248143 हाल निवासी 503, सेक्टर 7बी0, चंडीगढ़। पिन सं0-160019.

चूँकि उपरिनामांकित वादी ने आपके विरूद्ध इस न्यायालय में मूल वाद योजित किया है। अतैव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस मूल वाद के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए दिनांक 17 माह 11 सन् 2025 को समय 10:00 बजे पूर्वाहन में स्वयं या सम्यक्रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो व ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त मूलवाद आपके विरूद्ध एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय के मुद्रा आज दिनांक 13 माह 10 सन् 2025 को जारी किया गया है।

ह0
प्रबन्धक
अपर सिविल जज (जू0डी0)
डोईवाला, देहरादून।



**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र **तौषेन्द्र प्रताप** व उसकी पत्नी **सोनम** का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने तौषेन्द्र प्रताप व सोनम को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। आज के बाद उक्त दोनों के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेन-देन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सत्यपाल सैनी पुत्र मोल्हड़ सिंह सैनी,** नि0- ग्राम व डाक डन्डेडी ख्वाजगीपुर, तह0 रुड़की, हरिद्वार।



**सार्वजनिक सूचना**

शपथकर्ता के एस0बी0आई0 बैंक खाते के अभिलेखो में भूलवश **RAJ BALA** दर्ज व अंकित हो गया है। जबकि शपथकर्ता के अन्य सभी दस्तावेज में नाम **BRIJBALA** के रूप में दर्ज व अंकित है। शपथकर्ता का नाम **RAJ BALA** व **BRIJBALA** दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं।

**बृजबाला पत्नी स्व0 श्री छत्रपाल,** निवासी- 172 नवाबगढ़ बसंतपुर विकासनगर देहरादून, उत्तराखंड।



**कार्यालय नगर पालिका परिषद डोईवाला देहरादून**

पत्र सं०805/सम्पति नामान्तरण / करअनुभग /2024-25 दिनांक: 10.10.2025

**इश्तहार नामान्तरण**

**नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147(2) के अन्तर्गत**

आपको एतद नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि मौ0 नईम व नाहिद पुत्रगण मौ0 हबीब निवासीगण तेलीवाला,मारखमग्रांट प्रथम, तहसील डोईवाला द्वारा इस आशय का एक प्रर्थना पत्र मय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत किया गया है कि नगर पालिका डोईवाला के अभिलेखों में सम्पत्ति सख्या 129 स्थित वार्ड संख्या 05 श्रीमती विमल बोरा पत्नी श्री दरपान सिंह बोरा के स्थान पर उनका नाम दर्ज किया जाए।

अत: जिस संस्था/व्यक्ति को उक्त सम्पत्ति हस्तानतरण पर कोई आपत्ति हो तो, वह इस नोटिस प्राप्ति एवं प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय ठोस दस्तावेजों के साथ कार्यालय में दे सकते है। कालान्तित आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आपत्ति प्राप्त न होने पर नियमानुसार एक पक्षीय कार्यावाही कर दी जायेगी जो सभी को मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद डोईवाला**



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**कार्यालय नगर पालिका परिषद गौचर ( चमोली )**

पत्रांक:859/लॉटरी - आवंटन /2025-26 / दिनांक 14.10.2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गौचर द्वारा निर्मित खाली दूकानों को लॉटरी के माध्यम से किराये पर आवंटित किया जाना है इच्छुक व्यक्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 25/10/2025 अपराहन तक आवेदन फार्म निकाय कार्यालय से रुपया 200. 00 (दो सौ रूपया) जमा करने के उपरान्त प्राप्त कर सकते है। जो उसी दिन सील बन्द लिफाफे में स्वच्छ एवं साफ भरकर कार्यालय में जमा करना होगा उक्त तिथि के बाद किसी भी प्रकार से विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा। निम्न दुकानों हेतु लॉटरी दिनांक 27/10/2025 को समय 11 बजे निकाय कार्यालय सभागार में अद्योहस्ताक्षरी एवं लॉटरी में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागिय के सम्मूख खोली जायेगी। अन्य शर्ते निकाय कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस/आवेदन फर्म के साथ प्राप्त की जा सकती हैं।

| क्र०सं० | आवंटित दूकान का स्थान | दूकानों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | मीट मार्केट गौचर | 01 |
| 2 | न्यू बस अड्डा निकट ताज पैलेस | 01 |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**गौचर ( चमोली )**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद गौचर**
**गौचर ( चमोली )**



# कार्यालय नगर पालिका परिषद् गौचर (चमोली)

पंत्राक-867/अ0नि0सू0/2025-2026/ दिनॉक : 14, अक्टूबर 2025

**अल्पकालिन निविदा सूचना**

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा नगर पालिका परिषद् गौचर के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि राज्य वित आयोग की संक्रमित धनराशि से पालिका निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सीलबन्ध निविदायें दिनॉक 30/10/2025 को अपराहन 2:00 बजे तक पालिका कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जो दिनॉक 31/10/2025 को प्रातः 11.00 बजे अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में उपस्थित निविदा समिति के सदस्यों एवं निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदाप्रपत्रों की बिक्री निविदा प्रकाशन की तिथि से दिनॉक 28/10/2025 तक कार्यालय दिवस को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 01 बजे तक निकाय कार्यालय में की जायेगी। दरों की वैद्यता के सम्बन्ध में रूपयें 100 के नॉन जुडिशियल फॉर्म के साथ रैवन्यू/रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर कर निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा। धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचतपत्र (सेविंग पासबुक)/सी0डी0आर0 /एफ0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद् गौचर के पदनाम बन्धक हो संलग्न की जानी आवश्यक है। कार्यो से सम्बन्धित अन्य शर्ते किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। निविदा तिथि को अवकाश होने की दशा में अगले कार्यदिवस को निविदा तिथि माना जायेगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानितलागत | धरोहर धनराशि 3% | निविदाप्रपत्र का मूल्य + GST | कार्य अवधि | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बोडाला प्रतीक्षालय से पनाई शिवालय तक सी0सी0 पुस्ता एवं रैलिंग निर्माण कार्य। | 3.75 लाख | 11250.00 | 500+GST | 90 दिन | 45 दिन |
| 2 | वार्ड नं0-02 रावलनगर तल्ला में आम के पेड निर्मित मिलन केन्द्र का मरम्मत कार्य एवं टाइल निर्माण कार्य। | 5.45 लाख | 16350.00 | 1000+GST | 90 दिन | 45 दिन |
| 3 | वार्ड नं0-02 रावलनगर मिलन केन्द्र समीप फ्रैबीकेडेड शैड, सीढी व शौचालय निर्माण कार्य। | 5.42 लाख | 16260.00 | 1000+GST | 90 दिन | 45 दिन |
| 4 | वार्ड नं0-02 प्रा0स्वा0 केन्द्र गौचर से कृषि गोदाम होते हुए एवं जी0आई0सी0 गेट समीप से मुख्य नाली कृषि गोदाम होते हुए जी0जी0आई0सी0 रोड समीप मुख्य नाली तक ओपन/भूमिगत गहरा आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 6.50 लाख | 19500.00 | 500+GST | 90 दिन | 45 दिन |
| 5 | वार्ड नं0-03 में अवस्थित बालमिकि कॉलोनी में अस्थाई टिन शैड के स्थान पर पक्के भवन एवं अन्य कमरों का अनुरक्षण कार्य। | 14.50 लाख | 43500.00 | 1500+GST | 90 दिन | 45 दिन |
| 6 | वार्ड नं0-03 बसन्त पुर में नगर पालिका मार्ग से गोपाल लाल एवं हरीश लाल के घर तक इण्टर लॉक रास्ता, रैलिंग व सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य। | 6.75 लाख | 20250.00 | 1000+GST | 90 दिन | 45 दिन |
| 7 | वार्ड नं0-03 शैल समीप मिलन केन्द्र में शौचालय, टाइल व अनुरक्षण कार्य। | 6.00 लाख | 18000.00 | 1000+GST | 90 दिन | 45 दिन |
| 8 | वार्ड नं0-04 श्री जगदीश कनवासी जी के घर से शनि मंदिर ग्रैफ चौक तक टाइल निर्माण कार्य। | 6.25 लाख | 18750.00 | 1000+GST | 90 दिन | 45 दिन |
| 9 | वार्ड नं0-07 में रावलदेवता मंदिर का अनुरक्षण एवं विस्तारी करण कार्य। | 7.25 लाख | 21750.00 | 1000+GST | 90 दिन | 45 दिन |
| 10 | कार्यालय समीप अवस्थित रैन हार्वेस्टींग टैंक/बडे टैंक के बगल पर दो कमरों का स्टोर निर्माण कार्य। | 6.75 लाख | 20250.00 | 1000+GST | 90 दिन | 45 दिन |
| 11 | तज पैलेस समीप बस अडडे के प्रथम तल के सम्पूर्ण क्षेत्र में आवश्यकतानुसार अतिथि गृह निर्माण कार्य। | 6.50 लाख | 19500.00 | 1000+GST | 90 दिन | 45 दिन |
| 12 | निकाय कार्यालय समीप कर्मचारी आवासीय भवनों की छत पर अनुरक्षण कार्य के साथ सीढी व रैलिंग निर्माण कार्य। | 3.75 लाख | 11250.00 | 500+GST | 90 दिन | 45 दिन |
| 13 | निकाय कार्यालय समीप आवासीय कमरों पर किचन, बाथरुम एवं कमरों का विस्तारी करण निर्माण कार्य। | 9.50 लाख | 28500.00 | 1000+GST | 90 दिन | 45 दिन |
| 14 | निकाय सभागार (निकट पटवारी चौकी) के सम्पूर्ण भवन में मरोम्मत/सौन्दर्यीकरण एवं रंगरोगन कार्य। | 6.50 लाख | 19500.00 | 500+GST | 90 दिन | 45 दिन |
| 15 | बॉलमिकि कॉलोनी के नीचे से पुराने डाटपुल तक लोडियागाड गदेरे से होने वाले कटाव की रोकथाम हेतु आर0सी0सी0 बॉल/पल्म निर्माण कार्य। | 10.50 लाख | 31500.00 | 1500+GST | 90 दिन | 45 दिन |
| 16 | निकाय कार्यालय/सभागार में पी0वी0सी0 पैनल कार्य | 16.50 लाख | 49500.00 | 1500+GST | 90 दिन | 45 दिन |
| 17 | निकाय कार्यालय समीप वाहन पार्किग स्थल की बाउण्ड्री को आवश्यकतानुसार गोशाला की ओर एल आकार में सटाते हुए नवीन बाउण्ड्री वॉल निर्माण कार्य के साथ ही निकाय वाहन पार्किंग में इण्टर लॉक टाइल एवं डग निर्माणकार्य। | 10.50 लाख | 31500.00 | 1500+GST | 90 दिन | 45 दिन |
| 18 | निकाय आवासीय भवन समीप अवस्थित भण्डार कक्ष के प्रथम तल पर 02 कमरे किचन व शौचालय, सीढी सहित निर्माण कार्य। | 11.75 लाख | 35250.00 | 1500+GST | 90 दिन | 45 दिन |
| 19 | वार्ड नं0-05 निकाय के अपर मार्केट में द्वितीय तल पर सीढी/स्लैब एवं तृतीय तल पर फैब्रीकेटैड हट्स निर्माण कार्य। | 18.50 लाख | 55500.00 | 1500+GST | 90 दिन | 45 दिन |
| 20 | एस0बी0आई0 कार्यालय के ऊपर प्रथम तल की छत हटाते हुए द्वितीय तल पर 2BHK/3BHK कमरों का सीढी सहित निर्माण कार्य। | 24.29 लाख | 72870.00 | 2000+GST | 90 दिन | 45 दिन |
| 21 | पनाई एस0सी0बस्ती भैरव मंदिर समीप पुस्ता, टाइल एवं सौन्दर्यी करण कार्य। | 4.75 लाख | 14250.00 | 500+GST | 90 दिन | 45 दिन |
| 22 | वार्ड नं0-01 पनाई जलसिरा में तरण ताल एवं सौन्दर्यी करण कार्य। | 10.75 लाख | 32250.00 | 1500+GST | 90 दिन | 45 दिन |
| 23 | वार्ड नं0-06 बसन्त पुर जाने वाले पुल समीप पार्क, रैलिंग, सौन्दर्यी करण एवं स्थल विकास कार्य। | 12.75 लाख | 38250.00 | 1500+GST | 90 दिन | 45 दिन |
| 24 | वार्ड नं0-01 पनाई सिरा आम प्रतिक्षालय समीप तरण ताल निर्माण कार्य। | 8.25 लाख | 24750.00 | 1000+GST | 90 दिन | 45 दिन |
| 25 | वार्ड नं0-01 पनाई पन तौडा से गदेरा प्रतिक्षालय तक दुपहिया वाहन मार्ग अनुरक्षण एवं रैलिंग कार्य। | 4.90 लाख | 14700.00 | 500+GST | 90 दिन | 45 दिन |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद्**
**गौचर चमोली**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद्**
**गौचर चमोली**

# राहुल की फिफ्टी: भारत ने पूरी की जीत की औपचारिकता

**● भारत ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट में सात विकेट से हराकर सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया है**




**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट में मंगलवार को सात विकेट से हराकर सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया है। पांचवें दिन के खेल में उन्हें जीत के लिए सिर्फ 58 रनों की जरूरत थी, जिसे उन्होंने केएल राहुल के अर्द्धशतक की मदद से पांचवें दिन एक घंटे के भीतर ही हासिल कर लिया। हालांकि इस दौरान उन्हें अपने दो विकेट गंवाने पड़े। दिन की शुरूआत में राहुल और साई सुदर्शन (39) आराम से लक्ष्य की तरफ बढ़ रहे थे। राहुल ने दिन के पांचवें ओवर में जोमेल वारिकन की गेंद पर आगे निकलकर मिड ऑफ के ऊपर से चौका लगाया और दिन की पहली बाउंड्री अपने नाम की। इसके बाद उन्होंने खारी पिएर के ओवर में कदमों का इस्तेमाल कर छक्का और चौका भी हासिल किया। वहीं सुदर्शन पूरी तरह शांत रहें और जब उन्होंने रॉस्टन चेज की एक फुलर गेंद को ड्राइव लगाने की कोशिश की, तो गेंद ने उनके बल्ले का बाहरी किनारा लिया और स्लिप में शाई होप ने दायीं ओर डाइव लगाकर एक बेहतरीन कैच लपका। इसके बाद आए भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने चेज को निशाना बनाते हुए कदमों का इस्तेमाल कर छक्का और चौका लगाया, लेकिन उसी ओवर में एक और छक्का मारने के चक्कर में गेंद को हवा में खेल बैठे और जस्टिन ग्रीव्स ने मिडविकेट से पीछे दौड़कर एक खूबसूरत कैच अपने नाम किया। हालांकि इसके बाद आए ध्रुव जुरेल ने कोई गलती नहीं की। इस बीच राहुल ने वारिकन की गेंद को फाइन लेग की ओर दो रनों के लिए खेल अपना अर्द्धशतक पूरा किया और वारिकन के अगले ओवर में मिडविकेट पर चौका मारकर जीत की औपचारिकता पूरी की। सीरीज में क्लीन स्वीप के बाद भारतीय टीम सीमित ओवर सीरीज के लिए

## घर में सर्वाधिक टेस्ट जीत तीसरे नंबर पर पहुंचा भारत

**● भारत ने अब किसी एक विपक्षी के खिलाफ लगातार सबसे ज्यादा सीरीज जीतने का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के साथ साझा किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने दिल्ली टेस्ट के पांचवें दिन सुबह जीत के लिए आवश्यक 58 रन आसानी से हासिल कर लिए और सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। वेस्टइंडीज यह देखकर संतुष्ट हो सकता है कि उन्होंने इस साल का अपना सबसे मजबूत बल्लेबाजी प्रदर्शन करते हुए मैच को पांचवें दिन तक खींचा, लेकिन भारत की जीत पर कभी कोई खतरा नहीं था। इसके साथ ही भारत ने सीरीज स्वीप के साथ कई रिकॉर्ड्स भी बनाए।

एक नजर मैच से जुडे अहम आंकड़ों पर। भारत अब अपने घरेलू मैदानों पर कुल 122 टेस्ट मैच जीत चुका है। इस मामले में भारत अब दक्षिण अफ्रीका (121) को पीछे छोड़ते हुए तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। अब भारत से आगे सिर्फ इंग्लैंड (241) और ऑस्ट्रेलिया (262) हैं। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अब लगातार 10 सीरीज जीत हासिल कर ली है। यह क्रम 2002 से चला आ रहा है। भारत ने अब किसी एक विपक्षी के खिलाफ लगातार सबसे ज्यादा सीरीज जीतने का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के साथ साझा कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका ने भी वेस्टइंडीज के खिलाफ 10-0 का रिकॉर्ड बनाया था। यह भारत का वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार 27वां टेस्ट रहा, जिसमें उसे हार का सामना नहीं करना पड़ा। किसी एक टीम के खिलाफ भारत का यह सबसे लंबा अपराजेय सिलसिला है। आखिरी बार भारत को वेस्टइंडीज ने 2002 में हराया था। दिल्ली में भारत लगातार 14 टेस्ट मैचों से अपराजेय है। आखिरी बार भारत यहां 1987 में वेस्टइंडीज से हारा था। 1993 के बाद से भारत ने दिल्ली में 14 टेस्ट खेले हैं, जिनमें 12 जीते और दो ड्रॉ रहे हैं। इस नतीजे के साथ दिल्ली ने मोहाली (1997 से 13 टेस्ट) और मुंबई के ब्रेबॉर्न स्टेडियम (1948-1965 के बीच 13 टेस्ट) को पीछे छोड़ते हुए भारत के सबसे लंबे अपराजेय घरेलू मैदानों में शीर्ष पर जगह बनाई। ध्रुव जुरेल अब तक जितने भी टेस्ट खेले हैं, उन सभी में भारत विजेता रहा है। उन्होंने 2024 की शुरुआत में राजकोट टेस्ट (इंग्लैंड के खिलाफ) में डेब्यू किया था। इससे पहले भुवनेश्वर कुमार अपने पहले छह टेस्ट तक हर बार विजेता टीम का हिस्सा रहे थे। इस सीरीज में भारत ने कुल 13 विकेट गंवाए।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## पेरिस 2024 फेयर प्ले अवार्ड्स के विजेताओं की घोषणा

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने सोमवार को पेरिस 2024 फेयर प्ले अवार्ड्स के विजेताओं की घोषणा की। यह पुरस्कार मैत्री, खेल भावना और एकजुटता के प्रतीक हैं। नॉर्वे के डेकाथलीट सैंडर स्कोथीम, स्पेन के एंटोनियो रोजास और जर्मन ओलंपिक खेल परिसंघ ने ओलंपिक संग्रहालय में आयोजित समारोह में ये पुरस्कार प्राप्त किए। आईओसी द्वारा मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय फेयर प्ले समिति ने स्कोथीम का चयन इसलिए किया क्योंकि उन्होंने पोल वॉल्ट में एक निश्चित ऊंचाई तक पहुंचने में असफल रहने के बावजूद पुरुषों की डेकाथलॉन प्रतियोगिता में भाग लेना जारी रखा।

## पर्थ वनडे में नहीं खेलेंगे जम्पा और जॉश इंगलिस

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा पितृत्व कारणों से पर्थ में भारत के खिलाफ पहला वनडे मिस करेंगे। उनकी जगह मैथ्यू कुनमन को टीम में शामिल किया गया है, जबकि जॉश फिलिपे को जॉश इंगलिस के कवर के रूप में पर्थ बुलाया गया है क्योंकि एलेक्स केरी एशेज की तैयारी के तहत एक शेफील्ड शील्ड मैच खेल रहे हैं। जम्पा की पत्नी हैरियट अपनी दूसरी संतान के अंतिम गर्भावस्था चरण में हैं और डिलीवरी की तारीख नजदीक होने के कारण जम्पा ने उत्तरी न्यू साउथ वेल्स के अपने घर पर ही रहने का फैसला किया है, क्योंकि पर्थ से लौटना अपेक्षाकृत कठिन है। वह एडिलेड और सिडनी में होने वाले दूसरे और तीसरे वनडे में वापसी कर सकते हैं, क्योंकि इन दोनों शहरों से घर लौटना आसान है। वह पूर्वी तट पर खेले जाने वाले पांच मैचों की टी-20 सीरीज में भी शामिल रहेंगे।

# गिल ने इंग्लैंड में कप्तानी की परीक्षा पास कर ली थी: गंभीर



**● व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर होना खिलाड़ियों के लिए बहुत कठिन है खासकर उनके लिए जो तीनों फॉर्मेट में खेलते है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कोच गौतम गंभीर का कहना है कि भले ही क्रिकेट कैलेंडर बहुत व्यस्त है, लेकिन फिर भी जिस तरह से खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट को महत्व दे रहे हैं और उसकी तैयारी के लिए घरेलू क्रिकेट और ए सीरीज खेल रहे हैं, उसे देखना सुखद है। गौरतलब है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज से ठीक पहले भारतीय टेस्ट दल के 15 सदस्यों में से आठ ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ अनाधिकृत टेस्ट सीरीज में हिस्सा लिया था। जबकि इसके अलावा कप्तान शुभमन गिल और अनुभवी जसप्रीत बुमराह सहित कुछ अन्य खिलाड़ी उस समय एशिया कप में व्यस्त थे। 2-0 से सीरीज जीत के बाद पत्रकारों से बात करते हुए गंभीर ने मंगलवार को कहा कि व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर होना खिलाड़ियों के लिए बहुत कठिन है, खासकर उन खिलाड़ियों के लिए जो तीनों फॉर्मेट खेल रहे हैं। लेकिन जिस तरह से इस सीरीज की तैयारियों के लिए कुछ टेस्ट खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ ए सीरीज खेली, वह बहुत महत्वपूर्ण है। इसी तरह से इन खिलाड़ियों का दक्षिण अफ्रीका सीरीज से पहले रणजी ट्रॉफी खेलना बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। यह कुछ ऐसी चीज है, जिसे इन खिलाड़ियों ने बहुत ही बेहतरीन ढंग से अपने ऊपर लागू किया है। वे टेस्ट क्रिकेट की तैयारी सही ढंग से कर रहे हैं और वह परिणामों में भी दिख रहा है। मुझे लगता है कि जो भी खिलाड़ी सिर्फ टेस्ट क्रिकेट का हिस्सा हैं, उनके लिए घरेलू क्रिकेट खेलना बहुत जरूरी है, बजाय इसके वह सिर्फ एनसीए जाए और अपने स्किल पर काम करें।

## हर्षित राणा पर सवाल उठाना शर्मनाक है: गंभीर

**नई दिल्ली, वार्ता।** हर्षित राणा के तीनों फॉर्मेट में चयन पर लगातार हो रही आलोचनाओं पर भी भारतीय कोच गौतम गंभीर ने कठोरता से जवाब दिया है। राणा घरेलू टेस्ट सीरीज में भारतीय दल का हिस्सा तो नहीं थे, लेकिन वह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे और टी-20 दोनों टीमों का हिस्सा हैं। पूर्व भारतीय कप्तान और पूर्व प्रमुख चयनकर्ता क्रिस श्रीकांत सहित कई अन्य लोगों ने राणा के चयन की अपने यूट्यूब चैनल पर आलोचना की थी और कहा था कि उनका चयन सिर्फ इसलिए हुआ है क्योंकि वह गंभीर के बहुत करीब हैं। गंभीर ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह शर्मनाक है। आप अपना यूट्यूब चैनल चलाने के लिए किसी 23-वर्षीय बच्चे को निशाना नहीं बना सकते। राणा के पिता चयनकर्ताओं के कोई पूर्व चेयरमैन या कोई पूर्व क्रिकेटर या कोई एनआरआई नहीं हैं। आप किसी की आलोचना उसके प्रदर्शन पर करिए और इसके लिए भी कोच और चयनकर्ता बैठे हुए हैं।

## गंभीर ने टेस्ट क्रिकेट में बेहतर पिचों की वकालत की

**● भारत ने अहमदाबाद और दिल्ली दोनों जगहों पर सपाट पिचें बनाई, अहमदाबाद में विंडीज की दो बार खराब बल्लेबाजी हुई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने पांचवें दिन के पहले घंटे में ही 2-0 से सीरीज अपने नाम कर ली, लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि दिल्ली की पिच बेहतर हो सकती थी।

न्यूजीलैंड के हाथों घरेलू मैदान पर 3-0 से मिली करारी हार के बाद, जहां काफी स्पिन मिल रही थी, भारत ने अहमदाबाद और दिल्ली दोनों जगहों पर सपाट पिचें बनाई। अहमदाबाद में, वेस्टइंडीज को दो बार खराब बल्लेबाजी का सामना करना पड़ा, जहां टीम 44.1 और 45.1 ओवर में ढेर हो गई। लेकिन दिल्ली पहुंचने पर उन्होंने कुछ सबक सीखे और एक ऐसी पिच पर बेहतर प्रदर्शन किया जो और भी सपाट लग रही थी। गंभीर ने इस पर ज्यादा रन न बनाने पर कड़ी आपत्ति जताई। गंभीर ने कहा कि मुझे लगा था कि यहां हमें बेहतर विकेट मिल सकता था। हां, हमें पांचवें दिन नतीजा जरूर मिला, लेकिन मुझे लगता है कि किनारों को स्लिप में पहुंचने की जरूरत है। भारत ने दिल्ली में दोनों पारियों में कुल 200-4 ओवर खेले, जिनमें से 118-5 ओवर दूसरी पारी में खेले, जब शुभमन गिल ने फॉलो-ऑन दिया। बुमराह ने इस मैच में 31-5 ओवर फेंके,

जबकि सिराज ने 24 ओवर डाले। उन्होंने फिर भी बिना किसी रुकावट के शानदार मौके बनाए, लेकिन अक्सर बल्लेबाजों ने गेंद की लाइन के पीछे आसानी से पहुंचकर उन्हें नाकाम कर दिया। गंभीर ने कहा कि मुझे लगता है कि तेज गेंदबाजों के लिए भी कुछ होना चाहिए।मुझे पता है कि हम स्पिनरों की अहम भूमिका के बारे में बात करते रहते हैं, लेकिन जब आपके पास दो अच्छे तेज गेंदबाज हों।

## इंग्लैंड की नजरें संघर्षरत पाकिस्तान के खिलाफ लगातार चौथी जीत पर

**कोलंबो, वार्ता।** लगातार तीन जीत के साथ, इंग्लैंड महिला टीम कल यहां आर प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के 16वें मैच में पाकिस्तान महिला टीम के खिलाफ अपनी जीत की लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। कप्तान नैट शिवर-ब्रंट की अगुवाई में, इंग्लैंड ने पूरे टूर्नामेंट में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, जिसमें शक्तिशाली बल्लेबाजी और अनुशासित गेंदबाजी का संयोजन अपने विरोधियों को मात देने के लिए किया गया है। श्रीलंका के खिलाफ पिछले मैच में 117 रनों की शानदार पारी खेलने वाली शिवर-ब्रंट और केवल 17 रन देकर चार विकेट लेने वाली बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन इंग्लैंड की सफलता के केंद्र में रही हैं। उनके मैच जिताऊ प्रदर्शन ने टीम को तालि.

# भरथ थम्मिनेनी 8000 मी. से ऊंची 9 चोटियां फतह करने वाले पहले भारतीय बने

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पर्वतारोहण इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। आंध्र प्रदेश के कर्नूल के रहने वाले 36 वर्षीय पर्वतारोही भरथ थम्मिनेनी ने दुनिया की 8,000 मीटर से ऊंची नौ चोटियों पर चढ़ाई कर एक असाधारण उपलब्धि हासिल की है।

सोमवार सुबह चीन के समयानुसार 6:55 बजे भरथ ने चो ओयू (8,188 मीटर)-जो विश्व की छठी सबसे ऊंची चोटी है। के शिखर पर पहुंचकर यह उपलब्धि हासिल की है। भरथ थम्मिनेनी भारत की अग्रणी पर्वतारोहण संस्था बूट्स एंड क्रेम्पोंस के संस्थापक हैं। उन्होंने अब तक दुनिया की 14 एट थाउज़ेंडर (8,000 मीटर से ऊंची) पर्वत चोटियों में से नौ पर सफलता प्राप्त की है। नेपाल की संस्था क्लीम्बलाया के सहयोग से यह चढ़ाई उन्होंने स्व. समर्थित अभियान के रूप में पूरी की है जिसकी सफलता के साथ वे भारत के सबसे सफल उच्च-ऊंचाई पर्वतारोहियों में शुमार हो गए हैं। इस उपलब्धि को हासिल करने के बाद भरथ ने कहा कि यह चढ़ाई सिर्फ मेरी व्यक्तिगत जीत नहीं है, बल्कि हर उस भारतीय पर्वतारोही को समर्पित है जो दुनिया की सबसे ऊंची चोटियों को छूने का सपना देखता है। मैं यह उपलब्धि अपने परिवार, दोस्तों, बूट्स एंड क्रेम्पोंस की टीम और भारत की उस अदम्य भावना को समर्पित करता हूं जो हर बार मुझे नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की प्रेरणा

## भारत के जॉबी मैथ्यू ने पैरा पावर लिफ्टिंग विश्व चैंपियन में जीता कांस्य पदक

**काहिरा, वार्ता।** भारत के अनुभवी पैरा पावरलिफ्टर जॉबी मैथ्यू ने काहिरा, मिस्र में आयोजित पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व चैंपियनशिप 2025 में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतकर अपने शानदार करियर में एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ दिया। 65 किग्रा लीजेंड (मास्टर्स) वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए, जॉबी ने 148 किग्रा और 152 किग्रा का प्रभावशाली भार उठाकर कुल 300 किग्रा का भार उठाया और पोडियम स्थान हासिल किया। थाईलैंड के फोंगसाकोन चुमचाई ने 162 किग्रा (155, 159, 162) उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि पेरू के नील ग्रासिया ने 161 किग्रा भार उठाकर रजत पदक जीता। जॉबी का पदक तक का सफर धैर्य और दृढ़ संकल्प की कहानी है। 147 किग्रा का उनका पहला भार अमान्य घोषित होने के बाद, उन्होंने इसे एक व्यक्तिगत चुनौती के रूप में लिया और दूसरे प्रयास में 148 किग्रा तक भार उठाया और इसे त्रुटिहीन तरीके से पूरा किया। इसी गति को आगे बढ़ाते हुए, उन्होंने अपना वजन 152 किलोग्राम तक बढ़ाया और दो महीने पहले बीलजग विश्व कप में हासिल किए गए अपने पिछले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 150 किलोग्राम को पार करते हुए सफलतापूर्वक भार उठाया। यह पदक जॉबी का दूसरा विश्व चैंपियनशिप पदक है, इससे

## तन्वी शर्मा, उन्नति हुड्डा ने आसान जीत दर्ज की, चारों एकल खिलाड़ी आगे बढ़े



**गुवाहाटी, वार्ता।** पदक की दावेदार तन्वी शर्मा, उन्नति हुड्डा और रक्षिता श्री आर ने मंगलवार को यहां नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में अपने अभियान की शुरुआत आसान जीत के साथ की, जबकि चारों बालक एकल खिलाड़ी भी अगले दौर में पहुंच गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त तन्वी ने पोलैंड की विक्टोरिया कालेत्का को मात्र 11 मिनट में 15-2, 15-1 से हराया, जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त उन्नति ने हांगकांग की लियू होई अन्ना को 23 मिनट में 15-8, 15-9 से आसानी से हरा दिया। इसके बाद रक्षिता श्री ने कनाडा की लुसी यांग को 15-5, 15-9 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। लड़कों के एकल वर्ग में, 11वीं वरीयता प्राप्त रौनक चौहान ने श्रीलंका के थिसाथ रूपाथुंगा को 15-3, 15-6 से हराया, 15वीं वरीयता प्राप्त सूर्याक्ष रावत ने तुर्किये के यिगितकन एरोल को 15-5, 15-8 से हराया, जबकि लालथाजुआला हमार ने अमेरिका के रायलन टैन को 15-11, 15-5 से हराया। कुछ घंटे बाद, ज्ञान दत्तू टीटी ने भी अपने साथियों के साथ राउंड ऑफ 32 में प्रवेश किया और ब्राज़ील के जोआकिम मेंडोंका को 15-10, 15-13 से हराया। अगले दौर में, ज्ञान दत्तू प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए सूर्याक्ष से भिड़ेंगे। भारत के लिए एकल वर्ग में एकमात्र उलटफेर तब हुआ जब एशियाई जूनियर चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता वेन्नाला के अपनी लय नहीं बना पाई और दूसरे दौर में थाईलैंड की पांचवीं वरीयता प्राप्त टोनरुग साएहेंग से 6-15, 5-15 से हार गईं।


# सही परिस्थितियों में सही विकल्प चुनने की बात है: गिल

**● मैं कोशिश करता हूं कि जिस स्थिति में हम हैं उसमें सबसे सही निर्णय लिया जाए कभी-कभी कुछ कड़े फैसल भी लेने पड़ते है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के कप्तान के तौर पर शुभमन गिल ने अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज पर 2-0 की जीत के बाद उन्होंने कहा कि अब वह ष्टीम के सभी खिलाड़ियों को मैनेज करने की आदत डाल रहे हैं। प्रेजेंटेशन समारोह में उन्होंने कहा कि यह सब कुछ सही परिस्थितियों में सही विकल्प चुनने की बात है। मैं कोशिश करता हूं कि जिस स्थिति में हम हैं, उसमें सबसे सही निर्णय लिया जाए। कभी-कभी आपको कुछ कड़े फैसले भी लेने पड़ते हैं।

उस एक्स-फैक्टर को चुनना होता है, जिनसे आपको रन या विकेट मिल सकते हैं। सात टेस्ट में चार जीत किसी भी कप्तान के लिए शानदार शुरुआत है, लेकिन जब आप भारत की कप्तानी करते हैं तो इसके साथ अतिरिक्त जिम्मेदारी भी आती है। दिल्ली टेस्ट में भारत ने 270 रन की बढ़त के बाद वेस्टइंडीज़ को फॉलो-ऑन दिया। इसके बाद दूसरी पारी में जॉन कैंपबेल और शाई होप के बीच 177 रन की तीसरे विकेट की साझेदारी हुई और मैच पांचवें दिन तक पहुंच गया। फॉलो-ऑन के सवाल पर गिल ने कहा कि हम लगभग 300 रन आगे थे और विकेट काफी डेड था। हमने सोचा कि अगर हम 500 रन भी बना लें तो हमें पांचवें दिन छह या सात विकेट लेने होंगे, जो मुश्किल हो सकता था। नीतीश कुमार रेड्डी इस एकादश में तेज गेंदबाज़ी ऑलराउंडर के तौर पर खेलें, लेकिन उन्होंने पूरे मैच में एक भी ओवर नहीं फेंका। गिल ने कहा कि (उन्होंने) इस मैच में ओवर नहीं फेंका, लेकिन हम नहीं चाहते कि खिलाड़ी सिर्फ विदेशों में ही खेलें। इससे उन पर बहुत दबाव पड़ता है। अगर हम कुछ खिलाड़ियों को तैयार करना चाहते हैं, जो हमें विदेशों में जीत दिला सकें, तो हमें उन्हें मौके देने होंगे। इस सीरीज़ में रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव ने एक अहम भूमिका निभाई। इसमें कुलदीप को प्लेयर ऑफ द मैच और जडेजा को प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड मिला।

जडेजा ने मज़ाक में हंसते हुए कहा कहा कि मुझे (अश्विन की अनुपस्थिति में) ज्यादा ओवर डालने का मौका मिला। हम एक टीम के रूप में बहुत अच्छा कर रहे हैं। हमें पता है कि पिछले पांच-छह महीनों से हम किस तरह का क्रिकेट खेल रहे हैं। यह हमारे लिए एक अच्छा संकेत है और हम इसे लंबे समय तक जारी रख सकते हैं। जडेजा ने हाल के समय में बल्लेबाज़ी क्रम में ऊपर खेलना शुरू किया है और अब वह नंबर छह पर खेल रहे हैं। इस नंबर पर उनका प्रदर्शन बहुत शानदार रहा है। इंग्लैंड में उन्होंने मैनचेस्टर में एक शतक लगाया था और अब अहमदाबाद में भी उन्होंने ऐसा ही किया है। इसके साथ ही उन्होंने कई और अच्छी पारियां भी खेली हैं। इस बाबत उन्होंने कहा कि पिछले कई सालों से मैं नंबर आठ या नंबर नौ पर बल्लेबाज़ी कर रहा था, तो मेरा माइंडसेट अलग था। लेकिन अब मैं कोशिश करता हूं कि जब भी मौका मिले तो ज्यादा समय क्रीज पर बिताऊं। अब उन्हें टीम के युवा स्पिनरों जैसे कुलदीप और वॉशिंगटन सुंदर को गाइड करने का भी मौका मिल रहा है।



### कलियर पुलिस व एसओजी रुड़की ने किया बच्चा चोरी की वारदात का खुलासा

# मासूम को 6 लाख में बेचा गया था मेरठ

## बच्चा सकुशल बरामद, बेचने व खरीदने वाले छह लोग गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** पुलिस ने बच्चा चोरी की घटना को खुलासा करते हुए बच्चे को मेरठ से शकुशल बरामद कर लिया है। वही एक दिव्यांग चार महिला सहित 6 लोगों की गिरफ्तार कर जेल भेजा।

सिविल लाइंस कोतवाली में घटना खुलासा करते हुए एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने बताया कि 11 अक्टूबर को अमरोहा ज्योतिबा फुले नगर निवासी जहीर अंसारी ने कलियर पुलिस को बताया था कि वह अपने तीन माह के बेटे के साथ जियारत के लिए आए थे और रात बिताने के लिए एक दुकान के पास रुक गए थे। देर रात दो महिलाएं उनके पास आई और कुछ लोगों द्वारा छेड़छाड़ की शिकायत करते हुए वहां रुक गई। इस दौरान महिलाओं ने दंपति से जान पहचान बढ़ाई और कुछ समय बाद उनमें से एक शिकायतकर्ता को चाय पिलाने के बहाने अपने साथ ले गई और दूसरी महिला सो रही महिला की गोद से उसके बच्चें को चोरी कर फरार हो गई।पुलिस ने पिता की तहरीर पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी



थी। एसएसपी ने सीआईयू सहित कई टीमों का गठन किया गया था।पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से मेरठ पहुंची और वहां एक व्यक्ति जो की पर से दिव्यांग है मोहम्मद लंगड़ा को पूछताछ के आधार पर हिरासत में लिया। इसके बाद संदिग्ध महिलाओं तक पुलिस जा पहुंची और उनसे पूछताछ की तो उन्होंने बच्चों को चोरी करने के बाद बेचने की वारदात को कबूला। जांच में पता लगा कि बच्चे का अंतिम खरीददार मेरठ का कारोबारी विशाल गुप्ता था जिन्हें शादी के 10 साल बाद भी कोई संतान नहीं थी और उनकी पत्नी उपचार एक अस्पताल में चल रहा था जहां उनका संपर्क अस्पताल कर्मचारी नेहा शर्मा से हुआ। नेहा शर्मा ने एक गरीब दंपति का बच्चा दिलवाने की बात

**❖अमरोहा से जियारत को आये एक परिवार का तीन दिन पूर्व तीन माह का मासूम कलियर दरगाह से हुआ था चोरी**

कही और बच्चा चोरी का प्लान बनाया।योजना के मुताबिक बच्चा चोरी में शामिल शहनाज व सलमा मोहम्मद लंगड़ा गाड़ी से कलियर पहुंचे और यहाँ सब बच्चा चुराया। उन्होंने बच्चा 3 लाख में आंचल को बेचा,फिर आंचल द्वारा 3,90,000 में नेहा शर्मा को बचा के अंत में नेहा शर्मा ने भी एक लाख रुपए का मुनाफा कमाते हुए बच्चों को 4 लाख 90 हजार रुपये में विशाल गुप्ता को बेचा था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में आस मोहम्मद लंगड़ा पुत्र शकरुद्दीन निवासी कांच वाला पुल अहमदनगर मेरठ,शहनाज पत्नी आस मोहम्मद, सलमा पत्नी राजा निवासी श्याम नगर मेरठ,अंचन पत्नी महेंद्र तिवारी निवासी सीएमओ कंपाउंड मेरठ, नेहा शर्मा पत्नी अमित शर्मा निवासी शास्त्री नगर मेरठ और विशाल गुप्ता और अच्छी पुत्र बालेश्वर गुप्ता निवासी सैनिक विहार मेरठ को जेल भेज दिया गया है

# नगर निगम में अश्लील डांस मामले में मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** नगर निगम सभागार में अश्लील डांस करने एवं नगर निगम की संपत्ति और नुकसान पहुंचाने के आरोप में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार रुड़की नगर निगम सभागार में कुछ यूट्यूबर एवं युवतियों द्वारा अश्लील डांस किए जाने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसके बाद नगर के कई जनप्रतिनिधियों ने भी इस पर सवालिया निशान खड़े किए थे। वहीं मामले में पता लगा कि इस सभागार को नौ अक्टूबर की शाम कवि सम्मेलन के वार्ड एक की पार्षद सोनिया के द्वारा बुक किया था लेकिन उसमें कवि सम्मेलन नहीं हुआ। उसमें अमजद नौ दो ग्यारह नाम के यूट्यूबर का जन्मदिन मनाया गया जिसमें अश्लील डांस किया गया। इतना ही नहीं निगम में लगी कुर्सियों से भी तोड़फोड़ की गई।मामले में पार्षद सोनिया देवी एवं अन्य पार्षदों ने तहरीर पुलिस को दी। अब मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, दर्दनाक मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** इमलीखेड़ा भगवानपुर मार्ग पर दरियापुर गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जिससे यूवक की मौके पर ही मौत हो गई।

पिरान कलियर थाना क्षेत्र के दरियापुर निवासी आदेश (28) मंगलवार सुबह करीब 9 बजे भगवानपुर किसी काम से गया था। जब वह करीब 11 बजे वापस आ रहा था तो सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी।जिसमें बाइक सवार आदेश की मौके पर ही मौत हो गई।घ्घटना के बाद, ट्रक चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही इमलीखेड़ा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस हादसे से परिजनों में शोक की लहर है। एसओ रविंद्र कुमार ने बताया कि फरार ट्रक चालक व ट्रक की तलाश शुरू कर दी है। तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।

### सिविल लाइन पुलिस का मोबाइल स्नैचिंग गैंग पर बड़ा एक्शन

# मोबाइल स्नैचिंग की दो वारदातों का खुलासा, दो शातिर दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने दो चौन स्नैचरो को दबोच कर उनके कब्जे से लूटे गए मोबाइल,दो तमंचे व जिंदा

**❖ लग्जरी लाइफ जीने के लिए लिया शॉर्टकट, घटना में प्रयुक्त स्कूटी, 2 तमंचे, जिंदा कारतूस, 11 मोबाइल व नगदी बरामद**

कारतूस व घटना में इस्तेमाल की गई स्कूटी व अन्य कीमती सामान बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार वादी यश चौधरी निवासी ग्राम अकरवास कानैनी जिला बुलंदशहर एवं वादी हर्षिता बिष्ट पुत्री देवेंद्र सिंह बिष्ट निवासी गली नंबर 22 कृष्णा नगर रुड़की के द्वारा स्कूटी सवार दो व्यक्ति द्वारा अलग-अलग स्थानों पर झपट्टा मारी कर दो मोबाइल छीन कर ले जाने के संबंध में कोतवाली रुड़की पर क्रमश: मुकदमा अपराध संख्या 338/25 व 339/25 धारा 304 बीएन एस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार द्वारा घटना के अनावरण व आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित क्रम में कोतवाली रुड़की पुलिस द्वारा गहन पतारसी सुरागरसी



करते हुए मुखबिर की सूचना पर 02 अभियुक्तों को नहर पटरी से ए टू जेड जाने वाले रास्ते से घटना में प्रयुक्त स्कूटी, 02 तमंचे, 02 जिन्दा कारतूस, 11 मोबाइल व नगदी के साथ दबोचा गया। बरामदगी के आधार पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध आर्म एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। दोनों आरोपी लग्जरी लाइफ जीने के शौकीन हैं, अपने महंगे शौक पूरे करने के लिए मोबाइल स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देते थे। गिरफ्तार अभियुक्त 1-सलमान पुत्री इकरार निवासी भारत नगर निकट त्यागी स्कूल थाना कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार 2-समीर पुत्र मुन्ना निवासी गुलाब नगर जमा परचून वाले की दुकान के पास कोतवाली गंगानगर जनपद हरिद्वार हैं उनसे बरामदगी में 1-दो अवैध तमंचे 2-दो जिंदा कारतूस 3-चोरी किए गए 11 मोबाइल फोन 4-चोरी किए गए मोबाइल बेच कर प्राप्त किए गए 10000 5-घटना में प्रयुक्त स्कूटी नंबर यूके 17 वी 3520 किय हैं। पुलिस टीम में निरीक्षक मनीष उपाध्याय व0 उप निरी मनोज गैरोला उप निरीक्षक सूरज शर्मा अपर उपनिरीक्षक आषाढ़ सिंह पवार अपर उपनिरीक्षक नरेंद्र राठी हेड कांस्टेबल दिनेश गुप्ता कांस्टेबल सुरेंद्र लाल कांस्टेबल तेजवीर का0 भूपेंद्र आदि शामिल रहे।

## पुलिस ने 5 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए क्षेत्र में सघन चेकिंग और निगरानी के दौरान, लक्सर क्षेत्र के एक स्थान से एक शराब तस्कर को अवैध कच्ची शराब के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

पकड़े गए अभियुक्त की पहचान अभिषेक सैनी पुत्र स्वर्गीय विक्रम सिंह, निवासी ग्राम इस्माइलपुर, कोतवाली लक्सर, जनपद हरिद्वार (उम्र 25 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 05 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है।अवैध शराब तस्करी के आरोप में अभियुक्त अभिषेक सैनी के विरुद्धलक्सर अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही के बाद माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। पुलिस टीम में शामिल सदस्य: उ0नि0 नीरज रावत कानि0 महेन्द्र सिंह राजेन्द्र बिष्ट लक्सर पुलिस की यह लगातार सतर्कता क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर रोक लगाने में सहायक सिद्ध हो रही है।

# अवैध चाकू के साथ एक युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** लक्सर पुलिस द्वारा क्षेत्र में नियमित चेकिंग के दौरान, एक संदिग्ध व्यक्ति को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह अभियुक्त क्षेत्र में अवैध चाकू लेकर घूम रहा था और लोगों को डरा-धमकाकर किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में था। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान शहजाद पुत्र रसीद, निवासी ग्राम खण्डजा कुतुबपुर, कोतवाली लक्सर, जनपद हरिद्वार (उम्र 35 वर्ष) के रूप में हुई है। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद नाजायज चाकू बरामद किया गया है। पुलिस अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। टीम में शामिल सदस्य:उ0नि0 आशीष भट्ट हे0का0 स्वदेश कुमार राय श्हे0का0 मनोज सामिल रहे।

# भाकियू रोड़ की महापंचायत में गरजे किसान

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** भारतीय किसान यूनियन रोड गुट की महापंचायत का आयोजन नगर निगम के पास किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने किसानों के मुद्दों को उठाया। वहीं मौके पर पहुंचे अधिकारियों को बारह सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महापंचायत नगर निगम के समीप शुरू हुई। महापंचायत को संबोधित करते हुए यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पदम सिंह रोड में कहा कि आज समस्याओं को लेकर किसान त्रस्त है लेकिन इनकी कोई सुध लेने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि लगातार कई बैठकों और वार्ताओं के बाद भी किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया। इसके बाद महा का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो बड़ा आंदोलन भी किसान करेंगे।

यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुशवाहा ने बताया कि 12 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को दिया गया है जिसमें लंबे समय से नियुक्त चकबंदी अधिकारियों का तबादला और नए अधिकारियों की नियुक्ति, एनएचआई के द्वारा बनाए गए हाईवे के किनारे खेतों से पानी निकासी के इंतजाम, अंडरपास में पानी की निकासी नहीं है जिसकी पानी की निकासी की व्यवस्था की जाए,आरटीओ द्वारा किसानों से चालान के नाम पर अवैध वसूली न की जाए,किसानों के ट्यूबवेलों पर बिजली मुफ्त दी जाए,ग्रामीण क्षेत्रों में राशन कार्ड बनाया जाए। इकबालपुर शुगर मिल पर बकाया भुगतान का जल्द समाधान किया जाए,गन्ने का दाम 500 रुपए कुंतल किया जाए,आपदा में हुई फसलों के नुकसान का सर्वे कराकर उन्हें मुआवजा दिया जाए,टोल प्लाजा के आसपास के निवासी किसानों के आवागमन पर उन्हें परेशान ना किया जाए। किसानों को सोलर प्लांट पर पूरी सब्सिडी दी जाए, ढंडेरा नगर पंचायत में तालाबों पर किए गए अतिक्रमण को मुक्त किया जाए, किसानों को जबरन कीटनाशक दवाइयां ना दी जाए जिसकी मांग की जाए वही दवाइयां दी जाए। इस अवसर पर युवा प्रदेश अध्यक्ष सचिन टोडा,जिलाध्यक्ष नाजिम अली, इंदर सिंह रोड,एडवोकेट सलमान, रिजवान, इरशाद का, शाहजहां, अनीस प्रधान, इकबाल प्रधान, हिमांशु रोड, सतवीर रोड, सागर रोड,नाजिम अली,मुबारक अली,



प्रदीप त्यागी, उमेश पुंडीर, अनिल पुंडीर, परवेज प्रधान, डॉक्टर सुशील,पप्पू, सुलेमान, बबलू त्यागी,मंजेश, रोड,लकी रोड, शुभम चौहान,प्रवीण कुशवाहा, अनीश प्रधान आदि किसान उपस्थित रहे।

## शांति व्यवस्था भंग करने पर तीन गिरफ्तार

**लंढौरा।** रुड़की पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने पर 03 अभियुक्त को 170 में गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार रात्रि पुलिस गस्त पार्टी मोहनपुरा मोहम्मदपुर क्षेत्र में मामूर थे कि कंट्रोल रूम 112 द्वारा पुलिस को सूचना मिली कि दो पक्षों में मोहम्मदपुर में सड़क सरेआम शोर शराबा व आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे हैं सूचना पर पुलिस पार्टी मौके पर पहुंचे तो दोनों पक्ष आपस में लड़ झगड़ रहे थे जिनको पुलिस गस्त पार्टी द्वारा समझने का प्रयास किया गया लेकिन नहीं माने एवं और उत्तेजित होकर आपस में मरने मरने पर उतारू हो गए कोई और चारा ना देख अंतर्गत धारा 170 ठछै में गिरफ्तार किया गया नाम पता पूछने पर प्रथम पक्ष द्वारा अपना नाम राजेश कुमार पुत्र जसराम निवासी ग्राम मोहम्मदपुर कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार व दूसरा पक्ष देशराज पुत्र धर्म सिंह, आदित्य पुत्र देशराज निवासी ग्राम मोहम्मदपुर कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार उम्र 22 वर्ष बताया।

## दरगाह दानपात्र गिनती में गड़बड़ी का आरोप सुपरवाइजर निलंबित

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** दरगाह साबिर पाक के दानपात्र की गिनती के दौरान अनियमितता के आरोप में दरगाह प्रबंधन ने सुपरवाइजर को निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार एक अगस्त को साबरी गेस्ट हाउस में दानपात्रों की गिनती की जा रही थी। जिसमें सुपरवाइजर सिकंदर की ड्यूटी लगाई गई थी। गिनती के दौरान सुपरवाइजर पर दानपात्रों से धनराशि उठाकर जेब में रखने का आरोप लगा। इस संबंध में उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया था।ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के निर्देश पर दरगाह प्रबंधक रजिया ने कार्रवाई करते हुए सुपरवाइजर सिकंदर को अग्रिम आदेश तक निलंबित कर दिया है।दरगाह प्रबंधक रजिया ने बताया कि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के निर्देश पर अग्रिम आदेशो तक सुपरवाइजर को निलंबित कर दिया गया।

**वहीं** न्यायालय से वंचित चल रहे अभियुक्त को थाना क्षेत्र के ग्राम सेलमपुर बक्काल से एक वारंटी को गिरफ्तार कियागिरप्तार वारंटी का नाम रवि कश्यप पुत्र राजपाल सिंह है, जो सलेमपुर बक्काल, लक्सर का निवासी है। रवि कश्यप वाद संख्या 67/2025 से संबंधित न्यायालय द्वारा जारी वारंट में वांछित था।

# बिजली चोरी में निलंबित एसडीओ लंढौरा व मंगलौर फिर हुए बहाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**लंढौरा।** नारसन बिजली घर में मीटर से छेड़छाड़ के मामले में निलंबित दो उपखंड अधिकारियों को जांच कमेटी द्वारा क्लीन चिट मिल गई है। जांच रिपोर्ट में निर्दोष पाए जाने पर उर्जा निगम के प्रबंध निदेशक एम० आर० आर्य ने दोनों अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई को समाप्त करने के आदेश जारी कर दिए है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने 30 सितंबर की तड़के करीब चार बजे गुरुकुल नारसन बिजलीघर के आसपास घूम रहे चार संदिग्ध युवकों को पकड़ा था। पुलिस पुछताछ में पकड़े गए लोगों द्वारा बिजलीघर में लगे वासू स्टील फैक्ट्री के मीटर में छेड़छाड़ की बात सामने आई थी। सूचना पर पहुंची यूपीसीएल की मापक टीम ने मीटर को सील कर जांच के लिए भेज दिया था। मामले में उपनल के कर्मचारी अकरम अली समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसमें दो फैक्ट्री के कर्मचारी भी शामिल थे। इस पूरे मामले में जांच के बाद यूपीसीएल मुख्यालय ने जांच में कड़ी कार्रवाई करते हुए लंढौरा के एसडीओ और विद्युत वितरण खंड रुड़की के प्रभारी अधिशासी अभियंता गुलशन बुलानी को निलंबित करते हुए उन्हें रुद्रपुर अटेच कर उनकी जगह सहायक अभियंता हरिद्वार अमित तोमर को जिम्मेदारी सौंप दी थी। साथ ही मंगलौर बिजलीघर के एसडीओ अनुभव सैनी को भी निलंबित करते हुए हल्द्वानी भेज दिया था। उनकी जगह एसडीओ झबरेड़ा मोहम्मद रिजवान को अतिरिक्त कार्यभार दिया गया था। इसके अलावा नारसन बिजलीघर के अवर अभियंता अभिषेक कुमार पर भी निलंबन की गाज गिरी थी। ऊर्जा निगम के अधिकारियो के निलम्बन से कर्मचारी यूनियन में भी भारी रोष था जिसके विरोध में यूनियन लगातार प्रदर्शन कर रही थी।

वही दूसरी ओर मामले को लेकर ऊर्जा निगम के मुख्य अभियंता गढ़वाल की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय कमेटी की करीब दो सप्ताह चली जांच में दोनों अधिकारियों के निर्दोष पाए जाने को लेकर प्रेषित रिपोर्ट के बाद उर्जा निगम के प्रबंध निदेशक एम० आर० आर्य ने सोमवार देर रात दोनों अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई को समाप्त करने के आदेश जारी कर दिए है।

### ग्राम पंचायत बढ़ेडी राजपूतान में खुली बैठक का आयोजन

# नहीं पहुंचे विभाग के अधिकारी, ग्रामीण रहे परेशान

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** रुड़की ब्लॉक के ग्राम पंचायत बढ़ेडी राजपूतान में आयोजित खुली बैठक में कई विभागों के अधिकारी नहीं पहुंच पाए। जिसके कारण समस्या लेकर पहुंचे ग्रामीणों को निराशा हाथ लगी। वही ग्राम पंचायत विकास अधिकारी विनीत कुमार गौड़ अकेले ही योजनाओं के बारे में जानकारी देते रहे। लेकिन पानी, बिजली, पशुपालन, भूमि समेत अन्य समस्याओं को लेकर ग्रामीण खाली हाथ लौटे।

रुड़की के ग्राम पंचायत बढ़ेडी राजपूतान में मंगलवार को खुली बैठक बुलाई गई थी। बैठक में पशुपालन विभाग, पेयजल विभाग, बाल विकास विभाग समेत अन्य विभागों को पत्र भेजकर बैठक में मौजूदगी दर्ज कराने के लिए कहा गया था। लेकिन पंचायत स्तर पर हुई बैठक में पशुपालन विभाग, पेयजल विभाग, हल्का लेखपाल नहीं पहुंचे, जिसके कारण बैठक में पहुंचे ग्रामीणों को खाली हाथ वापस लौटना पड़ा। वही ग्राम पंचायत विकास अधिकारी विनीत कुमार गौड़ ने लोक योजना अभियान के अंतर्गत सबकी योजना सबका विकास, साफ-सफाई, राशन कार्ड, पेंशन योजना और सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग ना करने के बारे में बताया। वही बैठक में पहुंचे विकास अधिकारी जोत सिंह पंवार ने ब्लॉक द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत कार्यों को



पंचायत के साथ मिलकर किया जा हैं। और सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा हैं। जब अधिकारियों के नदारत के संबंध में जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित से बातचीत की गई उन्होंने कहा कि बीडीओ से मामले की जानकारी ली जाएगी। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी जोत सिंह पंवार, ग्राम पंचायत अधिकारी विनीत कुमार गौड़, सुरुचि सैनी प्रधान, आदित्य राज सैनी, राव अजमत, मोनू राणा, राव शफीक डीलर, रहीश राणा, मनोज, ब्रिजेश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

# ब्लॉक स्तरीय क्रिकेट ट्रायल प्रतियोगिता संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंगलौर।** वीर शौर्य क्रिकेट अकादमी के मैदान में माध्यमिक विद्यालय ब्लॉक स्तरीय क्रिया ट्रायल प्रतियोगिता में प्रतिभावान खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

ट्रायल क्रिकेटप्रतियोगिता के अंतर्गत नारसन ब्लॉक के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरजौली जाट, भारत सिंह इंटर कॉलेज झबरेड़ा, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिकोला कला, राजा महेंद्र प्रताप प्रेम इंटर कॉलेज गुरुकुल,पीएम श्री हाई स्कूल बसवा खेड़ी, राजीव गांधी नवोदय शिकारपुर,राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनोता के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह ट्रायल क्रिकेट प्रतियोगिता वीर शौर्य क्रिकेट अकादमी के निदेशक एवं मुख्य क्रिकेट प्रशिक्षक अवतार सिंह चौधरी एवं क्रिकेट प्रशिक्षक उमेश के संरक्षण में संपन्न हुआ अंडर 19 बालक वर्ग में चयनित खिलाड़ी की सूची में फरहान, मन्नत नायक, विकांशु, वंश, आर्यन, आकाश कुमार, शिवम, मोहम्मद जैद, हर्षित, अली, आर्यन शामिल है। अंडर 17 बालक वर्ग में आयान, जुबेर, साहिब , शिव श्याम, शौर्य चंदेल, रुद्र पवार, अभिनव, रुद्र कुमार, लविश कुशाग्र पाराशर, सैयद अली जैदी, कृष्णा, वंश कुमार, आदित्य, भुवनेश कुमार, आलोक, ब्लॉक खेल समन्वक नारसन पवन राणा ने बताया



इस ट्रायल क्रिकेट प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी जिला स्तरीय माध्यमिक विद्यालय ट्रायल क्रिकेट प्रतियोगिता में नारसन ब्लॉक का प्रतिनिधि करेंगे। प्रतियोगिता में राजीव चौधरी, अरविंद चौधरी, सौरभ पवार, विकास, जय कुमार, अनुज कुमार, प्रीति सैनीप्रभात कुमार, एवं आलोक द्विवेदी आदि शारीरिक शिक्षको ने उपस्थित होकर अपना सहयोग दिया अंत में ब्लॉक खेल समन्वयक नारसन पवन राणा ने सभी खिलाड़ियों एवं सहयोगियों का आभार प्रकट किया।

# सम्पादकीय

**बुधवार, 15 अक्टूबर 2025**

## पीएम की प्रशंसा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर पीएम मोदी की चर्चा की है। उन्होंने भारत को महान देश बताते हुए पीएम मोदी की जमकर तारीफ की। उनका यह बयान मिस्र के शहर शर्म अल शेख में हुए विश्व नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान आया है। यह सम्मेलन गाजा में युद्ध विराम समझौते के बाद आयोजित किया गया था। जिसमें पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी मौजूद थे। जब वह पीएम मोदी की तारीफ कर रहे थे, तब ट्रम्प ने अपने पीछे खड़े शहबाज शरीफ की ओर देखा, जिस पर शरीफ ने भी उनकी हां में हां मिलाई। इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत से विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह भी शरीक हुए। वहां उन्होंने ट्रम्प से मुलाकात भी की। भारत ने अपने वही पुराने स्टेंड को दोहराया और कहा कि भारत इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम और गाजा में शांति के लिए समझौते का स्वागत करता है। देर रात भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी इस ऐतिहासिक समझौते का स्वागत किया। विदेश मंत्रालय प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत आशा करता है कि इससे क्षेत्र में स्थायी शांति होगी। भारत ने राष्ट्रपति ट्रम्प की गाजा शांति योजना का पूरी तरह समर्थन किया और इस शांति के मार्ग को आगे बढ़ाने में मिस्र और कतर की भूमिका की सराहना की। पाकिस्तान ने एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति को नोबेल पुरस्कार से नवाजने की बात कही है। पाक पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि मध्य पूर्व में शांति स्थापित होने का श्रेय ट्रम्प व उनकी टीम का है। उनका कहना था कि पाक ने पहले भी ट्रम्प को शांति के नोबेल के लिए नामित किया था और अब वह दोबारा नामित करना चाहते हैं। ट्रम्प ने अपने बयान में उम्मीद जताई कि तीसरा विश्वयुद्ध नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर होता भी है तो यह मध्य पूर्व में शुरू नहीं होने वाला है। अपने बयान में उन्होंने यह भी कह डाला कि उन्हें लगता है कि भारत-पाक अब बहुत अच्छे से साथ रहेंगे। अब ऐसा उन्हें क्यों लगता है यह तो वही जानें। भारतीय सैनिक अधिकारियों के हवाले से जो बयान आ रहे हैं वह तो इस तरफ इशारा नहीं करते, क्योंकि मंगलवार को प. सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कटियार ने पत्रकारों से बात करते हुए स्पष्ट कहा कि पाक की हजार घावों से भारत को कमजोर करने की नीति अभी भी जारी है और उन्होंने पाक से सतर्क रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि पाक भारत से लड़ने की स्थिति में नहीं है लेकिन वह पहलगाम जैसी कायराना हरकतों की फिर से कोशिश कर सकता है, लेकिन भारतीय सेना पूरी तरह सतर्क है और किसी भी हमले को नाकाम करने के लिए पूरी तरह तैयार है। मतलब साफ है कि पाक की तरफ से अभी कुछ बदलता दिखाई नहीं दे रहा है। जबकि ट्रम्प कह रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान अच्छे से साथ रहेंगे। भले ही ट्रम्प पीएम मोदी की प्रशंसा कर रहे हों, और अपना अच्छा मित्र बताते हो, लेकिन यह भी मानना पड़ेगा कि जमीनी स्तर पर उनकी तरफ से ऐसा कुछ भी दिखाई नहीं देता, क्योंकि जिस तरह के फैसले उन्होंने भारत के प्रति टैरिफ के रूप में लिए हैं और उससे भी पहले जिस तरह उन्होंने अप्रवासी भारतीयों को वापस भेजा था, इसे देखकर तो ऐसा नहीं लगता।

### ऊंचे पदों पर भी दलित समाज के लोग सुरक्षित नहीं



आत्महत्या करने वाले हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार के परिवार के सदस्य न्याय पाने के लिए दर दर भटक रहे हैं, लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है, आईपीएस अधिकारी की आत्महत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित किया जाना चाहिए, लेकिन परिवार के लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है, वे दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं, मगर उनकी बात को नहीं सुना जा रहा है, यह पूरा प्रकरण इस बात का सबूत है कि भाजपा राज में ऊंचे पदों पर पहुंचकर भी दलित समाज के लोग सुरक्षित नहीं हैं और न ही उनके लिए न्याय है, ऐसी शर्मनाक घटनाएं देश और समाज के लिए कलंक हं।

**-प्रियंका गांधी वाड्रा, महासचिव, कांग्रेस**

## बिहार विधानसभा चुनाव: पीके को नजरअंदाज करना भूल होगी





यशोदा श्रीवास्तव

बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद बीस साल पुराने मामले में लालू परिवार के खिलाफ आरोप तय होने का न्यायालईय फरमान आया है। इसमें लालू यादव,उनकी पत्नी राबड़ी देवी, उनके पुत्र पूर्व उपमुख्यमंत्री और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित कुछ बड़े होटल मालिक और अफसरों के खिलाफ आरोप तय हुआ है। काफी संभावना है कि अक्टूबर बीतते-बीतते इन सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और तेज हो। ऐन चुनाव के वक्त इस कार्रवाई को दो नजरिए से देखा जा रहा है। एक यह कि कानून अपना काम कर रहा है और दूसरा यह कि चुनाव के वक्त भाजपा विरोधियों के साथ ऐसा करती रहती है। ए दोनों तर्क अब बिहार की जनता की कसौटी पर है।

इस बीच यदि बिहार की राजनीति में लालू परिवार के राजनीतिक दबदबे को देखें तो पता चलता है कि 2014 के बाद जब जब इस परिवार पर कानूनी शिकंजा कसा गया है तब तब यह परिवार राजनीतिक रूप से बहुत कमजोर नहीं हुआ है। चाहे 2015 का चुनाव रहा हो या 2020 का। दोनों ही बार गठबंधन में रहकर चुनाव में आए और गठबंधन के प्रमुख सहयोगियों से अधिक सीटें जीतने में कामयाब हुए। आरजेडी के साथ गठबंधन में लड़े गए 2015 के चुनाव में आरजेडी को 80 सीटों पर कामयाबी मिली थी जबकि जनता दल यूनाइटेड को 71 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। भाजपा 53 सीटों पर जीत हासिल की थी। जदयू और आरजेडी की गठबंधन सरकार सत्ता में आई थी। अधिक सीटें जीतने के बाद भी आरजेडी ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया था। 2020 के चुनाव में आरजेडी को 75 सीटों पर जीत हासिल हुई और जदयू को 49 सीटों पर जीत मिली जबकि भाजपा 74 सीटों पर जीत हासिल की थी। इस चुनाव के शुरुआती दौर में भाजपा और जदयू गठबंधन की सरकार थी।

बाद में आरजेडी और जदयू की सरकार बनी और अब फिर भाजपा और जदयू की सरकार है। 2015 के मुकाबले 2020 में आरजेडी की सीटें घटकर 75 हो गई वहीं जदयू भी 71 से घटकर 49 पर आ गई लेकिन भाजपा आश्चर्यजनक रूप से 53 से बढ़कर 74 सीटों तक पहुंच गई। 2020 में बढ़ी सीटों को पैमाना मानते हुए 2025 के चुनाव में भाजपा ने जदयू के साथ बराबर बराबर सीटों पर समझौता किया है ताकि चुनाव परिणाम बाद सरकार के नेतृत्व का फैसला करने में कोई अड़चन न आए। भाजपा गठबंधन यदि सत्ता में वापसी करता है और वह जदयू से दो चार सीटें भी अधिक पा लिया तो नितीश बखूबी जानते हैं कि उन्हें महाराष्ट्र के एक नाथ शिंदे ही होना है। 2025 का बिहार विधानसभा चुनाव पिछले दो तीन चुनावों से हटकर होने जा रहा है। नीतीश कुमार ने पहले ही बिहार की महिलाओं के लिए ढेर सारी योजनाओं का अंबार लगा दिया है दूसरे प्रधानमंत्री मोदी ने जो 75 लाख महिलाओं के खाते में दस दस हजार नगदी की इमदाद दी है, वह भी कहीं न कहीं चुनाव को प्रभावित करेगा ही।

हालांकि प्रधानमंत्री के इस दस हजार के इमदाद को विपक्ष प्रधानमंत्री के दो लाख के वायदे के सापेक्ष महज झुनझुना करार दिया है लेकिन जनता यह मानें तब न। इसके अलावा 2020 में चिराग पासवान अकेले दम पर चुनाव लड़े थे। माना जा रहा है कि तब वे भाजपा को ही नुकसान पहुंचाए थे इस बार वे 39 सीटों के साथ भाजपा के साथ चुनाव मैदान में हैं। मुमकिन है कि भाजपा के सहयोगी जीतन राम मांझी संतोष जनक समझौता न होने पर भाजपा गठबंधन को थोड़ा बहुत नुक्सान करने की कोशिश करें लेकिन यह कोई गुल खिला पाए,यह मुमकिन नहीं है। इस चुनाव में दूसरा जो बड़ा फैक्टर है वह हैं पीके यानी प्रशांत किशोर। बिहार विधानसभा चुनाव में प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज को अंडर स्टीमेट करना सत्ता की दौड़ में शामिल किसी भी राजनी. तिक दल के लिए भूल होगी।

दो साल में उन्होंने अपनी चुनाव प्रवंधन की विशेष पहचान से अलग एक ईमानदार राजनीतिक चेहरे की पहचान भी स्थापित की है। वैसे भी जो शख्स अपने कुशल चुनावी प्रवंधन से दूसरे को सत्ता दिला सकता है वह क्या अपने लिए थोड़ा बहुत भी नहीं कर पाएगा वह भी उस बिहार में जहां की राजनीति जंगलराज और कथित सुशासन और कुशासन के बीच उलझ कर रह गया हो। कहना न होगा कि बिहार विधानसभा चुनाव में पीके के जन सुराज की इंट्री ने मुकाबला तितरफा बना दिया है। जबसे बिहार में विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां बढ़ी है तब से देखा जाए तो यह साफ दिखता है कि पीके की पार्टी आरजेडी गठबंधन और जदयू गठबंधन दोनों को बराबर बराबर नुकसान पहुंचा रही है। और ये दोनों बड़ी पार्टियां इसे लेकर मुंह भले न खोलें अंदर अंदर परेशान बहुत हैं। 35 साल से आरजेडी और जदयू के बीच उलझा बिहार पीके के रूप में एक तीसरे विकल्प को भी देख रहा है। इस चुनाव में पीके अपनी साफ-सुथरी छवि के लिए खासा चर्चित हुए हैं। जाति से ब्राह्मण प्रशांत किशोर खूब जानते हैं कि जाति के जाल में फंसे बिहार की राजनीति को उसी जाल में फंसाकर ही बदला जा सकता है। जन सुराज के अबतक घोषित करीब 140 उम्मीदवारों को देखें तो जातीय समीकरण का ख्याल बहुत सोच-समझकर कर किया हुआ जान पड़ता है। पीके ने ईमानदार छवि के कुछ पूर्व नौकरशाहों पर भी दांव लगाया है तो भोजपुरी फिल्म स्टार पवन सिंह की पूर्व पत्नी ज्योति सिंह को टिकट देकर महिलाओं को आकर्षित करने का इमोशनल कार्ड भी खेला है। बिहार की राजनीति में अन्दर तक पकड़ रखने वाले विशेषज्ञ मान रहे हैं कि वोटों में थोड़ा-सा झुकाव भी चौंकाने वाले परिणाम ला सकता है। चुनाव बाद बिहार के संभावित सरकार में पीके की भूमिका क्या होगी,यह कहना मुश्किल है लेकिन वे खुद कहते हैं यह चुनाव उनकी आगे की राजनीति के लिए अर्श या फर्श जैसा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## नतीजा वही जो हर युद्ध का होता है और रास्ता वही



हफीज किदवई



लाखों मौतों के बाद गिद्धों ने कहा कि चलो अब पेट भर गया। अब शांति की बात की जाए। वह बात जो ठीक 777 दिन पहले भी हो सकती थी। वह बात जो कोई भी, कभी भी कर सकता था। मगर जब लाखों घर ढह गए, इंसान मर गए, शैतान भी बेरहमी से चीख उठा,बच्चों की लाशें चिंदी चिंदी करके वहशी खा गए, तब बात फिर वहीं पहुंची, बात. चीत और शांति। यह सब उस मिस्र में इकठे होकर शांति के समझौते को रख रहे हैं। जिस मिस्र ने गजा में मदद तक न पहुंचने दी थी। यह वह जॉर्डन और मिस्र हैं, यह वह अरब हैं, जिनकी किताबों में दर्ज था कि अगर पड़ोसी भूखा है, तो तुम पर खाना हराम है। इनका पड़ोसी भूखा तो छोड़िए, तबाह हो बर्बाद हो गया, यह अय्याशियों में मस्त रहे। जब इनकी आवाम ने सुर्ख आंखे दिखाई और एक हलचल पैदा हुई कि अगर तुमने हरकत न करी, तो तख्त उलट जाएंगे। तब यह पलटे और मिस्र में इकठे हो गए।

अमरीका के पिछलग्गुओं ने देर ही में सही,कम से कम इतनी तबाही के बाद एक फिक्र को अमली जामा पहनाया। अब कम से कम यहीं से उस मिट्टी पर सुकून आ जाए। अब यहां से ही सही, फलस्तीन एक नई शुरुआत करे। उसे सब मिलकर वैसे ही उसकी जमीन पर रोप दें और मदद करें। जैसे तमाम तबाह हो चुके यहूदियों को एक बार रोपा गया था। फिलिस्तीन नाम का मुल्क अगर जमीन पर उभर आया तो यह मीटिंग का कुछ तो फायदा होगा वरना बस यही है कि जमीन जायदाद और जान छीनकर खामोश कर दिया। यह एक तारीखी पहल हो सकती है। यहीं से उम्मीद के रास्ते बन सकते हैं। इसीलिए दुनिया के तमाम लीडर्स यहां इकट्ठे हैं मगर फिर भी अगर यहां चीन और रूस होते, तो कदम ज्यादा ठोस मालूम देते। यह तो अमरीका के दोस्त इकट्ठे हुए हैं। उसकी नाजायज औलाद इजराइल के किए को लीप रहे हैं। देखते हैं कि पूरा लिप जाता है या नहीं, क्योंकि सबकी नियत में लालच और खोट है, सबकी आंखों में अमरीका का खौफ भी है।

गजा की तबाही हमारी पीढ़ी की देखी सबसे खौफनाक कहानी है। हमने अपनी आंखों से बच्चों, औरतों, नौजवानों, बूढ़ों, जानवरों, इमारतों, स्कूलों, अस्पतालों, फैक्ट्रियों को जमीन में मिलते देखा है। हमने इंसानियत पर सबसे बड़े जुल्म को होते देखा है। भूख से पिचके पेट, धंसी आंखे, सूखे होंठ और बच्चों के गालों पर झुर्रियां देखीं हैं। यह सब एक समझौते से मिट नही जाएंगी, दर्द रहेगा, सदियों रहेगा,बस सुकून आ जाए।

हम शांति चाहते थे। किसी भी हाल में शांति ही हमारा पहला मकसद था। इसलिए जब युद्ध रुका और इन सबों ने शांति के लिए कदम उठाया। सारी दुनिया यहां इकट्ठी हो गई। तो बस यही सुकून है कि चलो, मौत का नंगा नाच तो रुकेगा। बाकी सियासत, कूटनीति और बंदरबाट एक तरफ, कम से कम मौत तो रुकीं। मरना तो रुका। बस इतने के लिए यह कदम ठीक ही लग रहा है। आज से ही सही, उम्मीद और सुकून का रास्ता बन जाए। अरब अपने पड़ोस की इस तबाही को अपनी मदद से भर सकें। जमीन का यह हिस्सा भी अपने हिस्से की सुकून और तरक्की को पा सके। यहीं से ही सही,कम सेकम शांति की बात बढ़ चले। इतना ही बहुत है। आखिर में बस इतना,तमाम मतलबपरस्त मिलकर कोई फैसला ले रहे हैं। इसमे सिर्फ एक बात ही पक्की हो जाए कि अब और मौतें नहीं, अब और तबाही नहीं। दुनिया का हर मसला आखिर में बातचीत की मेज पर ही आता है । यही बात 7 दिन, 77 दिन पर हो सकती थी मगर 777 दिन लग गए। नतीजा वही,जो हर युद्ध का होता है और रास्ता वही, बातचीत। बस अब से यहां सुकून आ जाए,यही दुआ।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## इस दीपावली में लाएं चेहरे पर सोने सा निखार



शहनाज हुसैन

त्योहारों का सिलसिला शुरू हो गया है। दीपोत्सव के पावन दिन हर महिला रंगों की तरह दमकना चाहती है ध लेकिन इसके बिपरीत पहले नवरात्रों में डांडिया की धूम की बजह से घर से बाहर रहने और फिर दीवाली के लिए घर की साफ सफाई, डेकोरेशन ,लाइटिंग तथा शॉपिंग की जिम्मेदारी की बजह से से त्वचा धूल ,मिट्टी और प्रदूषण के सम्पर्क में आने से करना एकदम खराब हो जाती है। घर की साज सज्जा और मेहमानों की खातिरदारी की तैयारियों की बजह से ज्यादातर महिलाएं अपने लिए समय नहीं निकाल पाती हैं जिसकी बजह से पावन दिन पर उनका चेहरा बुझा, थका और उदास सा दिखने लगता है, लेकिन इसके लिए आपको टेंशन लेने की कोइ बात नहीं है। अगर आप इस त्योहार पर ग्लोइंग स्किन पाना चाहती है तो अभी से अपने लिए कुछ समय निकाल कर नियमित रूप से स्किन केयर रूटीन फॉलो करना शुरू कर दीजिए जिससे आप नेचुरल ग्लो के साथ सब के साथ अलग और खूबसूरत दिखें और आपके चेहरे से प्रकृतिक आभा झलके आपको महज कुछ सौन्दर्य सावधानियां अपनानी होंगी तथा बाजार के महंगे सौन्दर्य प्रसाधनों की बजाय घरेलू ऑर्गनिक प्रसाधनों का उपयोग करना होगा जोकि आपकी बाटिका तथा किचन कैबिनेट में मौजूद हैं। इस अबसर पर परम्पारिक घाघरा-चोली, साड़ी, कुर्ता, सलवार के साथ आर्गेनिक सौन्दर्य प्रसाधनों से आपके सौन्दर्य को चार चांद लग जाएंगे तथा आप इस खास दिन आकर्षण का केंद्र बन जाएंगी। घरेलू आर्गेनिक नुस्खे अपनाकर न केवल आप त्यौहार में अपनी रंगत निखार कर इस उत्सव की आभा बढ़ा सकती हैं बल्कि आपके चेहरे का आकर्षण त्यौहार में चार चांद लगा सकता है। दिवाली के साथ-साथ मौसम भी करवट लेता है। इस मौसम में ठंडक बढ़ जाने से दिनों दिन बाताबरण में आद्रर्ता की कमी आनी शुरू हो जाती है जिससे त्वचा में रूखापन आना शुरू हो जाता है। आपके होंठ ,चेहरे, त्वचा तथा बालों पर ठंडक की मार साफ झलकने लगती है। पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम की पहली बर्फबारी के साथ ही त्वचा का प्रकृति संतुलन बिगड़ना शुरू हो गया है तथा त्वचा में रूखापन आने के साथ ही त्वचा में चकते ,फोड़े, फुन्सिया, मुहांसे पैदा हो जाते हैं तथा बाल रूखे सूखे होकर बेजान तथा निर्जीव लगने लगते है। इसलिए त्वचा में नमी बनाए रखना अत्यन्त महत्वपूर्ण हो जाता है। इस मौसम में सामान्य तथा सूखी त्वचा को जैल के साथ दिन में दो बार साफ करना चाहिए। क्लीनजर से त्वचा की हल्के तरीके से मालिश कीजिए तथा विषैले एवं गन्दे पदार्थो को गीले कॉटन वूल से हटा दीजिए। इसके बाद त्वचा पर कॉटनवूल के मदद से गुलाब जल तथा त्वचा टानिक का प्रयोग कीजिए। इस दौरान वाताबरण में प्रदूषण खतरनाक स्तर को पार कर जाता है तथा वातावरण में रासायनिक वायु प्रदूषण, गन्दगी तथा कालिख एवं मेल विद्यमान रहती है। इन सबसे त्वचा सम्बन्धी विकार पैदा होते है। शहरों में रहने वाली महिलाओं को रात्रि में अपने अंगों की सफाई आवश्यक रूप से करनी चाहिए। रात्रि में सभी प्रकार के सौंदर्य प्रसाधन शरीर में हटा देने चाहिए क्योंकि इनसे त्वचा में रूखापन आ जाता है तथा त्वचा का प्राकृतिक अम्लीय-क्षारीय संतुलन भी बिगड़ जाता है जिससे त्वचा ड्राई हो जाती है। हालांकि मौसम में ठण्डक जरूर आ गई है लेकिन दिन का तापमान 30 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है। यदि आप कामकाजी महिला हैं तथा दिन भर खुले बाताबरण में सफर करती हैं तो सुबह घर से बाहर निकलने से पहले त्वचा पर सनस्क्रीन का उपयोग कीजिए तथा यदि आप घर के अन्दर रह रही है तो त्वचा पर माइस्चराईजर का उपयोग कीजिए। आज कल बाजार में माइस्चराईजर क्रीम तथा तरल रूप में उपलब्ध है। रूखी त्वचा के लिए रात्रि में क्लीजिंग के बाद नरीशिंगध्पौषक लगाकर इसे पूरे चेहरे पर मल लीजिए तथा बाद में कॉटनवूल की मदद से इसे साफ कर लीजिए। जिसके बाद आप त्वचा पर सीरम लगा लीजिए।

तेलीय त्वचा को भी माइस्चराईजर की जरूरत होती है। अगर तैलीय त्वचा पर क्रीम लगाई जाए तो कील मुंहासे उभर आते है। तैलीय त्वचा में नमी प्रदान करने के लिए एक चम्मच शुद्ध गलीसरीन में 100 मिली लीटर गुलाब जल मिलाऐं। इस मिश्रण को फ्रिज में एयरटाईट जार में रखे। इस मिश्रण को क्लीनजिंग के बाद उपयोग कीजिए। उससे त्वचा में तैलीयपन की बजाय नमी का प्रभाव आता है। त्वचा को साफ करने के लिए दूध या फेसवॉश का उपयोग करें। फेसिअल स्क्रब से चेहरे की त्वचा में लालिमा तथा चमक आती है। हफ्ते में दो बार फेसिअल स्क्रब का उपयोग करना चाहिए। पीसे हुए बादाम या चावल पाऊडर को दही तथा थोड़ी सी हल्दी में मिलाईए। आप इसमें सूखा तथा पाऊडर संगतरा व नींबू के छिलके मिला लीजिए। इसे चेहरे पर लगाकर चेहरे की हल्की अहिस्ता से मालिश कर लीजिए तथा बाद में कुछ समय बाद चेहरे को ताजे पानी से धो डालिए। दिन में घर में बाहर निकलने से पहले त्वचा पर सनस्क्रीन जरूर लगा लीजिए। आप अपनी त्वचा की प्रकृति के अनुसार सनस्क्रीन लोशन या क्रीम को उपयोग में ला सकती है। आपको दिन में क्रीम, पौषाहार तथा रात्रि में भी रात्रि क्रीम तथा सीरम का उपयोग करना चाहिए। दीवाली त्यौहार अपने साथ सर्द ऋतु की सौगात लाती है। प्रतिदिन चेहरे पर 10 मिनट तक शहद लगाइए तथा बाद में इसे ताजा स्वच्छ जल से धो डालिए। यदि आप के घर में घृतकुमारी या एलोवेरा का पौधा लगा है तो इसकी आन्तरिक हिस्से की पत्तियों में विद्यमान जैल को चेहरे पर नमी तथा ताजगी प्रदान करने के लिए उपयोग में लाया जा सकता है। गाजर को रगड़कर इसे चेहरे पर 15-20 मिनट तक लगाऐ। गाजर विटामिन 'ए' में भरपूर मानी जाती है तथा सर्दियों में त्वचा को पौषाहार प्रदान करने में काफी सक्षम होती है। यह सभी प्रकार की त्वचा के लिए लाभदायक मानी जाती है। आधा चम्मच शहद में एक चम्मच गुलाब जल तथा एक चम्मच सूखा दूध् का पाऊडर मिलाईए। इन सबका पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगा लीजिए तथा 20 मिनट बाद ताजे पानी से धो डालिए। यह मिश्रण सूखी तथा सामान्य दोनों प्रकार की त्वचा के लिए लाभदायक साबित होता है मेयोनेज या अण्डे का योक चेहरे पर लगाने से सभी प्रकार की त्वचा में सूखेपन से राहत मिलती है। सप्ताह में दो बार बालों की तेल से ट्रीटमेंट करें। जैतून के तेल को गर्म करके इसे बालों तथा खोपड़ी पर मालिश करें। इसके बाद तौलिए को गर्म पानी में डुबोए तथा पानी को निचोडने के बाद तोलिए को सिर पर पगड़ी की तरह पांच मिनट तक लपेट लें। इस प्रक्रिया को 3-4 बार दो. हराएं तथा इस प्रक्रिया से बालों तथा खोपड़ी पर तेल को सोखने में आसानी होती है। अण्डे का सफेद हिस्सा तैलीय बालों को प्राकृतिक क्लीनजर का अदभुत कार्य करता है था इसके प्रोटिन तत्वों से शरीर को सुदृढ करने में प्रभाव मदद मिलती है। अंडे में सफेद हिससे को बालों को शैम्पू करने से आधा घण्टा पहला लगा लीजिए। बालों को पोषण प्रदान करने के लिए अण्डे के योक से खोपड़ी को हल्की-हल्की मालिश कीजिए तथा इसे आध घंटा तक रहने दीजिए तथा बाद में बालों को ताजे स्वच्छ पानी से धो डालिए। इससे बाल मुलायम हो जाते है। यदि आप दीवाली त्यौहार को यादगार बनाने के लिए घर में कड़ी मेहनत कर रही है तो आपको कुछ टिप्स कापफी मददगार साबित हो सकते है। त्यौहार में पहले आप नरव प्रसाध्न तथा पादचिकित्सा अवश्य कर लीजिए। वास्तव में हाथ तथा पांवों को गर्म पानी में डुबोने के बाद क्रीम से मसाज कर लीजिए ताकि त्वचा कोमल तथा मुलायम बन जाए। हाथों के सौंदर्य के लिए उन्हें चीनी तथा नींबू जूस से रगड़ लें। दीवाली त्यौहार से पहले वैक्सिंग तथा थ्रेडिंग की ओर भी हल्का सा ध्यान देना न भूले।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### सीओपी ने बहुपक्षवाद को मजबूत करने पर सहमत जताई

**ब्रासीलिया।** ब्राजील में आगामी 2025 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (सीओपी30) में भाग लेने वाले देशों के प्रतिनिधिमंडलों ने बहुपक्षवाद को मजबूत करने की आवश्यकता पर व्यापक रूप से सहमति व्यक्त की है। शिखर सम्मेलन के प्रभारी ब्राजील के वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। ब्राजील के विदेश मंत्रालय के जलवायु, ऊर्जा एवं पर्यावरण सचिव तथा सीओपी30 के अध्यक्ष आंद्रे कोर्रिया डो लागो ने ब्रासीलिया में आयोजित प्री-सीओपी30 बैठक के दौरान एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बहुपक्षवाद को सुदृढ़ करने की इच्छा पर स्पष्ट सहमति है और सभी ने इसका उल्लेख किया।

### वेनेजुएला में खदान ढहने से 14 की मौत

**काराकस।** दक्षिण-पूर्वी वेनेजुएला के बोलिवर राज्य में सोमवार को एक सोने की खदान ढहने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी मंगलवार को राष्ट्रीय जोखिम प्रबंधन प्रणाली ने दी। यह दुर्घटना रोसियो नगरपालि. का के एल कैलाओ शहर में हुई, जहां भारी बारिश के कारण बाढ़ आ गई जिससे खदान की संरचना कमज़ोर हो गई और वह ढह गई। अग्निशमन कर्मी और नागरिक सुरक्षा अधिकारी बाढ़ग्रस्त क्षेत्र से शवों को निकालने का काम कर रहे हैं।

### रूस आर्कान्जेस्क क्षेत्र में मिला 340 कैरेट का हीरा

**मॉस्को।** रूस के आर्कान्जेस्क क्षेत्र में एक भंडार से 340 कैरेट का एक उच्च गुणवत्ता वाला हीरा मिला है। स्थानीय गर्वनर अलेक्जेंडर त्सिबुल्स्की ने सोमवार को यह जानकारी दी। त्सिबुल्स्की ने कहा कि यह हीरा आधुनिक रूस में खोजे गए पांच सबसे बड़े हीरों में से एक है और यह स्थानीय वी. ग्रिब भंडार के औद्योगिक विकास के दौरान मिला। यह अब तक का सबसे बड़ा हीरा है। गवर्नर के अनुसार, यह रत्न न केवल अपने असाधारण आकार के लिए, बल्कि अपनी गुणवत्ता और बाजार के दामों के लिए भी खास है।

### वेनेजुएला का नार्वे दूतावास बंद करने का ऐलान

**काराकस।** वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना माचादो को 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार देने से नाराज सरकार ने नार्वे के दूतावास पर ताला लगा दिया है। वेनेजुएला में नोबेल समिति के फैसले की ही कधी आलोचना का ज्वार थम नहीं रहा है। लोग मानते हैं कि वह देश में सत्ता पलटने के लिए विदेशी सैन्य हस्तक्षेप की मांग करती रही हैं और स्वयं भी तख्तापलट के प्रयासों में भागीदार रही हैं। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने सुमाचादो को धुर दक्षिणपंथी नेता बताते हुए कहा कि वह देश में बाहरी हस्तक्षेप की मांग करती रही हैं।

# गाजा में इजरायल ने मचाई 13 एटम बमों जितनी तबाही

## मलबा हटाने में ही लगेंगे 15 साल, 105800 से अधिक इमारतें पूरी तरह ध्वस्त

**गाजा सिटी।** गाजा पट्टी आज एक भूगोल नहीं, बल्कि बारूद में झुलसे मानवीय त्रास का प्रतीक है। इजरायल ने गत दो वर्षों में करीब 2 लाख टन विस्फोटक बरसाए हैं। यह इतना बारूद है जो 13 परमाणु बमों के साझा असर के बराबर है। हमास की जिद का मूल्य गाजा को एक लाख से अधिक मौतों के रूप में चुकाना पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की नवीनतम अक्टूबर 2025 की रिपोर्ट रिकंस्ट्रक्शन इंडेक्स ऑफ गाजा के अनुसार, इस तबाही में 105800 से अधिक इमारतें पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी हैं और हर 10 में से 8 इमारतें खंडहर हैं।

गाजा मानव निवास के लिए अयोग्य क्षेत्र है। लगभग 90 प्रतिशत आबादी के घर या तो ढह गए हैं या रहने लायक नहीं बचे। 95 प्रतिशत से अधिक बहु मंजिला इमारतें जमींदोज हो चुकी हैं। यूएनडीपी और विश्व बैंक के साझा सर्वेक्षण कहता है, गाजा में अब 6 करोड़ टन से अधिक मलबा फैला है। यह मात्रा सीरिया के अलेप्पो युद्ध के दौरान हुए कुल विनाश से तीन गुना अधिक है। मलबा हटाने की अनुमानित लागत 24 अरब डॉलर (करीब 2 लाख करोड रुपये) है जो फलस्तीनी वार्षिक जीडीपी से 4 गुना है। इंजीनियरिंग परिषद के आकलन में कहा गया है कि मौजूदा संसाधनों के आधार पर सिर्फ मलबा हटाने में ही 12 से 15 साल लगेंगे और तब जाकर किसी नए निर्माण की शुरुआत संभव होगी। इसलिए गाजा का पुनर्निर्माण एक बड़ी चुनौती है। तबाही का सबसे भयावह पहलू मानव जीवन की हानि है। संयुक्त राष्ट्र मानवीय राहत एजेंसी, डब्ल्यूएचओ और यूएनआरडब्ल्यूए की अक्टूबर 2025 तक की समेकित रिपोर्टों के अनुसार गाजा में करीब 1.52 लाख लोग मारे जा चुके हैं। इनमें से 1.8 लाख मौतों की पुष्टि हुई है व 43 हजार से अधिक लोग मलबे में दबे या लापता हैं। घायलों की संख्या 3.72 लाख से अधिक है, जिनमें 60 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं-बच्चे हैं। मृतकों में 423 स्वास्थ्यकर्मी, 179 पत्रकार और 247 संयुक्त राष्ट्र राहतकर्मी हैं जो कर्तव्य निभाते हुए हमलों का शिकार बने। हमास की तरफ से इजरायल के 20 बंधकों को गाजा युद्धविराम के तहत रेड क्रास को सौंपते ही इजरायलियों में जश्न शुरू हो गया। पश्चिम एशिया समेत पूरी दुनिया को अस्थिर करने वाला दो साल से जारी विनाशकारी युद्ध खत्म होने से गाजा और इजरायल दोनों जगह लोगों ने उत्सव मनाया। लेकिन युद्धविराम और बंधकों की रिहाई संबंधी शांति योजना सिर्फ पहला कदम है। अगले कदमों पर प्रतिस्पर्धी मांगें बरकरार हैं। इस कारण युद्ध की वास्तविक समाप्ति पर अनिश्चितता है। इजरायली बंधकों को रिहा करते वक्त हमास ने कहा कि 1900 से अधिक फलस्तीनी कैदियों के बदले 20 जीवित बंधकों को रिहा किया जा रहा है।


हर 10 में से 8 इमारतें खंडहर

## सांसद कीर्तिवर्धन सिंह गाजा शांति शिखर सम्मेलन में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष प्रतिनिधि के रूप में उत्तर प्रदेश के गोंडा लोकसभा सीट से सांसद एवं विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने शर्म अल-शेख में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी की सह-मेजबानी में आयोजित गाजा शांति शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से मंगलवार को यह जानकारी दी। जायसवाल ने लिखा कि भारत ऐतिहासिक शांति समझौते पर हस्ताक्षर का स्वागत करता है और आशा करता है कि इससे क्षेत्र में स्थाई शांति स्थापित होगी।


चंडीगढ़। हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार के परिवार के सदस्यों से मिलते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

## ढाका में केमिकल गोदाम-कपड़ा फैक्टरी में भीषण आग, नौ लोगों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। मीरपुर इलाके के शियालबाड़ी में मंगलवार को एक रसायनिक (केमिकल) गोदाम और कपड़ा फैक्टरी में भीषण आग लगने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई है। वहीं कई अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हादसा अचानक हुआ और आग ने तेजी से पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटनास्थल से कई झुलसे हुए लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों के अनुसार, मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है क्योंकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। फायर सर्विस एंड सिविल डिफेंस के अधिकारी तल्हा बिन जसीम ने बताया कि आग रूपनगर इलाके में स्थित बांग्लादेश यूनिवर्सिटी ऑफ बिजनेस एंड टेक्नोलाजी (बीयूबीटी) के पास लगी। केमिकल गोदाम से शुरू हुई आग फैक्ट्री तक पहुंच गई। मामले में फायर सर्विस एंड सिविल डिफेंस के ऑपरेशन्स डायरेक्टर लेफ्टिनेंट कर्नल मोहम्मद ताजुल इस्लाम चौधरी ने जानकारी दी कि मृतकों के शव कपड़ा फैक्ट्री की दूसरी और तीसरी मंजिल से बरामद किए गए हैं।

## डेविड एडियांग दूसरे कार्यकाल के लिए नाउरू के राष्ट्रपति चुने गए

**सिडनी।** नाउरू में शनिवार को हुए राष्ट्रीय चुनावों के बाद वर्तमान राष्ट्रपति डेविड एडियांग दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति चुने गए है। नाउरू सरकार ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मंगलवार को माइक्रोनेशियाई राष्ट्र की 25वीं संसद के उद्घाटन सत्र के दौरान एडियांग को निर्विरोध राष्ट्रपति चुना गया। एडियांग अक्टूबर 2023 से नाउरू के राष्ट्रपति के रूप में सेवा दे रहे हैं और 2001 से संसद सदस्य हैं। वह शनिवार को हुए राष्ट्रीय चुनावों में 25वीं संसद में नाउरू के आठ बहु-सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुने गए 19 सांसदों में से एक हैं।

## दोस्तों को बचाकर खुद हमास के चुंगल में फंसा था बिपिन

**■ इजरायल को सौंपा गया बंधक बिपिन जोशी का शव**

**तेल अवीव।** इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम के बाद अब बंदियों की अदला-बदली का दौर शुरू हो चुका है। हमास ने 20 जीवित बंदियों को रिहा किया। इसी के साथ दूसरी तरफ हमास की सशस्त्र शाखा अल-कसम ब्रिगेड्स ने 4 मृत इजरायल बंधकों के नाम सार्वजनिक कर, उनके शव सौंप दिए हैं, जिनमें से एक हिंदू छात्र बिपिन जोशी का शव भी शामिल है, जिनकी मौत की पुष्टि कर दी गई है। हमास ने अपहृत बंदी बिपिन जोशी का शव दो साल से ज्यादा समय के बाद इजरायल को लौटा दिया गया है। 7 अक्टूबर 2023 के हमले के दौरान बिपिन जोशी को उनकी बहादुरी के लिए जाना जाता था। उन्होंने बड़ी बहादुरी के साथ उसके 4 दोस्तों को बचाया था। बिपिन जोशी, जो कि नेपाली छात्र थे, हमास के हमले के समय 22 वर्ष के थे और गाजा सीमा के पास किबुत्ज़ अलुमिम में एक कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए नेपाल से आए थे। माना जाता है कि वह गाजा में जीवित बचे एकमात्र गैर-इजरायली और हिंदू बंधक थे। सोमवार देर रात हमास ने उनका शव इजरायली अधिका. रियों को सौंप दिया।

## भारत में 3 कफ सिरप के खिलाफ WHO की चेतावनी

### इन सिरप से जान को खतरा, कोल्ड्रिफ भी शामिल, MP में इससे 25 बच्चों की मौत हुई

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत में तीन मिलावटी कफ सिरप को लेकर चेतावनी जारी की। इनमें श्रीसन फार्मास्यूटिकल की कोल्ड्रिफ, रेडनेक्स फार्मास्यूटिकल्स की रेस्पिफेश टीआर और शेप फार्मा की रीलाइफ की खेप शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि तीनों सिरप गंभीर जोखिम पैदा कर सकते हैं। ये जान के लिए खतरा पैदा करने वाली बीमारी का कारण भी बन सकते हैं।

डब्ल्यूएचओ ने दुनियाभर के देशों से कहा है कि अगर उनके यहां ये दवाओं मिल रही हैं तो हमें इसकी जानकारी दें। कोल्ड्रिफ वही सिरप है, जिससे मध्य प्रदेश में सितम्बर से अब तक 5 साल से कम उम्र के 25 बच्चों की मौत हुई है। सिरप में डाइएथिलीन ग्लाइकाल (डीईजी) की मात्रा तय सीमा से लगभग 500 गुना ज्यादा थी, जिससे बच्चों की जान गई। डब्ल्यूएचओ ने 9 अक्टूबर को भारत से पूछा था कि क्या कोल्ड्रिफ कफ सिरप विदेशों में भी निर्यात किया गया था। भारत में दवाओं की निगरानी करने वाली अथारिटी, सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल आर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) ने कहा था कि कोई भी मिलावटी दवा बाहर नहीं भेजी गई। न ही अवैध निर्यात का कोई सबूत मिला है। तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित फैक्ट्री से सोमवार रात अधिकारियों ने कोल्ड्रिफ के सैंपल जब्त किए। श्रीसन फार्मा का लाइसेंस रद्द, कंपनी भी बंद तमिलनाडु स्थित कांचीपु. रम में श्रीसन फार्मास्युटिकल कंपनी कोल्ड्रिफ सिरप बना रही थी। तमिलनाडु ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने श्रीसन फार्मा का लाइसेंस रद्द कर दिया और कंपनी को आधिकारिक रूप से हमेशा के लिए बंद कर दिया। कंपनी के मालिक रंगनाथन गोविंदन (75 साल) को 9 अक्टूबर को चेन्नई के कोडम्बक्कम स्थित उसके अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया गया था। मध्य प्रदेश पुलिस की एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (सीट) ने उसे पकड़ा था। उसे 10 दिन की पुलिस रिमांड (20 अक्टूबर तक) पर भेजा गया है। कोल्ड्रिफ में किडनी खराब करने वाला 48 प्रतिशत जहर एमपी में बच्चों की मौत के बाद श्रीसन फार्मा की यूनिट से कोल्ड्रिफ सिरप (बैच नंबर एसआर-13) जब्त की गई थी।



सिरप में डाइएथिलीन ग्लाइकाल की मात्रा तय सीमा से लगभग 500 गुना ज्यादा थी

## अफगानिस्तान के साथ दुश्मनी भरा माहौल

**■ पाक पाकिस्तानी रक्षामंत्री बोले: संघर्ष फिर से शुरू हो सकता है, दोनों देशों की सेनाएं अलर्ट पर**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने चेतावनी दी है कि अफगान के साथ दुश्मनी भरा माहौल है। इस्लामाबाद और काबुल में किसी भी वक्त संघर्ष शुरू हो सकता है। उन्होंने कहा कि फिलहाल दोनों देशों में कोई झड़प नहीं हो रही है, लेकिन दोनों देशों के बीच संबंध ठंड पड़ गए हैं। आसिफ ने आगे कहा संघर्ष की संभावना को नकारा नहीं जा सकता।

अगर अफगानिस्तान धमकी देता है, तो हमें तुरंत प्रतिक्रिया देने का अधिकार है। दरअसल 9 अक्टूबर को अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में तहरीक-ए- तालिबान पाक (टीटीपी) के ठिकानों पर हवाई हमले हुए थे। तालिबान का कहना था कि ये हमले पाकिस्तान ने किए थे। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने 11 अक्टूबर को देर रात पाकिस्तान की 25 सैन्य चौकियों पर हमला कर दिया था। बार्डर पर दोनों देशों की सेनाएं अलर्ट पर रहीं। इस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार और यात्रियों का आना-जाना बंद रहा। बार्डर बंद होने से सैकड़ों अफगान लोग पाकिस्तान में फंसे हुए हैं। वे अपने मुल्क नहीं लौट पा रहे हैं।

## यूएन महासभा में बोले भाजपा सांसद: पाकिस्तान उपदेश न दे

**न्यूयार्क।** भाजपा नेता और लोकसभा सांसद निशिकांत दुबे ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की आलोचना की। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में उसकी हार का हवाला दिया। पाकिस्तान पर बच्चों और आतंकवाद पर संयुक्त राष्ट्र के एजेंडे (सीएएसी) के गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाया।

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में बाल अधिकारों के संवर्धन और संरक्षण के एजेंडे पर एक सेशन को संबोधित कर रहे थे। निशिकांत ने कहा कि पाकिस्तान को खुद को आईने में देखना चाहिए, इस मंच पर उपद. ेश देना बंद करना चाहिए, अपनी सीमाओं के भीतर बच्चों की सुरक्षा के लिए कदम उठाना चाहिए और अपनी सीमाओं के पार महिलाओं और बच्चों को निशाना बनाना बंद करना चाहिए। निशिकांत ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और विकास के लिए बेहतर वातावरण बनाना राष्ट्रीय महत्व का विषय है। भारत के प्रयासों की सराहना करने के लिए हम विशेष प्रतिवे. दक का धन्यवाद करते हैं। उन्होंने भारत में चल रही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जैसी पहलों का उल्लेख किया। यह हेल्पलाइन खतरे में पड़े बच्चों को इमरजेंसी सर्विस प्रोवाइड करती है। हमारी उज्ज्वला योजना तस्करी और यौन शोषण से बच्चों के बचाव और पुनर्वास पर केंद्रित है। दुबे ने कहा कि दूसरी ओर, पाकिस्तान में बिल्कुल उलटा है। वह एक ऐसा देश है जो सीएएसी एजेंडे के सबसे गंभीर उल्लंघनकर्ताओं में से एक है।



**■ पहले आईने में चेहरा देखे, महिलाओं-बच्चों को निशाना बनाना बंद करे**

## भारत में एशिया का सबसे बड़ा डेटा सेंटर बनाएगा गूगल

**■ कंपनी अगले पांच वर्षों में भारत में 15 अरब डॉलर का निवेश करने जा रही: थामस कुरियन**

**नई दिल्ली।** टेक दिग्गज गूगल भारत में बड़ा निवेश करने जा रहा है। गूगल ने मंगलवार को घोषणा करते हुए कहा कि कंपनी अगले पांच वर्षों में भारत में 15 अरब डॉलर का निवेश करने जा रही है।

इस निवेश के तहत कंपनी आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में एक विशाल डेटा सेंटर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हब स्थापित करेगी। गूगल के मुताबिक, यह अमे. रिका के बाहर दुनिया का सबसे बड़ा एआई सेंटर होगा। गूगल क्लाउड के सीईओ थामस कुरियन ने दिल्ली में आयोजित समझौता कार्यक्रम के दौरान कहा कि यह हमारे लिए अमे. रिका के बाहर सबसे बड़ा एआई हब निवेश है। भारत अब ग्लोबल टेक हब बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और राज्य के आईटी मंत्री नारा लोकेश भी मौजूद रहे। यह समझौता आंध्र प्रदेश में तेजी से बढ़ती डिजिटल इकानमी को गति देने वाला माना जा रहा है।

## सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप का 11 वां टेस्ट कामयाब

### दूसरी बार आठ डमी सैटेलाइट अंतरिक्ष में छोड़े, स्टारशिप की हिंद महासागर में लैंडिंग

**टेक्सास।** दुनिया के सबसे ताकतवर राकेट स्टारशिप का 11वां टेस्ट कामयाब रहा। इसे मंगलवार (14 अक्टूबर) को सुबह 5:00 बजे टेक्सास के बोका चिका से लान्च किया गया। ये टेस्ट 1 घंटे 6 मिनट का था, जिसमें सुपर हैवी बूस्टर की अमेरिका की खाड़ी में वाटर लैंडिंग कराई गई।

वहीं स्टारशिप की हिंद महासागर में वाटर लैंडिंग कराई गई। इस फ्लाइट का मकसद भविष्य में राळकेट को उड़ान भरने वाली जगह पर वापस लाने से जुड़े टेस्ट करना था। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया है। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। ये पूरी तरह से रीयूजेबल है। स्टारशिप को भारतीय समय के अनुसार सुबह 5:00 बजे टेक्सास के बोका चिका से लान्च किया गया। फ्लाइट एक्सपेरिमेंट्स से नेक्स्ट-जनरेशन बूस्टर के लिए जरूरी जानकारी इकट्ठा की गई। व्हीकल के संवे. दनशील हिस्से को टेस्ट करने के लिए वहां से कुछ टाइल्स हटा दी गई थीं। बूस्टर के लैंडिंग बर्न के दौरान एक खास इंजन कॉन्फिगरेशन का प्रदर्शन किया गया। लैंडिंग के अंतिम चरण में तीन सेंटर इंजनों में से एक को जानबूझकर बंद किया गया, ताकि यह जांचा जा सके कि मिडिल रिंग का बैकअप इंजन लैंडिंग को पूरा कर सकता है या नहीं। मिशन में आठ डमी सैटेलाइट अंतरिक्ष में छोड़ी गई। अंतरिक्ष में एक रैप्टर इंजन को दोबारा चालू करने का टेस्ट भी किया गया, जो कामयाब रहा। स्टारशिप के सुपर हेवी बूस्टर की अमे. रिका की खाड़ी में वाटर लैंडिंग कराई गई। स्टारशिप का 10वां टेस्ट 27 अगस्त को किया गया था, जो कामयाब रहा था। राकेट को सुबह 5:00 बजे टेक्सास के बोका चिका से लान्च किया गया। ये टेस्ट 1 घंटे 6 मिनट का था। इस मिशन में स्टारलिंक सिम्युलेटर सैटेलाइट को अंतरिक्ष में छोड़ने से लेकर इंजन चालू करने जैसे सभी आब्जेक्टिव पूरे हुए। स्टारलिंक सिम्युलेटर सैटेलाइट असली स्टारलिंक सैटेलाइट्स के डमी हैं। इनका इस्तेमाल स्टारशिप की सैटेलाइट डिप्लायमेंट क्षमता को परखने के लिए किया जाता है।



**■ दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया**

## मंगोलिया के नागरिकों को मिलेगा नि:शुल्क ई-वीजा

**■ भारत मंगोलिया के विकास में मजबूत और विश्वसनीय साझेदार: मोदी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को मंगोलिया के विकास में मजबूत और विश्वसनीय साझेदार बताते हुए दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष पूरे होने के मौके पर मंगो. लिया के नागरिकों के लिए निशुल्क ई-वीजा की घोषणा की और कहा कि दोनों के बीच आध्यात्मिक संबंधों तथा परंपराओं को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

मोदी ने भारत की यात्रा पर आए मंगोलिया के राष्ट्रपति हुरेलसुख उखना के साथ यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में कहा कि भारत मंगो. लिया के विकास में एक दृढ़ और विश्वसनीय साझेदार रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति हुरेलसुख की यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब भारत और मंगोलिया के बीच राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष और रणनीतिक भागीदारी के 10 वर्ष पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर दोनों देशों ने संयुक्त डाक टिकट भी जारी किया जो साझा विरासत, विविधता और गहरे सत्यतागत संबंधों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि छह वर्ष के बाद मंगोलिया के राष्ट्रपति का भारत आना अपने आप में एक विशेष अवसर है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर महत्वपूर्ण निर्णय की घोषणा करते हुए कहा कि भारत मंगोलिया के नागरिकों को निष्शुल्क ई-वीजा देगा और हर वर्ष मंगोलिया से युवा 'कल्चरल एम्बेसडर्स' की भारत यात्रा की भी व्यवस्था करेगा।

